सूर्योदय प्रातः 6:26 | सूर्यास्त संध्या 5:40 | पखवाड़ा माघ शु. दशमी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 12°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 07 फरवरी 2025, वर्ष : 15, अंक : 353, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter

शेयर बाजार



सेंसेक्स	78,058.16	-213.12 (-0.27%)
निफ्टी	23,603.35	-92.95 (-0.39%)

सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

सोना (24 carat)	86,210.00
चांदी	1070.00

दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट-2025 में मुख्यमंत्री ने निवेशकों/उद्यमियों को दिया भरोसा ; कहा...

सरकार झारखंड में उद्यम लगानेवालों को हरसम्भव सहयोग करेगी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची/कोलकाता : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रयासों का परिणाम है कि झारखंड 'इन्वेस्टर्स हब' बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस सिलसिले में उद्यमियों/ निवेशकों द्वारा झारखंड में 26 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इस निवेश से 15 हजार से ज्यादा रोजगार सृजित होगा। विदित हो कि निवेश का प्रस्ताव दे चुके इन निवेशकों ने बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में शुरू हुए दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट - 2025 के तहत आयोजित ९एडवांटेज झारखंड९ में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उद्यम स्थापित करने की योजना की विस्तार से जानकारी दी। विदित हो कि इन निवेशकों में से कई ने नये उद्यम लगाने तो कुछ उद्यमियों ने यहां पहले से स्थापित अपने उद्योगों के विस्तार के प्लान से मुख्यमंत्री ● शेष पृष्ठ 11 पर

- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के प्रयासों का नतीजा है कि उद्यमियों/ निवेशकों द्वारा झारखंड में 26 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है, इस निवेश से 15 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट- 2025 के तहत आयोजित 'एडवांटेज झारखंड 'कार्यक्रम में निवेश का प्रस्ताव दे चुके निवेशकों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उद्यम स्थापित करने की योजना की विस्तार से दी जानकारी

सीएम ने कहा

- राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से बढ़ रहे हैं आगे
- निवेशकों के निवेश से जुड़े इश्यूज का होगा समाधान
- सभी के सहयोग से झारखंड में विकास को दे रहे हैं गति

एक झलक

प. बंगाल को मिले 4.40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

कोलकाता : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को बताया कि दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) के दौरान राज्य को 4.40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। विभिन्न क्षेत्रों में कुल 212 समझौता ज्ञापन (एमओयू) और आशय पत्र (एलओआई) पर हस्ताक्षर किये गये हैं, जो राज्य की निवेश क्षमता को दशार्ते हैं। दो दिवसीय सम्मेलन के आखिरी दिन मंच पर सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 4.40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनसे पश्चिम बंगाल में हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उल्लेखनीय है कि बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) पश्चिम बंगाल सरकार का प्रमुख आयोजन है, जिसका उद्देश्य नीति निमार्ताओं, कॉरपोरेट नेताओं, उद्यमियों, शिक्षाविदों और थिंक-टैंकों को एक मंच पर लाना है।

भूटान आर्मी चीफ ने किया पूर्वी कमान मुख्यालय का दौरा

कोलकाता : रॉयल भूटान आर्मी के चीफ ऑपरेशंस ऑफिसर (सीओओ) लेफ्टिनेंट जनरल बाटू शेरिंग वेस्ट बंगाल के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने कोलकाता स्थित विजय दुर्ग में भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान पूर्वी कमान मुख्यालय के विजय स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित कर भारतीय सेना के वीर जवानों को नमन किया। साथ ही, भारतीय सेना की दृढ़ता, समर्पण और पेशेवर क्षमता की सराहना की। रायल भूटान के आर्मी चीफ पांच फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर कोलकाता आये हैं। इस दौरान उन्होंने भारत की पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राम चंदर तिवारी से मुलाकात की।

दिल्ली विधानसभा चुनाव

कल सुबह आठ बजे से होगी मतगणना

नयी दिल्ली : दिल्ली विधानसभा चुनाव की मतगणना शनिवार को सुबह आठ बजे शुरू होगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना के लिए उम्मीदवारों और उनके एजेंटों के दस्तावेजों की जांच पूरी हो गई है। इस बार किसी भी विधानसभा क्षेत्र में पुनर्मतदान की जरूरत नहीं है। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने गुरुवार को बताया कि सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग अधिकारियों ने सामान्य पर्यवेक्षकों, उम्मीदवारों और उनके एजेंटों की उपस्थिति में चुनाव दस्तावेजों की जांच पूरी कर ली गई है।

अंदर के पन्नों पर

3 डीसी ने की महाशिवरात्रि त्योहार के सफल...

5 जेपी हॉस्पिटल का बेहतर चिकित्सा सुविधाएं...

7 शिक्षा क्षेत्र में संत के रूप में जाने जाते हैं महात्मा...

9 नीतीश ने शेखपुरा जिले को दी 133 करोड़ रुपये...

10 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड महिला हॉकी टीम...

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का प्रधानमंत्री ने दिया जवाब

कांग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में कांग्रेस पर परिवारवाद, तुष्टीकरण की राजनीति, जाति, संविधान, भ्रष्टाचार और लाइसेंसराज को लेकर जम कर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्ववाली केन्द्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर काम कर रही है।

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण भविष्य का मार्गदर्शक है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर वोट हासिल करने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 'सबका साथ सबका विकास' हम सभी का दायित्व है, लेकिन कांग्रेस से इसकी उम्मीद करना बड़ी भूल है। पूरी पार्टी सिर्फ.एक परिवार के लिए समर्पित है और इसलिए उसके लिए 'सबका साथ, सबका विकास' के आदर्श वाक्य के साथ काम करना असम्भव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति का मंत्र हमेशा दूसरे की लकीर छोटी करना रहा। इसके कारण उन्होंने सरकारों को अस्थिर किया। किसी भी राजनीतिक दल की सरकार कहीं बनी, तो उसे अस्थिर कर दिया। उन्होंने जो यह रास्ता चुना है, उसके चलते लोकसभा चुनाव के बाद उनके साथ जो थे, वे भी भाग रहे हैं।



लाइसेंस राज को कांग्रेस की पहचान बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शासन में लाइसेंस परमिट राज ने भारत की प्रगति को नुकसान पहुंचाया, रिश्वतखोरी बड़े पैमाने पर थी। कांग्रेस के एक पूर्व वित्त मंत्री ● शेष पृष्ठ 11 पर

- वोट हासिल करने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति करती है कांग्रेस
- कांग्रेस शासन में लाइसेंस परमिट राज ने भारत की प्रगति को पहुंचाया नुकसान
- कांग्रेस सरकार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाया निशाना
- केन्द्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' के सिद्धांत पर कर रही है काम

प्रधानमंत्री 10 को देशभर के छात्रों से करेंगे 'परीक्षा पे चर्चा'

खेल, फिल्म और अध्यात्म जगत की हस्तियां भी छात्रों का करेंगी मार्गदर्शन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को सुबह 11 बजे 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) के आठवें संस्करण में देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा की तैयारी, तनाव प्रबंधन और व्यक्तिगत विकास पर जानकारी देंगे। इस बार 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम नये अंदाज में होगा। प्रधानमंत्री के साथ खेल, फिल्म और अध्यात्म जगत की प्रमुख हस्तियां भी छात्रों का मार्गदर्शन करेंगी। इनमें एमसी मैरी कॉम, अवनी लेखरा, दीपिका पादुकोण, विक्रांत मैसी, भूमि पेडनेकर और सद्गुरु जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं।

शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इस वर्ष प्रत्येक राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश से 36 छात्रों का चयन किया गया है, जो राज्य एवं केन्द्रशासित प्रदेश बोर्ड सरकारी स्कूलों, केन्द्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, ● शेष पृष्ठ 11 पर

अमेरिका से भारतीयों को वापस भेजने के तरीके के विरोध में विपक्ष का संसद परिसर में प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली : अमेरिका से 104 भारतीयों को 'अमानवीय' तरीके से निर्वासित करने के विरोध में विपक्षी सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के दौरान कई सांसदों ने हाथों में हथकड़ियां पहन रखी थीं और तख्तियां थाम रखी थीं, जिन पर कई तरह के स्लोगन लिखे हुए थे।

इस मौके पर कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम, इंडिया गठबंधन (आईएनडीआईए) के दल भारतीय नागरिकों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। मोदी सरकार को निर्वासन पर एक विस्तृत बयान जारी करके बताना चाहिए कि हमने भारतीयों को सम्मान और गरिमा के साथ वापस लाने के लिए अपने स्वयं के विमान क्यों नहीं भेजे, बजाय इसके कि हमारी धरती पर एक सैन्य विमान उतरे।

राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिका ने सैन्य विमान से बेड़ियों में बांध कर भारतीय नागरिकों को वापस भेजा, जो हर भारतीय और भारत का अपमान है। वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि बहुत बात की गयी थी कि मोदी और ट्रम्प बहुत अच्छे मित्र हैं, फिर मोदी जी ने ऐसा क्यों होने दिया? क्या इंसानों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है कि उनको हथकड़ियां और बेड़ियां पहना कर भेजा जाये? ये कोई तरीका है...प्रधानमंत्री को जवाब देना चाहिए।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो लोग भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना दिखा रहे थे, वे अब चुप क्यों हैं? भारतीय नागरिकों को गुलामों की तरह हथकड़ी लगा कर और अमानवीय परिस्थितियों में भारत भेजा जा रहा है।

छत्तीसगढ़ में पांच नक्सली गिरफ्तार

कांकेर : छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र से पांच नक्सलियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का दावा है कि पकड़े गयै नक्सली कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम हेटारकसा के पास गत 15 दिसंबर 2024 को हुए आईईडी विस्फोट की वारदात में शामिल थे। कांकेर जिला पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलसेला ने बताया कि जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत सुरक्षाबल गुरुवार को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर जिले के कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम हेटारकसा, मर्राम, गोंदूल, आलपरस पहाड़ी जंगल की ओर सर्चिंग अभियान पर निकले थे।

जैन मुनियों ने सभी लोगों को एक करने का काम किया : अमित शाह

एजेंसी

रायपुर : केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ चंद्रगिरी में कहा कि सभी लोगों को एक करने का काम जैन मुनियों ने किया है।आचार्य जी का जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा वित्त मंत्री ओपी चौधरी, जैन आचार्य और मुनि सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद हैं। शाह राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ चंद्रगिरी में आयोजित 'प्रथम समाधि स्मृति महोत्सव (विनयांजलि समारोह) को सम्बोधित कर रहे थे।

गृहमंत्री शाह ने आचार्य विद्यासागर महाराज की समाधि स्थल पर पहुंच कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि सभी लोगों को एक करने का काम जैन मुनियों ने किया है। आचार्य जी का जीवन धर्म, संस्कृति और राष्ट्र को समर्पित है। महान संत को मैं प्रणाम करने आया हूं, उनके लिखे मूकमाटी महाकाव्य में अनेक लोगों ने पीएचडी की है।

सरकार विदेशों में भारतीय छात्रों के कल्याण पर सावधानीपूर्वक नजर रखती है : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली : विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि सरकार विदेशों में पढ़नेवाले छात्रों के कल्याण पर सावधानीपूर्वक नजर रखती है। किसी तनाव या हिंसा प्रभावित क्षेत्र में किसी भी आपात स्थिति के लिए सरकार हमेशा एक योजना बना कर रखती है।

प्रश्नकाल के दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि हम उनके कल्याण पर भी सावधानीपूर्वक नजर रखते हैं। जब भी किसी तनाव या हिंसा की आशंका की स्थिति होती है, उस समय हम छात्रों को सचेत करते हैं। जब भी हमें उड़ाने संचालित करने या उन्हें बचाने जैसे कोई और कदम उठाने की जरूरत होती है, तो हम तैयार रहते हैं, हमारे पास हमेशा ऐसे अवसरों के लिए आकस्मिक योजनाएं होती हैं। एक पूरक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्री ने बताया कि विदेशों में पढ़ने के लिए जो छात्र जाते हैं, वे उन संस्थानों की वेवसाइट के माध्यम से उनकी गुणवत्ता तथा अन्य मामलों की जानकारी जुटाते हैं। उसके बाद ही वह वहां जाते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि सभी दूतावासों और राजदूतों को विशेष ध्यान रखने और छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

डीएमके छात्र शाखा का प्रदर्शन राहुल व अखिलेश हुए शामिल

नयी दिल्ली : विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों के खिलाफ गुरुवार को द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) की छात्र शाखा ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और डीएमके के सांसदों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा इंडी गठबंधन के राजनीतिक दलों के नेता भी शामिल हुए। इस मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में इस बात पर एक राय है कि हर एक राज्य, हर इतिहास, हर भाषा और हर परम्परा का सम्मान किया जाना चाहिए।

बेकाबू रोडवेज बस कार से टकरायी, आठ की मौत

एजेंसी

जयपुर : राजस्थान के जयपुर में दूदू क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गयी। जबकि, हादसे में छह लोग घायल हो गये। यह हादसा उस वक्त हुआ, जब दोपहर करीब 3:45 बजे जयपुर-अजमेर हाईवे पर मौखमपुरा के पास राजस्थान रोडवेज की बस टायर फटने के कारण अनियंत्रित होकर एक ईको कार से टकरा गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार किसी की जान नहीं बच सकी।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि रोडवेज बस जयपुर से अजमेर की ओर जा रही थी, जबकि ईको कार अजमेर से जयपुर आ रही थी। इस दौरान मौखमपुरा के पास बस का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार कर दूसरी तरफ से आ रही कार से जा टकरायी।

देश के ग्रामीण, सुदूर व पहाड़ी क्षेत्रों की बस्तियों में दूरसंचार कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस : सिंधिया

एजेंसी

नयी दिल्ली : दूरसंचार विभाग द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण के तहत देशभर में कुल 2,595 पीवीटीजी गांवों को बढ़ी हुई दूरसंचार कनेक्टिविटी के लिए चिह्नित किया गया है। इन क्षेत्रों में कुल 1,716 नये टावर लगाये जाने हैं, जिनमें से 519 टावर शुरूआती छह महीने के भीतर लगा लिये गये हैं।

संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने गुरुवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह जानकारी दी। ९पीवीटीजी बस्तियों में दूरसंचार कनेक्टिविटी९ सम्बन्धी प्रश्न को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि इन प्रयासों का उद्देश्य ग्रामीण, दूरदराज और पहाड़ी क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं की पहुंच में सुधार करना है, जिसमें विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी), आदिवासी बस्तियों और यहां तक कि टोलों और मजरों जैसी छोटी बस्तियों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जुलाई 2024 में जनजातीय मामलों के मंत्रालय के अनुरोध के बाद किये गये सर्वेक्षण में इन गांवों की पहचान मोबाइल टावर लगाने की सख्त जरूरत वाले क्षेत्रों के रूप में की गयी है। इसमें 15 राज्य शामिल होंगे और व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाएं शामिल होंगी। उन्होंने जानकारी दी कि 2,595 चिह्नित गांवों में से 901 गांवों को पहले ही मोबाइल से कवर किया जा चुका है, जिसके लिए 1,716 टावरों में से 519 को केवल छह महीने के रिकॉर्ड समय के भीतर स्थापित किया गया है, जो परियोजना में 35% पूर्णता दर को दर्शाता है।

मंत्री ने बताया कि नवम्बर 2023 में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करने के लिए 24,104 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री जनमन के अंतर्गत डीबीएन वित्तपोषित योजनाओं के माध्यम से दूरसंचार विभाग द्वारा पीवीटीजी. गांवों या बस्तियों को मोबाइल कवरेज प्रदान करने का प्रावधान शामिल किया गया है। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने दूरसंचार विभाग के साथ उन गांवों तथा बस्तियों की सूची साझा की है, जहां मोबाइल सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं।

झारखंड में पीवीटीजी बस्तियों और ग्रामीण क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए विशेष परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि 2471 बस्तियों के लिए कुल 1,987 टावरों की पहचान की गयी है। उन्होंने आदिवासी और वामपंथी प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना जैसी पहल ग्रामीण आदिवासी बहुल क्षेत्रों में कनेक्टिविटी और समग्र विकास को बेहतर बनाने के लिए बनायी गयी हैं।

सिंधिया ने दोहराया कि मोदी सरकार आदिवासी और दूरदराज के क्षेत्रों के समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें दूरसंचार बुनियादी ढांचा इस बड़े विकासात्मक दृष्टिकोण का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय मंत्री ने डिजिटल भारत निधि निधि के बारे में एक लिखित उत्तर भी प्रस्तुत किया।

- 2,595 चिह्नित निजी क्षेत्र की बस्तियों में से 901 में उपलब्ध करा दिया गया मोबाइल कवरेज
- 1,716 मोबाइल टावरों में से 519 टावर मात्र छह महीने के रिकार्ड समय में लगाये गये

एक झलक

नये थाना प्रभारी से समिति के पदाधिकारियों ने की भेंट

बेड़ो : केंद्रीय पड़हा संचालन समिति बारीडीह के पदाधिकारियों व सदस्यों ने गुरुवार को बेड़ो के नये थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान से शिष्टाचार मुलाकात करते हुए बुके देकर सम्मानित किया। मौके पर समिति के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी से बारीडीह डावर्सन पुल के पास बेड़ो से पुल के अंदर घुसने से पहले एक डायवर्सन एवं बारीडीह से बेड़ो आने के क्रम में पुल के अंदर घुसने से पहले एक डायवर्सन आर के डी कंपनी को बोलकर बनवा देने की मांग भी किया। वहीं मौके पर पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव, सचिव धनंजय कुमार राय व सदस्यों में पंचम उरांव,कोरेश मिरदाहा,कृष्ण उरांव,बबलू उरांव व मोहन उरांव आदि मौजूद थे।

29 एकड़ में लगी अफीम खेती फसल को पुलिस ने किया नष्ट

बूंडू : बुंडू थानान्तर्गत गीतिलडीह गांव के वन क्षेत्र में अवैध रूप से लगे 29 एकड़ अफीम खेती फसल के पौधे को पुलिस टीम ने ट्रैक्टर चलाकर नष्ट किया। बुंडू के थानेदार इंस्पेक्टर रामकुमार वर्मा ने बताया पुलिस को गुप्त रूप से सूचना मिली थी कि गीतिलडीह गांव के वन क्षेत्र में कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से अफीम खेती 29 एकड़ में किए थे। इसआधार पर छापामारी अभियान चलाकर पुलिस के जवानों की टीम के साथ अवैध रूप से लगे 29 एकड़ अफीम के पौधे को नष्ट किया गया।

सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

रामगढ़ : बरकाकाना ओपी क्षेत्र के अंतर्गत रामगढ़ पतरातु फोर लाइन पर बुधवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज की दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सीआईसी बस्ती रामविलास करमाली टोला निवासी रामविलास करमाली उम्र लगभग 50 वर्ष रामगढ़ की ओर से साइकिल पर अपने घर लौट रहे थे। इस क्रम में बुध बाजार के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर भाग निकला जबकि रामविलास करमाली गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना पर पहुंची बरकाकाना पुलिस ने आनन-फानन में उन्हें रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा। जहां इलाज के क्रम में देर रात उनकी मौत हो गई। इस हादसे से करमाली टोला में शोक का माहौल है, मृतक रामगढ़ एक प्रतिष्ठान में निजी सुरक्षा कर्मी के रूप में कार्यरत थे। वह अपने पीछे पत्नी एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया । वहीं गुरुवार की शाम दामोदर नदी घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

एला एंगलाइज विद्यालय में 12वीं के विद्यार्थियों को दी विदाई

भुरकुंडा : एला एंगलाइज विद्यालय में गुरुवार को कक्षा बारहवीं के विज्ञान और वाणिज्य धारा के छात्रों के लिए एक भव्य विदाभिनंदन सह आशीर्वाचन समारोह का आयोजन किया गया।समारोह की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार के आशीर्वचन से हुई। उन्होंने छात्रों को उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए सराहा और उन्हें जीवन के अगले अध्याय के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य छात्रों को ज्ञान और कौशल प्रदान करना है, ताकि वे जीवन में आगे बढ़ सकें और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें छात्रों ने गीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से अपने अनुभवों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की तरफ से छात्रों को प्रमाण पत्र और उपहार दिए गए। मौके पर विद्यालय सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, निदेशक विक्रांत कुमार, अंजू पटेल, धर्मेश सोनी, जय किशोर प्रसाद महतो, वैभव कुमार, राजन कुमार, अजीत शर्मा, कंचन दास,सूरज देव सिंह, कंचन सोनी, कुमार विश्वकसेन, कृष्ण अम्बष्ठा, अजीत कुमार सिन्हा, गौरव कुमार साहू, अनुराग मद्धेशिया, मिथलेश बेदिया, सुजय कुमार, सोनी कुमारी, चंचला कुमारी, सुमन खालखो, नीतू सिंह, बबीता सिंह, शबाना खातून, ललिता कुमारी, गीता प्रसाद, सीमा हेंब्रम, सरिता कुमारी, प्रियंका पटेल, वर्षा टेटे, ट्विंकल पॉल,शबनम खातून, सपना मिंज, शीला देवी, पूजा कुमारी सहित कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

वाटर शेड यात्रा को सफल बनायें, ग्रामीणों को करें जागरुक : डीडीसी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

खूंटी : केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित जलछाजन विकास अवयव-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत परियोजना क्षेत्र में पांच फरवरी से शुरू हुई वाटरशेड यात्रा के सफल क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को खूंटी समाहरणालय के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने की। बैठक के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे रनिया प्रखंड के परियोजना क्षेत्र में जल संरक्षण, जल पुनर्भरण और सतत कृषि विकास को बढ़ावा दिया जा सके। वाटरशेड यात्रा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदायों में जल प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ाना तथा योजना के प्रभावी कार्यान्वयन में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, संबंधित विभागों के प्रतिनिधि, अभियान से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान योजना के लक्ष्यों, क्रियान्वयन रणनीति और विभिन्न चरणों की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के तहत सभी गतिविधियों का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जल संरक्षण और कृषि विकास के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

गिद्दी में सात दिवसीय भागवत कथा कलश विसर्जन के साथ सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : गिद्दी 'ए' दुर्गा मंडप में आयोजित सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा गुरुवार को कलश विसर्जन के साथ संपन्न हुई। कलश विसर्जन यात्रा दुर्गा मंडप से शुरू हुई और दामोदर नदी पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश का विसर्जन किया गया। कलश विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे शामिल रहे। वहीं मंडप के समक्ष भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। बताते चले कि गिद्दी ए दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में 29 जनवरी से पांच फरवरी तक श्री मद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। जिसमे वृन्दावन से आए कथावाचक पंडित कुंज बिहारी शुक्ला सहित उनके साथ आए आचार्यों ने पाठ किया। आयोजन को सफल बनाने में पूजा समिति के सचिव रणधीर सिंह, प्रवीण सिंह, गिरिजा सिंह, विजय प्रसाद, राज वल्लभ सिंह, दिलीप सिंह, सुभाष विश्वकर्मा, उपेंद्र सिंह, बबलू सिंह, सत्येंद्र सिंह, संजय शर्मा, रविंद्र सिंह, रमेश राजभर, बसंत रवानी, मोहित कुमार गुप्ता, रोहन पाण्डेय, मोहन गोस्वामी, सुनील दुबे, चंदन सिंह सहित अन्य ने सराहनीय योगदान दिया।

दस दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : दस दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का आयोजन शुक्रवार से आरंभ हो रहा है। सात से 17 फरवरी तक मोरहाबादी मैदान में चलनेवाले ट्रेड फेयर में आठ अंतर्राष्ट्रीय देश और झारखंड समेत 15 राज्य शामिल हो रहे हैं। ट्रेड फेयर की तैयारियों को लेकर गुरुवार को चैंबर भवन में झारखण्ड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के जरिये संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। मौके पर चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि ट्रेड फेयर में रियल एस्टेट, होम एंड डेकॉर, फाइनेंस, लाइफस्टाइल, फर्नीचर एंड इंटीरियर, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रोसेस्ड फूड, हेल्थकेयर, हैंडीक्राफ्ट्स समेत 35 हजार से अधिक प्रोडक्ट्स की प्रदर्शनी लगायी जायेगी। प्रोजेक्ट चेयरमेन अमित शर्मा और शैलेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रेड फेयर का विधिवत उद्घाटन 8 फरवरी को शाम 4 बजे होगा। ट्रेड फेयर स्थल पर रोजाना नई-नई एक्टिविटी की जायेगी। स्टैंडअप कॉमेडी, कवि सम्मेलन, डॉग शो, आईआईएम द्वारा ड्रम सर्किल का आयोजन, फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन, निःशक्त बच्चों के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। ट्रेड फेयर के माध्यम से स्टार्टअप्स को भी प्रमोट करने की कोशिश की गई है, जिस क्रम में न्यूनतम दर पर स्टॉल्स उपलब्ध कराये गये हैं। मेला परिसर में प्रत्येक दिन आगंतुकों का आगमन होगा। राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल्स के रूप में ट्रेड फेयर को सफल बनाने में सहयोग करने के लिए उपाध्यक्ष राहुल साबू और ज्योति कुमारी ने संयुक्त रूप से राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। सह सचिव नवजोत अलंग ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय देशों के स्टॉल्स की सहभागिता से यह ट्रेड फेयर लगातार लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने शहरवासियों से अपने परिवार और मित्रों के साथ अधिकाधिक संख्या में ट्रेड फेयर में शामिल होने की अपील की। जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के अमिताभ घोष और अचिंत्य घोराई ने बताया कि रोजाना सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक ट्रेड फेयर चलेगा, जिसका प्रवेश शुल्क 30 रुपये निर्धारित किया गया है।

अफीम की खेती के विरुद्ध जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन

बुंडू : अफीम की खेती का रोक थाम एवं लोगों में जागरूकता लाने के लिए बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश के सहयोग से छोटा नागपुर कला केंद्र ओरमांझी के कलाकारों द्वारा गुरुवार को बुंडू प्रखंड के मौसी बाड़ी झारखंड बाजार एवं दशम फॉल में नुक्कड़ नाटक किया गया। नुक्कड़ नाटक में अफीम के दुष्परिणामों को दर्शाया गया। नुक्कड़ नाटक मेघनाथ महतो की नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश ने कहा कि जो भी व्यक्ति लालच में आकर अपने खेतों में अफीम की खेती किए हैं वह खुद से नष्ट कर दे अन्यथा उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बुंडू महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा ने कहा कि अफीम की खेती से आपके बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। अगर समय रहते आप नहीं संभलते है तो इसका परिणाम बहुत ही भयावह होगी। अफीम के दुष्परिणामों को अगर देखना है तो बड़े-बड़े शहरों में जाकर देखें कि कितने लोगों की घर उजड़ गई है। अफीम की खेती करने वाले को 20 साल तक की जेल या आजीवन कारावास हो सकती है।

श्री अग्रसेन स्कूल में स्वर कोकिला लता मंगेशकर को दी गयी संगीतमय श्रद्धांजलि

लता के गीत उनके होने का एहसास दिलाते हैं : प्रवीण राजगढ़िया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को गायिका लता मंगेशकर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्पेशल असेंबली का आयोजन हुआ। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, निदेशक एकाडमिक एसके चौधरी, शिक्षकों और बच्चों ने लता मंगेशकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्पेशल असेंबली में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने लता मंगेशकर के विभिन्न गीतों के मुखड़े की संगीतमय प्रस्तुति करते हुए उनके संगीतमय सफर को याद किया। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने उनकी जीवनी पर कहा कि भारत रत्न एवं दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित लता मंगेशकर ने केवल 13 साल की उम्र से ही गीत गाना शुरू कर दिया था। दर्जनों भाषाओं में उन्होंने हजारों गीत गाये है। उनके गाये गीत हर पीढ़ी को आज भी पसंद है। निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने सुरों की जादूगर लता मंगेशकर की उपलब्धियों पर कहा कि कोई ऐसे ही लता मंगेशकर नहीं बन जाता है। लता जी ने गीत-संगीत के क्षेत्र में काफी तपस्या की। जिसका परिणाम रहा कि उन्हें अनेकों पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनके विरोधी भी उनकी गायिकी में कमियां नहीं निकाल पाते थे। लता जी को स्वर कोकिला की उपाधि से नवाजा गया। अपने कैरियर में उन्होंने 20 भाषाओं में 40 हजार से अधिक गाने गाए। जिस भी दौर में भारतीय फिल्म-संगीत के इतिहास पर चर्चा होगी, उसमें लता मंगेशकर का नाम शीर्ष पर होगा। इस महान गायिका की आवाज के कारण ही हिंदी फिल्मों के गाने खास बन सके। लता जी के गाये गीत मेरी आवाज ही मेरी पहचान है...हमेशा संगीत की दुनिया में उनके होने का एहसास दिलाती रहेगी।आयोजन को सफल बनाने में साधना सिन्हा, रितिका, मम्पी पाल का योगदान रहा।

बीआरसी अनगड़ा में गुरु गोष्ठी का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : बीआरसी अनगड़ा में गुरूवार को गुरु गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक रांची बादल राज थे। बादल राज ने प्रखंड के शिक्षकों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने बेहतर कार्य करने वाले अनगड़ा प्रखंड के तीन शिक्षकों उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेसातू के महेश्वर मुण्डा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंगारी की शांति मंजेला तिर्की, उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवटोली के आशाराम मुण्डा को सम्मानित किया। साथ ही 8वीं प्री बोर्ड परीक्षा में प्रखंड टापर मध्य विद्यालय ईद की छात्रा प्रियंका कुमारी, चतरा की पूनम कुमारी, चिलदाग का पीयूष कुमार गंझू, मासू की कृतिका कुमारी को भी सम्मानित किया। बादल राज ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना किए। बोले किसी भी समाज की पहचान उसके बेसिक शिक्षा से होती है। हमारा दायित्व है हम बेहतर से बेहतर संस्कार युक्त शिक्षा बच्चों को दें। संचालन शिक्षक गोर्वधन महतो ने किया। इस अवसर पर अनगड़ा निकासी व व्ययन पदाधिकारी इम्तियाज अहमद, हरेकृष्ण चौधरी, अनूप केशरी, भीम सिंह मुण्डा, प्रेमचंद बेदिया, शैलेश सिंह, आनन्द साहू, कुमुदिनी तीडू, बीपीओ पंकज तिर्की, कमला एक्का, बीआरपी उमेश शर्मा सहित सभी स्कूलों के प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

महाकुम्भ प्रयागराज के लिए ओरमांझी से जत्था रवाना

- कुम्भ के दौरान त्रिवेणी संगम में स्नान करने से पिछले सारे पाप धुल जाते हैं : संतोष गुप्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

ओरमांझी : महाकुंभ प्रयागराज के लिए गुरुवार को ओरमांझी प्रखण्ड क्षेत्र के काली मंदिर से भाजपा ओबीसी मोर्चा के कोषाध्यक्ष सह उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एक जत्था रवाना हुआ। प्रयागराज जाने वालों में ओरमांझी चौक के काली मन्दिर से नितिन गुप्ता, विनय गुप्ता, शिव शंकर गुप्ता, तरुण गुप्ता, पुष्पांजलि देवी, रेखा देवी, किरण देवी, बीना देवी, अनिता कुमारी, खुशबू देवी आदि लोग शामिल हैं। उप मुखिया संतोष गुप्ता ने कहा कि इस बार का महाकुंभ सबसे अलग है। क्योंकि ज्योतिषियों का कहना है कि ऐसा संयोग 144 वर्ष बाद आया है। ज्योतिष के मुताबिक महाकुंभ पर 144 वर्ष बाद सुर्य, चंद्रमा, शनि और बृहस्पति की शुभ स्थिति एक साथ बन रहा है। इसके साथ ही पूर्णिमा, रवि योग और भद्रावास योग भी बन रहा है। यह संयोजन समुद्र मंथन के समय भी हुआ था। इसलिए इसे बेहद पवित्र और शुभ माना जाता है। हिंदु धर्म में ऐसी मान्यता है कि कुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में स्नान करने से पिछले सारे पाप धुल जाते हैं।

बुढ़मू थाना क्षेत्र के बदलूटा, बारूबेड़ा और लोदमबेड़ा गांव में सामुदायिक पुलिसिंग का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुढ़मू : झारखंड को अफीम जैसी नशीली चीजों से मुक्त करने के पुलिस का अभियान के तहत की गई बैठक। जिसमें बुढ़मू थाना क्षेत्र के बदलूटा, बारूबेड़ा और लोदमबेड़ा गांव में ग्रामीणों के साथ में डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी रितेश कुमार के द्वारा गुरुवार को बैठक आयोजित की गई। अफीम से होने वाले नुकसान के बारें में ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दी गई। और अफीम की जगह कृषि कार्य करने का आग्रह किया गया। इसके लिए ग्रामीणों के बीच बीज वितरण किया गया। साथ ही सामुदायिक पुलिसिंग के तहत महिलाओं के बीच धोती, साड़ी, बच्चों के बीच कापी, पेंसिल, कलम और टाफी का वितरण किया गया। सब्जी व अनाज की खेती के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। पुलिस के सहयोगात्मक व्यवहार से प्रेरित होकर ग्रामीणों ने ट्रेक्टर के माध्यम से स्वयं अफीम की फसल को नष्ट किया गया। मौके पर पुलिस बल के जवान व ग्रामीण मौजूद थे।

डीएवी रजरप्पा में मनी महात्मा नारायण दास ग्रोवर की 17वीं पुण्यतिथि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : सीसीएल रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में महर्षि दयानंद के अनुयायी, कर्मयोगी महात्मा नारायण दास ग्रोवर की 17वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान झारखंड प्रक्षेत्र-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी व डीएवी विद्यालय रजरप्पा के प्राचार्य डॉ. एस.के. शर्मा और सभी शिक्षकों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात विद्यालय के प्रांगण में वैदिक परंपरानुसार वैदिक हवन कार्यक्रम में भाग लेकर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। विद्यालय की प्रातःकालीन प्रार्थना सभा में आठवीं एवं नवीं कक्षा की छात्रा सृष्टि अग्रवाल तथा अनुप्रिया चौधरी ने हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में उनके जीवन एवं किए गए योगदानों को याद करते हुए बताया कि 6 फरवरी 2008 को पंजाब में उनका निधन हुआ। सातवीं कक्षा की छात्राओं ने उनकी स्मृति में भजन प्रस्तुत किया जिससे सभी का हृदय द्रवित हो उठा। प्रातःकाल प्रार्थना सभा में विद्यालय प्राचार्य ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। उन्होंने कहा कि महात्मा नारायण दास ग्रोवर ने डीएवी संस्था के रूप में ऐसा पौधा लगाया जिसकी छाया एवं सुंदरता में हम फल फूल रहे हैं। डीएवी संस्थान के रूप में शिक्षा की बगिया ऐसी फैली जो बिहार झारखंड, उड़ीसा, बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा आदिवासी इलाकों में ढाई सौ से अधिक स्कूल सफलतापूर्वक संचालित हैं तथा उस विद्यालय में लाखों बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। महात्मा ग्रोवर शिक्षा के माध्यम से एक सभ्य समाज और सभ्य चरित्र का निर्माण करना चाहते थे जिससे पूरी तत्परता एवं ईमानदारी के साथ देश का विकास हो सके। वे ईमानदारी के एक मिशाल थे। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी इस संस्था के लिए अवैतनिक सेवा दी। उनका जीवन तथा आदर्श हम सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के लिए अनुकरणीय है।

जोनल आईजी ने खुद संभाली अफीम की अवैध फसल को नष्ट करने की मुहिम

खूंटी : जिला प्रशासन की ओर से अफीम की अवैध खेती के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को खूंटी जिले की मारंगहदा पंचायत के बिरडीह ग्राम क्षेत्र में सघन अभियान चलाया गया, जिसके तहत ट्रैक्टर एवं अन्य संसाधनों के माध्यम से अवैध अफीम फसलों को नष्ट किया गया। इस अभियान में स्वयं जोनल आइजी अखिलेश झा ने भाग लिया और मौके पर अवैध अफीम की फसल को नष्ट किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में गहन अभियान चलाकर पूरी तरह से अफीम की अवैध खेती को समाप्त किया जाए। प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि अवैध अफीम की खेती के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रामगढ़ जिला पुलिस मुख्यालय में अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कोर्ट से संबंधित मामलों सहित, हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी के लंबित कांडों की समीक्षा की गई। इस क्रम में टीएसपीसी और पीएलएफआई संगठन के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, संवेदनशील काण्डों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों का सत्यापन कर निगरानी रखने , साम्प्रदायिक मामलों को गंभीरत से लेते हुए साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई करने, प्रत्येक दिन थाना और ओपी प्रभारी के द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जनशिकायत के प्राप्त मामलों पर अविलम्ब कार्रवाई करने, लंबित सम्मन, वारण्ट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 02 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, पुराने मामलों में आरोपियों को स-समय अदालत में उपस्थित कराने, अस्पतालों की सुरक्षा, यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता अभियान चलाकर आमजनता को जागरूक करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस उपाधीक्षक (मु.), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ व पतरातु, लोक अभियोजक रामगढ़, परिचारी, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, पुनि-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़, रजरप्पा, सभी थाना और ओपी प्रभारी सहित सभी शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

सफर-ए-उमराह के लिए मदीना ट्रेवल्स से 60 जायरीन रवाना

आप सिर्फ ख्वाब देखिए, आपके ख़्वाब को हम पूरा करेंगे : मौलाना इलियास

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : हर एक मुसलमान वा मोमिन का ख्वाब होता है कि वह अपनी जिन्दगी में हज और उमराह करें और मुसलमानों के इस ख्वाब को पिछले कई सालों से मदीना ट्रेवल्स पूरा कर रहा है। लगातार हर दूसरे महीने उमराह करनेवालों का जत्था रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से उमराह के लिए उड़ान भर रहा है। मदीना ट्रेवल्स से उमराह के लिए मक्का-मदीना जानेवाले जायरीनों का सिलसिला जारी है। पवित्र सफर-ए-उमराह के लिए बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से आज 06 फरवरी 2025 को झारखंड का सबसे विश्वसनीय मदीना ट्रेवल्स के मौलाना इलियास मजाहिरी के नेतृत्व में 60 जायारीन का ग्रुप आज रवाना हुआ। जायरीनों को मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने जायरीनों से देश में अमन-चैन और अपने हक के लिए दुआ मांगने की अपील की। इससे पहले उनके परिवार और साथियों ने फूल माला पहना कर उन्हें बधाई दी। मौलाना इलियास मजाहिरी ने कहा कि मदीना ट्रेवल्स सभी जायरीनो को 50 से अधिक जगहो की जियरात कराई जाती है। साथ ही, सभी जायरियोंनो को मक्का और मदीना में 500 मीटर के दायरे में 04 स्टार होटल में ठाहराया जाता है। सभी जायरीन को उमराह के दौरान लॉन्ड्री, मेडिकल समेत सभी सुविधा दी जाती है। 60 जायरीन में झारखंड के हर जिला के लोग यहां तक की पश्चिम बंगाल से भी जायरीन हैं। इस जत्थे में गिरिडीह, हजारीबाग, धनबाद, बोकारो रांची रामगढ़ , जमशेदपुर समेत भारत के अलग-अलग कोने से लोगों ने मदीना ट्रेवल्स से सम्पर्क कर उमराह के लिए उनके साथ रवाना हुए हैं। इस संदर्भ में मदीना ट्रेवल्स के मौलाना इलियास मजाहिरी ने बताया कि उनकी टीम के द्वारा ऐसे माजूर लोगों का पूरा ख्याल रखा जाता है और इस बात का खास ध्यान दिया जायेगा कि वह लोग उमराह के अपने पूरे अरकान सही से कर पाये। उन्होंने कहा कि मदीना ट्रेवल्स का अगला ग्रुप 09 फरवरी को 70 जायरीन का जत्था बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रवाना होगी। इसमें 60 लोग शामिल हैं। मौलाना नसीम अनवर नदवी डायरेक्टर फातिमा एकेडमी, तबस्सुम फातिमा, मौलाना जौहर, कारी सोहेब,मुफ्ती सलमान दानिश, कारी असद, हाफिज सनाउल्लाह, मौलाना इदरीस, हाजी यासीन, बाबा इस्लाम समेत कई लोग मौजूद थे।

अबुआ आवास योजना के तहत सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत में अबुआ आवास योजना के तहत सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर अबुआ आवास योजना के लाभुकों का विधिवत सामूहिक रूप से गृह प्रवेश कराया गया और उन्हें बर्तन आदि उपहारस्वरूप भेंट किए गए। इस कार्यक्रम में नव-चयनित लाभुकों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया, जिससे वे जल्द ही अपने नए आशियाने का अपना सपना साकार कर सकें। इस दौरान रेणुका देवी, बुचनी देवी, हुस्न बानो, नूरजहां खातून, तनू देवी इत्यादि लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। मौके पर पंचायत सचिव संगीता लकड़ा, रोजगार सेवक संदीप कुमार दास, उपमुखिया लईक आलम, पंचायत समिति सदस्य बालगोविंद महतो, वार्ड सदस्य रेखा देवी, स्वयं सेवक हसीबुल्लाह अंसारी, विवेक कुमार महतो, रियाज अंसारी आदि कई लोग मौजुद थे।

एक झलक

17 कि.मी. की श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 02 मार्च को

रांची : श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के तत्वाधान में 2 मार्च 2025 दिन- रविवार को रांची नगर में राजस्थान के खाटू श्रीश्याम जी के परंपरा के अनुसार ही श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी (विकास विद्यालय) से शुरू होकर श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा समर्पण के साथ समाप्त होगी। ज्ञात हो की खाटू धाम में यह परंपरा है कि श्याम भक्त बाबा श्याम को ध्वजा निशान यात्रा रिंगस से 17 किलोमीटर की पदयात्रा कर बाबा श्री श्याम को समर्पित करते हैं। मान्यता है कि जो भी भक्त श्री श्याम प्रभु की निशान को अपनी मन की बात कहता है और उसे सच्चे विश्वास से श्री श्याम प्रभु को अर्पित करता है तो बाबा उन भक्तों की सारी मुरादे पूरी करते हैं इसी परंपरा के अनुसार रांची में विगत 3 वर्षों से श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति द्वारा यह आयोजन हो रहा है तथा 2 मार्च को श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा के सफल आयोजन हेतु अति शीघ्र एक बैठक किया जाएगा।

प्रथम दिन 2070 लोगों ने राज भवन उद्यान का किया भ्रमण

रांची : राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार राज भवन उद्यान को आम नागरिकों के भ्रमण एवं परिदर्शन हेतु दिनांक 6 फरवरी से 12 फरवरी, 2025 तक खोला गया है। आज प्रथम दिन 2070 लोगों ने राज भवन उद्यान का भ्रमण एवं परिदर्शन किया। उद्यान भ्रमण का समय पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक है। विदित हो कि उद्यान में प्रवेश राज भवन के गेट न. 2 से सुरक्षा जांचोपरांत 1 बजे अपराह्न तक है।

रक्षा राज्य मंत्री से मिला झारखंड कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस के तीन विधायकों ने आज नई दिल्ली में रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ से रक्षा मंत्रालय में शिष्टाचार मुलाकात की। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के साथ खिजरी के विधायक श्री राजेश कच्छप, कांके के विधायक श्री सुरेश बैठा और रामगढ़ की विधायक श्रीमती ममता देवी शामिल रहे।

पशु व्यापारी से 07 लाख 85 हजार रुपये की लूट

रांची/बुंडू : सोनाहातू थाना क्षेत्र के दुलमी गांव, स्वर्ण रेखा नदी के डागडुंग पुल के समीप हथियार के बल पर पशु व्यापारी से सात लाख 85 हजार रुपए की लूटपाट करने की घटना हुई है। घटना गुरुवार शाम चार बजे की बताई जा रही। पुलिस के अनुसार चक्रधरपुर के चार पशु व्यापारी नीतीश यादव ,सतीश यादव,जयराम यादव, राहुल यादव, पंकज यादव ओर पप्पू यादव और चालक डब्लू यादव,पिकअप वैन से भैंसा बेचने बंगाल के काली माटी बाजार गए थे। पशुओं को बेचने के बाद वापस लौट रहे थे उसी वक्त घटना को अंजाम दिया गया है। व्यापारियों को बाजार से ही रेकी करते हुए स्वर्ण रेखा पुल तक लाया गया था। एकांत का फायदा ले के चाकू दिखा कर रुपए की लूटपाट किया है। व्यापारियों के विरोध करने पर चार व्यापारी को चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है । नीतीश यादव और सतीश यादव को चाकू से अधिक मारा गया है ।घायल व्यापारी का इलाज मिलन चौक के निजी अस्पताल में किया गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। व्यापारियों ने बताया कि एक सिल्वर कलर के बोलेनो कार में चार लोग पीछा करते हुए आए और डागडुंग पुल के समीप पिकअप वैन को रोक अचानक डंडे से मारपीट किए ,अधिक विरोध करने पर चाकू से हमला कर दिये। चाकू दिखा कर पप्पू यादव से चार लाख 75 हजार, सतीश यादव से एक लाख, नीतीश यादव से एक लाख 10 हजार, तथा जयराम यादव से एक लाख लुट लिए ।कुल सात लाख 85 हजार रुपए की लूट हुई है। पशु व्यापारी सोनाहातू के रास्ते में माह में तीन से चार बार पशु बेचने काली माटी बाजार जाते है। घटना के बाद पुलिस छानबीन शुरू कर दी है।

डीसी ने की महाशिवरात्रि त्योहार के सफल संचालन को लेकर बैठक

तैयारी व विधि-व्यवस्था को लेकर दिये निर्देश

- त्योहार के दृष्टिकोण से आवश्यक तैयारी को लेकर हुआ विचार-विमर्श

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि त्योहार के सफल संचालन को लेकर गुरुवार को जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के साथ बैठक आयोजित की गई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक सहित अन्य संबंधित पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में मंदिर में पूजा प्रारंभ होने, सरकारी पूजा शुरू एवं समाप्त होने, भक्तों के लिए मंदिर खोलने के समय, भक्तों के मंदिर में प्रवेश एवं निकास, साज-सज्जा, सामान्य बिजली से संबंधित कार्य सहित त्योहार के दृष्टिकोण से किए जाने वाले कार्यों को लेकर मंदिर समिति के सदस्यों के साथ विचार विमर्श किया गया। साथ ही मंदिर विकास समिति के सदस्यों के सुझाव भी लिये गये। प्राप्त सुझावों पर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बैठक में ही संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने मंदिर समिति से गर्भ गृह में शिफ्ट के अनुसार सदस्यों को प्रतिनियुक्त करने को कहा ताकि श्रद्धालु सुगम तरीके से जलाभिषेक कर पायें। बैठक के दौरान पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों के साथ शहर के प्रमुख इलाकों में शिव बारात के अंतर्गत निकाले जाने वाली झांकियों और इससे संबंधित तैयारी को लेकर भी चर्चा की गयी। शिव बारात के अपने गंतव्य स्थान से निकलने को लेकर आवश्यक तैयारी, मंच निर्माण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी को अंतिम रुप दिया गया। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा शिव बारात के लिए प्रशासनिक स्तर से पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का निर्देश दिया गया, जो शिव बारात में उपयोग में लाये जानेवाले वाहनों एवं चालकों की आवश्यक जांच करेंगे। महाशिवरात्रि में शिव बारात के रूट पर साफ-सफाई, ट्रैफिक सहित अन्य व्यवस्था को लेकर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। बैठक में महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न मद में अनुमानित खर्च को भी समिति द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

डॉ. नटवा हांसदा झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची के अध्यक्ष नियुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : राजकीय महिला पोलिटेकनिक, रांची के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य डॉ. नटवा हांसदा को प्रभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों के लिए झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। संचिका संख्या-03/JAC-04/2021 253 झारखण्ड अधिविद्य परिषद् (संशोधन) अधिनियम-2006 (झारखण्ड अधिनियम-2, 2007) की कंडिका-9 की धारा-11 (1) में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत यह नियुक्ति की गयी है। डॉ. हांसदा को झारखण्ड अधिविद्य परिषद् (संशोधन) अधिनियम-2006 (झारखण्ड अधिनियम-2. 2007) की कंडिका-9 की धारा-11 (1) की उप कंडिका-ग (i) में निहित प्रावधान के अनुरूप वेतन एवं सेवा शर्तें अनुमान्य होंगी। इस पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है। नियुक्ति पत्र की प्रतिलिपि अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, डोरण्डा, रांची को सूचनार्थ प्रेषित की गयी है। इस बाबत अधीक्षक से अनुरोध किया गया है कि वे इस अधिसूचना को राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशित कर इसकी 200 प्रतियां विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा करें। प्रतिलिपि झारखण्ड के प्रधान महालेखाकार (ले. एवं हक.) के रांची स्थित कार्यालय को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित की गयी है। संदर्भित प्रतिलिपि राज्यपाल के प्रधान सचिव/ मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव/ विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/ मुख्य सचिव, झारखण्ड/विकास आयुक्त, झारखण्ड/ प्रधान सचिव मंत्रिमण्डल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखण्ड/ सचिव, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड/अध्यक्ष, सभी सदस्यगण, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची / कुलपति एवं कुल सचिव, सभी विश्वविद्यालय, झारखण्ड/ सभी विभागीय प्रधान सचिव एवं सचिव, झारखण्ड/सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी उपायुक्त, झारखण्ड/ निदेशक, प्रथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा, झारखण्ड / सभी क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी जिला शिक्षा अधीक्षक, झारखण्ड तथा सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, रांची को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित की गयी है। नियुक्ति पत्र की प्रतिलिपि डॉ. नटवा हांसदा को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित की गयी है।

डीएवी के महात्मा नारायण दास ग्रोवर की मनी पुण्यतिथि

कर्मयोगी महात्मा ग्रोवर सादगी व त्याग के पर्याय : एस.के मिश्रा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : गुरुवार को डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची की प्रातःकालीन सभा में डीएवी के महात्मा नारायणदास ग्रोवर जी की पुण्यतिथि पर विद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और विद्यालय के बहुद्देश्यीय सभागार में महाहवन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी पब्लिक स्कूल्स, झारखण्ड जोन-जे. एस के मिश्रा ने श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा नारायण दास ग्रोवर सच में महान आत्मा थे, महापुरुष थे, नर-रूप नारायण थे। उन्होंने दधीचि ऋषि की तरह अपने जीवन की आहुति दे डाली। विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया। सेवा निवृत्ति के बाद भी साठोत्तर की अवस्थोपरान्त अपनी सेवा को जारी रखा जिसके फलस्वरूप बिहार, झारखंड, उड़ीसा, बंगाल, यूपी एम.पी आदि प्रदेशों में खड़ी संस्थाएँ उनकी पहचान बनी हुई हैं। संयुक्त बिहार में रांची के निकटवर्ती और नितांत पिछड़ा क्षेत्र खूंटी के विकास के लिए उन्होंने विशेष परिश्रम किया। इस क्षेत्र की जनता को तत्कालीन स्थिति से ऊपर लाने के लिए वे इतने उत्कंठित थे कि उन्होंने अपने हाथ पर ही अमिट रूप से अंकित करवा (गोदना)लिया था - मेरा जीवन खूंटी के लिए समर्पित। जनता की तत्कालीन परिस्थिति की परिकल्पना
करते हुए प्राचार्य महोदय ने दिनकर की पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा कि -
श्वानों को मिलता दूध वस्त्र,
भूखे बालक अकुलाते हैं।
मां की हड्डी से चिपक
ठिठुर जाड़ों की रात बिताते हैं ।।
अर्थात इतनी गरीबी और पिछड़ापन को देखकर ग्रोवर साहब ने वहां की जनता के लिए अपने शेष समय को समर्पित कर दिया। वहां पर उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य पर भी बल दिया।

मौसम में अभी होगा उतार-चढ़ाव

रांची : राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में उतार चढाव होगा। आनेवालों दिनों में अभी हल्की ठंड रहेगी। अगले दो-तीन दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस गिरावट होगी। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री की बढोतरी होगी। यह जानकारी मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को दी। रांची और इसके आसपास के इलाकों में आंशिक बादल छाया रहा। इसके बाद धीरे-धीरे मौसम साफ हो गया। दोपहर में लोगों को हल्कों गर्मी का भी एहसास हुआ। गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से लगभग चार डिग्री अधिक है।

भारतीय ज्ञान परंपरा vikshitbharat@2047 की आधारशिला है : (प्रो.) डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : गुरुवार को ऊषा मार्टिन विश्वविद्यालय, रांची के इंडियन नॉलेज सिस्टम विभाग के द्वारा डॉ अनुपमा वर्मा एवं डॉ सिंपी रानी के संयोजन में आयोजित इंडियन नॉलेज सिस्टम एंड आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय की कुलपति (प्रो.) डॉ. मधुलिका कौशिक की अध्यक्षता में हुआ। संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्यवक्ता रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग पूर्व विभागाध्यक्ष (प्रो.) डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय, विशिष्ट अतिथिगण संत जेवियर कॉलेज, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ जय प्रकाश पांडे, सेवानिवृत प्राचार्य डॉ वासुदेव प्रसाद, राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के शिक्षक डॉ ओम प्रकाश एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए संत जेवियर कॉलेज के डॉ जय प्रकाश पांडे ने भारतीय ज्ञान में गुरु परंपरा को विस्तार से बतलाया। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता (प्रो) डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं कृत्रिम मेधा विषय पर अपनी बातों को रखा। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के साथ इंटरेक्टिव सेशन के साथ विषय प्रवेश किया। उन्होंने कहा कि हम सभी को एक हाथ में ज्ञान तो दूसरे हाथ में टेक्नोलॉजी दोनों को साथ में लेकर चलना है ताकि हम vikshitbharat@2047 का लक्ष्य प्राप्त कर सके। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि भारत अपने भारतीय ज्ञान के आधार पर ही विश्वगुरु था, ज्ञान का कोई विकल्प नहीं।

श्री चैती दुर्गा मंदिर, भुताहा तालाब का नवम (नवां) वार्षिक उत्सव व प्राण प्रतिष्ठा दिवस 08 फरवरी से

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : श्री चैती दुर्गा मंदिर भुताहा तालाब का नवां दिन दिवसीय वार्षिकोत्सव 8 फरवरी कों कलश यात्रा और गौरी पूजन, सर्व वेदी पूजन के साथ शुरू होगा। महोत्सव के दूसरे दिन 9 फरवरी कों सुबह माता का महा स्नान कई पवित्र नदियों के जल के साथ होगा। इसके बाद सर्व वेदी पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ, आरती, पुष्पाजलि किए जाएंगे। महोत्सव के तीसरे दिन 10 फरवरी कों दोपहर 1:00 बजे महा भंडारा किया जाएगा और हवन पुष्पाजलि के साथ ही संध्या 1:00 बजे महाआरती किया जाएगा। महोत्सव कों लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह) ने बताया की महोत्सव के सभी कार्यक्रम पूरी जोर शोर की जा रही है।

ओरमांझी में आठवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले बच्चों को किया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

ओरमांझी : जिला शिक्षा अधीक्षक रांची के आदेशानुसार प्रधानाध्यापक सह निकासी व्ययन पदाधिकारी नसीम अहमद के सौजन्य से प्रखण्ड संसाधन केंद्र ओरमांझी में कार्यक्रम आयोजित कर प्री बोर्ड आठवीं में प्रखण्ड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले राजकीयकृत मध्य विद्यालय पाहन टोली ईरबा सानिया परवीन द्वितीय स्थान रौशनी कुमारी मध्य विद्यालय सदमा एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पालू के छात्रा शिवानी कुमारी को प्रशस्ति पत्र एवम मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व उषा लकड़ा एवम रेखा साहू के टीम के द्वारा अभियान गीत से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर विजयी छात्राओं के पिता,दादी एवम सम्बंधित विद्यालय के प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित होकर अपनी भावनाओं से सभा को अवगत कराया एवम इस उत्साहवर्धक कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन सतीश बड़ाईक ने किया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीमा कुमारी डीडीओ नसीम अहमद प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रीना यादव प्रधानाध्यापक विमलेश कुमार मिश्रा सहित प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापक सहित काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

स्लम एरिया के 35 बच्चों के लिए एक वर्कशॉप आयोजित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, सृजन शाखा रांची द्वारा पूर्वांचल सूर्य दैनिक समाचार पत्रिका के परिसर में, स्लम एरिया के 35 बच्चों के लिए एक वर्कशॉप आयोजित की गयी। यह केंद्र रिटायर्ड सैनिक की देखरेख में संचालित होता है। इस वर्कशॉप का उद्देश्य विशेष रूप से लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता और हाइजीन के प्रति जागरूक करना था। इस प्रयास को प्रभावी बनाने हेतु, हमने लड़कियों के बीच सैनिटरी पैड का वितरण किया। अब बाकी सब बच्चों को कॉपीज और पेन प्रदान किया साथ में उनके लिए खाने पीने की चीज भी लेकर गये। इस कार्यक्रम में नेहा सरावगी राशि सरावगी अमित केडिया निधि सराफ नम्रता अग्रवाल सोनम सराओगी प्रतिमा अग्रवाल उपस्थित थी।

राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च को, डालसा की तैयारी जोरों पर

अधिक से अधिक वादों का निस्तारण ही लक्ष्य : राजेश कुमार सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष दिवाकर पांडे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को व्यवहार न्यायालय, रांची में होना सुनिश्चित हुआ है। लोक अदालत की प्री-काउंसलिंग की बैठकें जारी हैं, जो कि 07 मार्च तक चलेगा। डालसा की तैयारी जोरों पर हैं। इसी के मद्देनजर आज डालसा हॉल, रांची में एमएसीटी के जज, मनीष की अध्यक्षता में इंशुरेश कंपनी के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गयी। इस बैठक में एडिशनल प्रिंसीपल जज-2, एडिशनल फैमिली कोर्ट, राजेश कुमार सिंह, मनीष, डालसा सचिव, कमलेश बेहरा समेत इंशुरेंश कंपनी के प्रतिनिधि, अधिवक्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। पी.ओ.,एम.ए.सी.टी. मनीष ने कहा कि इंशुरेंश से संबंधित वादों का लिस्ट तैयार करें, नोटिस का तामिला कराकर या दूरभाष के माध्यम से वादकारियों को सूचित करें, ताकि अधिक-से-अधिक वादों का निस्तारण हो सके और पीड़ित या पीड़िता को लाभ मिल सके। पी.ओ. एम.ए.सी.टी. के द्वारा यह भी कहा गया कि अगले सप्ताह एक मोटर दुर्घटना से संबंधित एक विशेष मीटिंग की जायेगी, जिसमें दावा कताओं एवं उनके अधिवक्ताओं को भी सम्मिलित किया जायेगा, ताकि आमने-सामने बैठकर इंशुरेंश कंपनी के साथ सेटलमेंट हो सके। एडिशनल प्रिंसिपल जज, राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत जो कि 08 मार्च, 2025 को आयोजित होगा, उक्त लोक अदालत में अधिक-से-अधिक वादों का निस्तारण करण ही हमलोगों का लक्ष्य है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हैं कि आप अपने क्षेत्र में, कार्यालय में पोस्टर-बैनर लगायें, लोगों को जागरूक करें और इंशुरेंश से संबंधित लंबित वादों को बेंच के समक्ष रखें। डालसा सचिव श्री कमलेश बेहरा ने कहा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए पूर्व में ही न्यायायुक्त द्वारा न्यायिक पदाधिकारी, पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी तथा नोडल पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठकें की जा चुकी है। सभी बैंक व इंशुरेंश कंपनियों के साथ बैठकों का दौर जारी है।

डीएवी नंदराज ने महात्मा नारायण दास ग्रोवर पुण्यतिथि मनायी

रांची : वृहस्पतिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल नंदराज, बरियातू ने बड़े स्तर पर महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी का पुण्य तिथि मनाया। प्रातः कालीन यज्ञ और प्रातः कालीन सभा में महात्मा जी के कार्यशैली, कार्यक्षेत्र और परोपकारी कार्यों के बारे में बच्चों को बताया गया। इस उपलक्ष्य में सभ्यता, संस्कृति संरक्षण और खूंटी क्षेत्रों में किए गए उनके कार्यों को याद किया गया। प्राचार्य डॉ रविप्रकाश तिवारी जी का कहना था कि जब तक परम आदरणीय ग्रोवर साहब के कार्यों, जीवन शैली, बिना थके काम करना नहीं अपनाएंगे तब तक समाज और व्यक्ति का कल्याण संभव नहीं है।

वैश्य व ओबीसी विरोधी हैं बाबूलाल मरांडी

बयान वापस लें, अन्यथा सड़कों पर विरोध होगा : महेश्वर साहु

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा आज रांची के सर्कुलर रोड़ स्थित होटल अप्सरा के सभागार में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि-पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर अपना वैश्य एवं ओबीसी विरोधी चेहरा दिखा दिया है। उन्होंने कल रांची में पत्रकारों को वैश्य समाज से आने वाले तेज-तर्रार, ईमानदार आईपीएस अधिकारी और झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता के खिलाफ अनर्गल बयान देकर यह साबित कर दिया है कि वे वैश्य समाज को अपनी वर्तमान पार्टी से दूर करके ही मानेंगे। चूंकि अब बाबूलाल मरांडी अपने समाज के नेता तो रहे नहीं, पिछले दो चुनाव-लोकसभा एवं विधानसभा में यह साबित हो चुका है। तो अन्य वर्ग को भी ऊल-जलूल बयान देकर नाराज कर रहें हैं, ताकि वे चर्चा में बने रहें। लेकिन बाबूलाल जी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि वे अपने ही पैर में कुल्हाड़ी मार रहे हैं। अभी वे जिस सीट राज-धनवार से जीत कर आयें हैं, इसी वैश्य और ओबीसी समाज के वोट पाने से वे विधायक बन सके हैं वे जान लें। बाबूलाल मरांडी ने विभिन्न कथित संदर्भों के जरिए डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को गलत बताया है और राज्य सरकार पर सवाल खड़ा किया है। लेकिन उन्हें उत्तर प्रदेश के सरकारी गजट (8 नवंबर 2024 को जारी) को भी पढ़ लेना चाहिए. क्या वे यही सवाल उत्तर प्रदेश सरकार से करने की हिम्मत रखते हैं? उत्तर प्रदेश एवं अन्य कई राज्यों में यही व्यवस्था की गयी है तो झारखंड में श्री अनुराग गुप्ता को ही क्यों निशाना बनाया जा रहा है, इसलिए कि वे वैश्य समाज से आते हैं।

चलन्त लोक अदालत के माध्यम से डालसा का कंजिया पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम

डायन कह कर मारना या प्रताड़ित करना एक अपराध : राजेश कुमार सिन्हा

- पीएलवी सुमन ठाकुर ने आगामी विशेष लोक अदालत व राष्ट्रीय लोक अदालत की दी जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा संचालित चलन्त लोक अदालत-सह-जागरूकता वैन गुरुवार को मांडर प्रखंड के कंजिया पंचायत भवन में पहुंचा एवं पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएडीसी डिपुटी राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी सुमन ठाकुर, मो. सामी अंसारी, तालिब अंसारी, कालीनदन गोप, सोनी कुमारी, बिनीता कुमारी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। एलएडीसी डिपुटी राजेश कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में महिलाओं से संबंधित कानून के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने डायन प्रथा, बाल तस्करी एवं बाल विवाह पर लोगों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डायन-बिसाही अंधविश्वास है, किसी भी महिला को डायन कहकर मारना या प्रताड़ित करना कानून अपराध है। बाल विवाह पर फोकस करते हुए कहा कि अभिभावक अपने कन्याओं की विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें, उनकी पढ़ाई-लिखाई पर ध्यान दें। बाल तस्करी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चियों को लालच देकर झारखंड से दूसरे राज्य में ले जाकर उससे वैश्यावृत्ति का काम कराते हैं या फिर उन्हें भिखारी बनाकर भीख मांगने पर मजबूर करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने श्रम कानूनों के बारे में भी विस्तार से बताया। आगे पीएलवी सुमन ठाकुर ने दहेज प्रथा पर फोकस करते हुए कहा कि दहेज लेना और देना दोनों कानूनन अपराध है। अगर कोई व्यक्ति किसी से दहेज का मांग करता है और दूसरा दहेज देने के लिए राजी हो जाता है, तो दोनों कानूनन अपराध है। दहेज प्रथा के लिए कानून बना हुआ है। दहेज मांगने पर 6 माह से दो वर्ष का सजा का प्रावधान है। दहेज लेने पर 5 साल का जेल और 15 हजार का जुमार्ना है। उन्होंने कहां कि दहेज देने पर भी देनेवालों पर उक्त कानून लागू होता है। दहेज के कारण ही महिला प्रताड़ित होता है। महिला को मारा-पीटा जाता है तथा जान से भी मार दिया जाता है। महिलाओं के साथ छेड़खानी पर बनाये गये कानून के संबंध में बताया कि किसी भी प्रकार से महिला की गरिमा को भंग करने का प्रयास किया जाता है, तो वह कानूनन अपराध है, जिसके लिए पांच वर्ष तक सजा की व जुमार्ने का प्रावधान है। पीएलवी सुमन ठाकुर ने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत तथा 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को वादकारी अपने वादों का निस्तारण निःशुल्क करा सकते है। सोनी कुमारी ने विधवा पेंशन और वृद्धा पेंशन के बारे में लोगों को बताया। मो. सामी अंसारी और तालिब अंसारी ने राशन कार्ड, जॉब कार्ड एवं प्रधानमंत्री आवास के बारे में जानकारी दी, वही बिनीता कुमारी ने झारखंड सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकारी, रांची के बारे में भी विस्तार से बताया।

सरस्वती पूजा के मूर्ति विसर्जन व जुलूस के दौरान दो अज्ञात व्यक्तियों को मारी गयी गोली

रिम्स अस्पताल रांची में इलाज के दौरान दोनों की मौत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : 04.02.25 को थाना नगड़ी अंतर्गत ग्राम कतरपा में सरस्वती पूजा के मुति विसर्जन एवं जुलूस के दौरान ग्राम कतरपा के ही देवी मंडप से करीब 50 मिटर की दूरी पर 1 बुधराम मुण्डा एवं 2. मनोज कच्छप नामक व्यक्ति को दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोली मार दिया गया, जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से रिची अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज हेतु उन्हें रिम्स अस्पताल, रांची रेफर कर दिया गया, जहां पर दोनों जख्मियों की मृत्यु हो गयी। तत्प चात इस संबंध में मृतक बुधराम मुण्डा की पत्नी भाांति कुमारी उम्र करीब 25 वर्ष ग्राम कतरपा थाना नगड़ी जिला रांची के फर्दबयान के आधार पर नगडी थाना कांड सं0-20/25 दि0 05.02.25 भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103(1)/61(2) एवं 25 (1-बी) ए/26/27/35 आम्स एक्ट दर्ज किया गया। विदित है कि काड के अनुसंधान के कम में घटनास्थल पर एक नम्बर प्लेट पाया गया, जिसपर रजि०नं०-जे०एच० 01ई०ए० 0237 अंकित पाया गया। तत्प चात उक्त रजि०नं० के धारक का नाम पता करने पर पता चला कि उक्त रजिस्ट्रेान नम्बर सचिन मिंज के नाम से निबंधित पाया गया। तत्प चात मानवीय एवं तकनीकी सहायता से उक्त वाहन के मालिक के नाम एवं पता का सत्यापन करने के कम में पता चला कि 1. सचिन गिंज का दोस्त 2. सुनिल कच्छप एवं 3. मनोहर टोपनो दोनो ग्राम चिनारो पूरियो थाना इटकी एवं 4. निर्मल मुण्डा उर्फ अमर की संलिप्तता प्रका में आयी है।

एक झलक

बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से की अधिसूचना जारी

हजारीबाग : सम्मानित उपभोक्ता से निवेदन है कि जिनका मीटर बहुत दिनों से खराब चला आ रहा है, या इस समय पुराने एनालॉग मीटर लगे हुए है आके बिजली ऑफिस में बदलवा ले। खराब मीटर और एनालॉग मीटर प्राथमिकता आधार पर बदलाव किया जा रहा है। ज्ञात हो सभी पुराने मीटर बदलने के लिए स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य, आरडीएसएस योजना के तहत मेसर्स टेक्नो इलेक्ट्रिक एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड एजेंसी द्वारा शुरू शहर भर में किया जा रहा है। आरडीएसएस योजना के अंतरगत सारे पुराने और नए मीटर को स्मार्ट मीटर से बदला जायेगा। सारे स्मार्ट मीटर का मेंटेनेंस और रिप्लेसमेंट 10 साल तक एम/एस टेक्नो एजेंसी द्वारा किया जाना है। मीटर लगाने और बदलाव करने में उपभोक्ता को किसी भी कीमत पर पैसा नहीं देना चाहिए। मीटर ओपन वायरिंग में लगना है, पुरानी सर्विस तार में कहीं और कोई कटिंग नहीं होनी चाहिए। आपका ध्यान जरूरी है, ये केंद्र सरकार की योजना का अंतर्गत किया जा रहा है।

आवास निर्माण कार्य में लगातार डाली जा रही बाधा

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेडरा पंचायत के करोंज मोड़ स्थित घटवार टोला निवासी बसंती देवी पति स्व० अनिल गोस्वामी के आवास निर्माण कार्य में कुछ लोगों द्वारा लगातार बाधा डाली जा रही थी। जिसको लेकर पूर्व में अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ने विष्णुगढ़ थाने को निर्माण स्थल पर पुलिस बल तैनात कर विधि व्यवस्था बरकरार रखते हुए निर्माण कार्य कराने का निर्देश दिया था, जिस संदर्भ में विष्णुगढ़ थाना द्वारा दंडाधिकारी नियुक्त करने की मांग की गई थी। इस लंबे समय से लंबित चल रहे मामले में पुन: विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए ज्ञापांक 63/दिनांक 05/02/2025 को प्रेषित कर विष्णुगढ़ के प्रभारी अंचल निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह को दंडाधिकारी नियुक्त करते हुए निर्देश दिया कि बसंती देवी पति स्व० अनिल गोस्वामी मौजा चेडरा खाता संख्या 104, प्लॉट संख्या 1294 रकवा 2 डी० भूमि जो वासगित पर्चा से प्राप्त है, उक्त भूमि पर प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य हेतु दंडाधिकारी नियुक्त किया जाता है एवं विष्णुगढ़ थाना प्रभारी को सूचनार्थ प्रेषित कर निर्माण कार्य के दौरान पुलिस बल (महिला पुलिस बल सहित) प्रतिनियुक्त करने की मांग की गई है।

श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई

बरही : देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने अपने दस साल के अनुभवों को साझा किया और स्कूल के हर एक पल को याद किया। इस कार्यक्रम के दौरान कक्षा दस के कई विद्यार्थियों ने अपनी यादगार मुलाकातों, खास लम्हों और स्कूल में बिताए गए समय को साझा किया। इन विचारों को साझा करते हुए कई छात्र अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए और उनकी आँखें नम हो गई। इस भावुक क्षण में स्कूल के प्रधानाचार्य रोहित सिंह भी अपने आंसू पोछते हुए नजर आये। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि यह विदाई सिर्फ एक नया अध्याय शुरू करने की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि आपका यह समय स्कूल में बिताए गए बेहतरीन अनुभवों के रूप में हमेशा याद रहेगा। यह विदाई एक नई शुरूआत है, जिसमें आपको न सिर्फ अपनी कड़ी मेहनत का फल मिलेगा बल्कि जीवन के नए अवसरों की ओर कदम बढ़ाना होगा। आप सभी का भविष्य उज्जवल हो, यही मेरी शुभकामनाएं हैं। इस विदाई समारोह में स्कूल के मेंटर विकास सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि, आपने इस स्कूल से बहुत कुछ सीखा है, लेकिन असली शिक्षा तब शुरू होगी जब आप अपने जीवन की राह पर अपने निर्णय खुद लेंगे। यह यात्रा आसान नहीं होगी, लेकिन संघर्ष से ही सफलता मिलती है। आप सभी में वह सामर्थ्य है कि आप अपनी मंजिल पा सकते हैं।

उप विकास आयुक्त ने कम्बल बांटे, सरकारी योजनाओं का किया ऑन-साइट निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

साहिबगंज : उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा और पंचायती राज्य पदाधिकारी अनिल कुमार ने विशेष प्रशासनिक टीम ने पहाड़िया गांवों का दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखना, स्थानीय समस्याओं का समाधान निकालना और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराना था।

उप विकास आयुक्त और उनकी टीम ने तालझारी प्रखंड के कर्णपुरा पंचायत के कई गांवों, जिनमें सरसा पहाड़, कालदी भीठा पहाड़, बेहरा पहाड़ और चमड़ी माको पहाड़ शामिल हैं, का दौरा किया। इन गांवों में पहुंचकर उन्होंने स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को सुना। ग्रामीणों ने पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं, सड़क निर्माण, आवास और रोजगार से संबंधित कई मुद्दे उठाए, जिन पर पदाधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लिया। ठंड को देखते हुए प्रशासन ने पहाड़िया जनजाति के महिला-पुरुषों के बीच कंबल वितरित किए। इसके अलावा, टीम ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का ऑन-साइट निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, प्रधानमंत्री जनमन योजना, स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) और अन्य विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

उप विकास आयुक्त विशेष रूप से उन योजनाओं की जांच की, जो या तो लंबित हैं या जिनके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा आ रही है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लंबित कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करें ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

बिचौलिया संस्कृति के खात्मे की पहल, ग्रामीणों को सीधे लाभ पहुंचाने का आश्वासन

श्री चंद्रा ने पहाड़िया समुदाय के लोगों को आश्वस्त किया कि प्रशासन पूरी तरह बिचौलिया संस्कृति को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है ताकि कोई भी ग्रामीण ठगी या भ्रष्टाचार का शिकार न हो।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी किसी भी समस्या के लिए सीधे प्रशासन से संपर्क करें। किसी भी सरकारी लाभ के लिए किसी मध्यस्थ की जरूरत नहीं होगी। ग्रामीणों को हेल्पलाइन नंबर और प्रशासनिक पदाधिकारियों के संपर्क नंबर भी दिए गए, ताकि वे अपनी समस्याओं की तुरंत जानकारी दे सकें।

आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा, विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

श्री चंद्रा ने गांवों में पेयजल आपूर्ति, शौचालय निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य सुविधाएं, सड़क निर्माण, आवास योजनाएं और खेल के मैदानों जैसी बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की।

पेयजल समस्या : कई गांवों में जल संकट की स्थिति है, जिसे दूर करने के लिए जलापूर्ति योजनाओं को तेजी से लागू करने के निर्देश दिये गये।

शौचालय निर्माण : स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए शौचालयों की स्थिति की जांच की गई, और जहां निर्माण अधूरा था, उसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य सुविधाएं : ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को और अधिक सशक्त बनाने की जरूरत पर बल दिया गया।

सड़क और आवास : कई गांवों में अब भी पक्की सड़कें नहीं हैं, जिसके कारण बारिश के दिनों में ग्रामीणों को काफी परेशानी होती है। श्री चंद्रा ने इन सड़कों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बांस, फलदार वृक्षों की खेती और मत्स्य पालन को बढ़ावा

उप विकास आयुक्त ने ग्रामीणों को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बड़े पैमाने पर फलदार वृक्ष लगाने, बांस की खेती और मत्स्य पालन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

बांस की खेती : बांस एक बहुपयोगी फसल है, जिसका उपयोग मकान निर्माण, फर्नीचर और कागज उद्योग में किया जाता है। ग्रामीणों को इसके लिए अनुदान देने की योजना बनाई जा रही है।

फलदार वृक्ष : ग्रामीणों को आम, अमरूद, लीची, कटहल जैसे फलदार वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इससे न केवल पर्यावरण को फायदा होगा, बल्कि लोगों को आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

मत्स्य पालन : जल स्रोतों वाले गांवों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण और आर्थिक सहायता देने की योजना बनायी जा रही है। श्री चंद्रा ने कहा कि इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से पहाड़िया समुदाय की आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड के बकसपुरा पंचायत सचिवालय में कनीय पौध संरक्षण पदाधिकारी हजारीबाग के आदेशनुसार गुरुवार को फसल सुरक्षा योजनातर्गत पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या में कृषकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम प्रशिक्षण में मौजूद पदाधिकारी बीटीएम उमेश कुमार राणा द्वारा कृषकों को योजना और फसल से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही उनके मुख्य उद्देश्य के बारे में बताया गया कि कैसे पात्रिक विधि से कीट को नियंत्रण करना है, कैसे पीला चिपचिपा, फंदा एवं नीला चिपचिपा फंदा को दूर करना, फ्रूट फ्लाई ट्रैप को कैसे तैयार करना एवं लगाना चाहिए, तैयार नीमास्त्र का खेत में छिड़काव कर दिखाने के लिए प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार सिंह, सुखदेव महतो, नागेंद्र महतो, कैलाश महतो, स्वर्गीय खेमलाल महतो, पिंटू रविदास, लालमोहन रविदास, नीलकंठ महतो, चीतामनी महतो, विजय कुमार राम, युगल रविदास, डोमन महतो, केशु महतो, बिशुन महतो, खेटू महतो, वासुदेव महतो समेत जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, पदाधिकारी एवं प्रगतिशील कृषकगण लोग मौजूद थे।

सीएसआर के तहत विद्यार्थियों व शिक्षकों को किया गया सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बड़कागांव : राजकीय कन्या मध्य विद्यालय प्रांगण में आईडीबीआई बैंक के तत्वाधान में सीएसआर के तहत कंप्यूटर सेट, शैक्षणिक सामग्रियां एवं खेल सामग्रीय का वितरण विद्यार्थियों के बीच वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अवध किशोर कुमार व संचालन प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक ने किया। विद्यालय की छात्रा अन्य कुमारी उनके साथियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। वहीं आराध्या शर्मा व आराध्या राज द्वारा अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। आईडीबीआई बैंक बड़कागांव शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार द्वारा राजकीय कन्या मध्य विद्यालय प्रधानाध्यापक रवि शंकर पाठक को दो गोदरेज, दो अलमीरा,

टेबल, कुर्सी, कंप्यूटर सेट एवं 180 विद्यार्थियों को पेन, पेंसिल, कट्टर इरेजर बैडमिंटन, कैरम बोर्ड, स्टोमन बॉक्स, दो कूड़ेदान वह दो बाल्टी दिया गया। इसके बाद शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार ने कहा कि आईडीबीआई बैंक द्वारा ग्राहक ऑन की सेवा के शासक क्षेत्र में कल्याणकारी कार्य किया जाता है। विद्यार्थियों की संवेगात्मक, मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए शैक्षणिक व खेल सामग्री दिया गया। मौके पर नायरा पेट्रोल पंप के संचालक अरविंद कुमार, जनता स्टील के संचालक टुकन प्रसाद, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अवध किशोर कुमार, शिक्षक सच्चिदानंद तिवारी, श्रीनिवास, शिक्षिका चंचला दे भुवनेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

ब्राइट फ़्यूचर एकेडेमी का किया गया उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक में गुरुवार को मांडू विधायक द्वारा ब्राइट फ़्यूचर ऐकैडेमी को फीता काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के पश्चात माँ सरस्वती पर मंत्रोच्चारण के साथ पुष्प अर्पित की गई। इस शुभ अवसर पर ऐकैडेमी के निर्देशक मुरली मनोहर ने बताया कि हमारे ऐकैडेमी मे सभी विषयों के लिए विशेष शिक्षकों का समूह है।हमारा कोचिंग एक नया अध्याय है, जिसमें हम बच्चों को शिक्षा और समृद्धि की दिशा में बढ़ने का अवसर प्रदान करेंगे। इस ऐकैडेमी मे अनुभावी शिक्षकों द्वारा कक्षा 07 से 12 तक अध्यापन, बोर्ड परीक्षा की विशेष तैयारी, साप्ताहिक टेस्ट का आयोजन, कमजोर विधार्थियो पर विशेष ध्यान इत्यादि की व्यवस्था है। संस्थान के शिक्षक जयंत कुमार मिश्र (जय सर) ने कहा कि हमारे इस कोचिंग का मुख्य उदेश्य होगा विधार्थियो का सर्वांगीण विकास करवाना तथा हमारे यहां गरीब बच्चो के लिए मुफ्त शिक्षा की भी व्यवस्था की जायेगी। प्रथम 05 बच्चो के लिए मुफ्त नामांकन जारी है। मुखिया निर्मल कुमार ने कहा कि इस तरह के ऐकैडेमी का खुलना हमारे प्रखंड के लिए गर्व की बात है और हमारे प्रखंड मे बेहतर शिक्षण संस्थान की काफी मांग है, जो केवल आप जैसे शिक्षित लोगों के द्वारा ही पुरा किया जा सकता है। मौके पर पहुंचे दौलत महतो महा विद्यालय प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि हमारे प्रखंड के युवा आज शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रसर है। शिक्षा ही एक ऐसा मंत्र है, जिससे आप अपने समाज को बेहतर बना सकते है। इस कोचिंग संस्थान से ज्ञान अर्जन करवाना ही हमारा मुख्य उदेश्य है। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, शेखर सिन्हा, राजेंद्र पांडेय, सुनील अकेला, विनोद सिंह, विकाश स्मिथ, युगल पांडेय, अमन कसेरा, मुखिया निर्मल कुमार, मुखिया रामचंद्र यादव, नवल प्रसाद वर्मा, आनंद राम, मोहन लाल बरणवाल, दिपु भाई, दिपु

गॉड ग्रेस पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन

अपने माता-पिता और बड़ों का करें सम्मान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कटकमसांडी : पगमिल, हजारीबाग स्थित गॉड ग्रेस पब्लिक स्कूल में वर्ग के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के संयोजक मधुप मनोहर, अध्यक्ष विनोद भगत, सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा और उपाध्यक्ष छोटे लाल साहू सर उपस्थित थे। जिन्होंने के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे प्रगति करने के लिए प्रोत्साहित किया और बहुत सारी अच्छी जानकारियां दी। वर्ग छठी, आठवींऔर नवीं की छात्राओं ने बेहतरीन नृत्य का प्रदर्शन किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं में खालिद सर, मोकर्रम सर, मेहताब सर, दिवाकर सर, रफत मैम और बॉबी मैम ने प्रेरणादायक भाषण दिया।

उप-प्राचार्य रिजवानुल अंसारी ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। निदेशक आमिर अल्ताफ ने जीवन में आगे आने वाली चुनौतियों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। साथ ही अपने माता-पिता और बड़ों का सम्मान करने को कहा। ताकि एक अच्छे समाज का निर्माण किया जा सके। शिक्षक-शिक्षिकाओं में शिक्षिका सबीना, मोसर्रत, शमा, पिंकी, तरन्नुम, शगुफ्ता, परवीन, फरहाना, आदि उपस्थित थे।

वर्ग के विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं :

शबा आफरीन, फरहत नियाजी, तानिया परवीन, एसाम आता, शुभम कुमार, फरहान अहसन, खुशनुमा साबरी, नीलोफर सबा, खुशी परवीन, आफरीन नाज, अल्फी फरहत, फैज अफरीदी, उम्मूल वारा, आसिफ अली, आलिया जुबेर, आलिया हयात, मेहविश नादिरा, मुस्कान परवीन, साजिया परवीन, सना नाहिद, सानिया परवीन और कार्तिक कुमार हैं।

मुखिया ने मनरेगा दिवस पर ग्राम सभा का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के पंचायत भवन में बुधवार को चेडरा पंचायत के मुखिया निर्मल कुमार की अध्यक्षता मनरेगा दिवस के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान चेडरा पंचायत के ग्रामीणों के समक्ष विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इसके साथ ही मनरेगा कार्य करने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए गए। मुखिया निर्मल कुमार ने बताया कि मनरेगा योजना का लाभ लेने हेतु पंचायत स्तर पर बैनर व पोस्टर लगाए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों को मनरेगा संबंधी योजनाओं का लाभ मिल पायेगा। दीवार लेखन के माध्यम से कार्यक्रम संबंधी सूचना एवं टोल फ्री नंबर जनहित में जारी किए जाएंगे। ग्राम सभा में वार्ड सदस्य रीता देवी, पंचायत सचिव प्रीति कुमारी, रोजगार सेवक शेखर सुधांशु, पंचायत सहायक सुनील कुमार, विनोद कुमार रवि, विक्रम सिंह, सीमा देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रुडेन्ट पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरकट्ठा : प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बेड़ोकला स्थित प्रूडेन्ट पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों के द्वारा बनाया गया रैन वाटर हार्वेस्टिंग, चंद्रयान थ्री, वोल्केनिक इर्रप्शन, सोलर सिस्टम, एयर पोल्यूशन इत्यादि प्रर्दशनी लगायी गयी। विद्यालय के निदेशक रामप्रवेश साव ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी एक ऐसा मंच है जहां छात्र छात्राएं अपनी कला और सोंच को मॉडल के माध्यम से दिखाते हैं कि उन्होंने विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों को कितना समझा व जाना है. प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी से छात्रों को वैज्ञानिक सिस्टम को सीखने का अवसर मिलता है। विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल को प्रदर्शित करने वालों में छात्र आदित्य कुमार, शिवम कुमार, ऋषि कुमार, अमित कुमार, आर्यन कुमार, शुभम कुमार, शिवशंकर, प्रिंस कुमार, सबनम प्रवीण, प्रेम कुमार समेत अन्य विद्यार्थी शामिल हैं। मौके पर शिक्षक उर्मिला देवी, सपना गुप्ता, सीता कुमारी, कविता कुमारी, रिंकू कुमारी, रमेश चंद्र यादव, शंकर साव, प्रभु यादव, राजेंद्र पांडेय, सुरेश राणा, महादेव यादव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

राजेश कुमार महानिरीक्षक ने संभाली सहायक प्रशिक्षण केन्द्र की कमान

दारू : राजेश कुमार महानिरीक्षक ने दिनांक 5 फरवरी 2025 को सहायक प्रशिक्षण केंद्र सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप हजारीबाग में महानिरीक्षक के तौर पर पदभार ग्रहण किया। श्री राजेश कुमार का जन्म सन 1965 में हुआ तथा सीमा सुरक्षा बल में दिनांक 15 मई 1989 को सीधे सहायक कमांडेंट के पद पर भर्ती हुए । 35 वर्षों के सेवाकाल के दौरान इन्होंने पंजाब, राजस्थान, असम, मेघालय उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल में विभिन्न नियुक्तियों पर कार्य किये। राजेश कुमार महानिरीक्षक को उत्तर बंगाल, दक्षिण बंगाल, जम्मू और राजस्थान में विभिन्न बटालियनो, सेक्टरों एवं प्रशिक्षण केंद्र को कमान करने का अच्छा अनुभव है।

अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी पर कार्यक्रम का होगा आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के तत्वाधान में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। होटल शिवम इन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी वर्ष पर केंद्रीय नेतृत्व द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसी निमित गुरुवार के प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता और कार्यक्रम संयोजक राजू चतुवेर्दी ने बताया कि यह वर्ष भारतीय राजनीति के अजातशत्रु अटल बिहारी वाजपेयी की जनशताब्दी वर्ष के रूप में हम लोग मना रहे हैं। 25 दिसम्बर उनके जयंती पर सुशासन दिवस के रूप में हम लोगों ने मनाया इस अवसर पर

बुथ, शक्ति केन्द्र, मंडल, जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेकों कार्यक्रम व्यापक रूप से संपन्न हुए। अटल बिहारी वाजपेयी के स्मारक सदैव अटल नई दिल्ली पर श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित केंद्रीय मंत्रीगण के साथ-साथ एनडीए के नेतागण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने श्रद्धांजलि सभा में भाग लिया। अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

सभी देशवासी गौरवान्वित हैं कि देश के दूरदर्शी, कर्मठ एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहे हैं एवं अटल बिहारी वाजपेयी की सोंच को साकार कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निदेर्शानुसार 14 जनवरी से 15 मार्च 2025 तक पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति में कई कार्यक्रमों का आयोजन होना है। 14 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक 'अटल स्मृति संकलन' एवं संपर्क अभियान जो जिला और मंडल पर होना है।

विनोबा भावे विश्वविद्यालय में शुरू हुई तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला खो-खो प्रतियोगिता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला खो खो प्रतियोगिता का आज समारोह पूर्वक उद्घाटन किया गया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति स्वर्गीय विनोदिनी तर्वे के नाम से स्थापित बिनोदिनी पार्क में सभी आयोजन किए गए। मुख्य अतिथि हजारीबाग पुलिस अकादमी के निदेशक तथा पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा के आगमन के साथ उद्घाटन समारोह का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के स्वागत में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, मेरू के ब्रास बैंड ने बैंडमास्टर जी. टी. दामले के निर्देशन में शानदार धुन बजाकर

माहौल को रोमांचक बनाया। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने जब राष्ट्रीय तिरंगा को फहराया, बीएसएफ के बैंड ने राष्ट्रगान बजाकर सबका दिल जीत लिया। तत्पश्चात भारतीय विश्वविद्यालय संघ (ए आई यू) एवं विभावि के झंडे को क्रमशः विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण संकायअध्यक्ष डॉ विकास कुमार एवं आयोजन सचिव सह खेल निदेशक डॉ राखो हरि ने फहराया। इसके बाद मार्च पास्ट की जवाब देही संभालते हुए डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने मार्च प्रारंभ करने का आदेश दिया। हजारीबाग पुलिस अकादमी का सुसज्जित ब्रास बैंड हवलदार सिंघेश्वर राम के निर्देशन में मार्च का धुन बजाकर सब के अंदर जोश भरने का काम किया। मार्च में सबसे पहले आचार्य तारकेश्वर राय की देखरेख में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली का घोष दल ने पूरे मार्च का नेतृत्व कर अपने वादन से समा बांधा। इसके बाद असम, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और झारखंड के कुल तीस विश्वविद्यालय के दलों ने शानदार मार्च करते हुए मंच के सामने से गुजरते वक्त ध्वज को सलामी दी। मार्च के बिल्कुल अंत में मेजबान विनोबा भावे विश्वविद्यालय दल और उसके बाद तिलैया के ग्रिजली विद्यालय के बैंड लीडर तनिष्क तुषार के निर्देशन में बैगपाइपर बैंड की प्रस्तुति ने सबका ध्यान आकृष्ट किया। बड़ी संख्या में उपस्थित विश्वविद्यालय परिवार के लोग एवं अतिथि गन जोरदार ताली बजाकर प्रत्येक दल का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने इस भव्य आयोजन के लिए विश्वविद्यालय को साधुवाद दिया।

संविधान में महिलाओं को पुरुषों के जैसा अधिकार : प्रो. केपी शर्मा

हजारीबाग : गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में छह फरवरी से संविधान गौरव अभियान पर लेक्चर सीरीज सप्ताह शुरू हो गया। पहले दिन बतौर मुख्य अतिथि विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त पीजी राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. केपी शर्मा ने संविधान विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने संविधान और नारी सशक्तीकरण विषय पर कहा कि पुरूष समाज के सोच को बदलने की जरूरत है। भारतीय संविधान में महिलाओं को पुरुषों के जैसा समान अधिकार प्रदत्त है, बस इसे ईमानदारी से जमीनी अमलीजामा पहनाने की जरूरत है। वर्तमान स्थिति को बदलने की जरूरत है। महिलाओं के प्रति हमारे देश का संविधान गौरवशाली रहा है। डॉ अंबेडकर और दूसरे संविधान निर्माताओं ने महिलाओं को काफी सम्मान और अधिकार दिया है। प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि भारत की पौराणिक संस्कृति और संस्कार में भी महिलाएं आरंभ से ही पूजनीय और वंदनीय रही हैं। वेद, शास्त्र और पुराणों में भी यह निहित है।

महिलाओं के सम्मान और अधिकार की रक्षा के लिए भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण और पांडवों ने भी लड़ाई लड़ी। ऐतिहासिक, धार्मिक, सामाजिक और कानून के माध्यम से भी हमारे देश में महिलाओं के अधिकार को सर्वोपरि रखा गया। चंद्रगुप्त के शासनकाल में भी राज दरबार की सुरक्षा महिलाओं के जिम्मे दी गई थी। डॉ शर्मा ने कहा कि संविधान में नीति निर्देशक तत्वों को राज्य का मौलिक कर्तव्य बनाया जाना चाहिए था तथा इसे न्यायालय को लागू करवाने के अधिकार होने चाहिए। व्यक्ति के लिए ड्यूटी को मौलिक कर्तव्य बनाकर रखना चाहिए था और मौलिक अधिकार को विलोपित कर मौलिक कर्तव्य तथा राज्य का मौलिक कर्तव्य नीति निर्देशक तत्व होना चाहिए।

एक झलक

सेल की चासनाला कोलवाशरी में वार्ता के बाद कार्य शुरू

पाथरडीह (धनबाद): सेल चासनाला कोल वाशरी में काम देने की मांग को लेकर ठेका मजदूरों ने गुरुवार को काम काज ठप कर दिया। जिससे रॉ कोल परिवहन एवं स्लरी डिस्पैच की गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। ठेका मजदूरों का कहना है कि प्रबंधन द्वारा बिना सूचित किए काम से बैठा दिया गया है। जब तक मजदूरों को काम नहीं मिलेगा, कोल वाशरी का चक्का जाम रहेगा। इधर ठेकेदार का कहना है कि बीसीसीएल से रॉ कोल आना फिलहाल बंद हो गया है। रॉ कोल आने के बाद मजदूरों को काम पर रख लिया जाएगा। इस दौरान कोल वाशरी प्रबंधन एवं झामुमो, नेता संतोष महतो के साथ वार्ता हुई, जिसमें प्रबंधन ने मजदूरों को हाजिरी बनाने का निर्देश दिया। जिसके बाद कोल वाशरी का काम शुरू हो गया और मजदूर काम पर चले गए।

सिजुआ कॉलेज ग्राउंड में विधायक जय राम ने खेली क्रिकेट

धनबाद : डुमरी विधायक राजनीति और पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी विशेष रुचि है,यही वजह है कि उन्हें जहां भी समय मिलता है, वे खेलना नहीं छोड़ते। जयराम महतो विधायक जरूर बन गए हैं, लेकिन आज भी उनके मन में बच्चों के लिए पहले जैसी ही भावना है। विधायक जयराम महतो सिजुआ इलाके से गुजर रहे थे कि इस दौरान उन्हें सिजुआ कॉलेज ग्राउंड में कुछ बच्चे क्रिकेट खेलते दिखे। इस दौरान विधायक खुद को रोक नहीं सके। वे भी बच्चों के साथ ग्राउंड में क्रिकेट खेलने उतर गए। सिजुआ कॉलेज ग्राउंड के पास ही झामुमो टुंडी विधायक मथुरा महतो का आवास भी है। विधायक जयराम महतो ने कहा कि बचपन में उन्होंने यहां तीन साल पढ़ाई की। इस जगह से हमारी बचपन की यादें जुड़ी हैं। कुछ बच्चे ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहे थे। चूंकि इस जगह से बचपन की यादें जुड़ी हैं, इसलिए हम भी ग्राउंड में क्रिकेट खेलने उतर गए। खेलते-खेलते कुछ समय बीत गया फिर हम यहां के लोगों से मिले और उनका हालचाल पूछा।

केन्द्र की बकाया राशि पर मुख्यमंत्री का विधायक जयराम महतो ने किया समर्थन

धनबाद : केन्द्र से बकाया राशि की मांग पर झारखंड के डुमरी विधायक जयराम महतो ने मुख्यमंत्री का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार झारखंड को उसका बकाया राशि नहीं देती है, तो वे राज्य की तमाम खदानों को बंद करने के लिए तैयार है। जयराम महतो ने कहा कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ मिल कर आंदोलन करेंगे और राज्य की खदानों को बंद करने के लिए तैयार हैं। केंद्र सरकार को झारखंड का बकाया राशि देने के लिए मजबूर करेंगे।

डीएवी स्कूल समूह के संस्थापक की मनी पुण्यतिथि

सिन्दरी (धनबाद): डीएवी स्कूल समूह के संस्थापक महात्मा नारायण दास ग्रोवर के 17 वीं पुण्यतिथि पर डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा की महात्मा नारायण दास ग्रोवर जन कल्याण के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। वे महान दार्शनिक, शिक्षाविद और राष्ट्र भक्त थे। उनके द्वारा स्थापित शिक्षण संस्थानों में आज लाखों विद्यार्थि शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर समूचा विद्यालय परिवार ने उन्हे श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।

जेपी हॉस्पिटल ने डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल, ईस्ट सेंट्रल रेलवे धनबाद के साथ एमओयू पर किया हस्ताक्षर

जेपी हॉस्पिटल का बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना प्रथम लक्ष्य

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
धनबाद : कोला कुसमा बलियापुर बायपास रोड स्थित शहर का प्रमुख स्वास्थ्य संस्थान जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल, ईस्ट सेंट्रल रेलवे, धनबाद के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत, जेपी हॉस्पिटल को रेलवे के लाभार्थियों को विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में विशेषज्ञ उपचार प्रदान करने के लिए दो वर्षों की अवधि के लिए सूचीबद्ध किया गया है।
इस समझौते के अंतर्गत, जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर 24 घंटे कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, जनरल सर्जरी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस सहित), यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, नवजात शिशु रोग, ऑथोर्पेडिक्स, नेत्र विज्ञान, ईएनटी, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी और इंटेंसिव केयर जैसी चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करेगा। जिससे रेलवे लाभार्थियों को सुचारु चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित की जा सके।
यह सूचीबद्धता 31 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2027 तक मान्य होगी या जब तक जेपी हॉस्पिटल सीजीएचएस के साथ सूचीबद्ध रहेगा, जो भी पहले हो।

इस समझौते के तहत, जेपी हॉस्पिटल धनबाद स्थित डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल से कोला कुसमा, धनबाद स्थित 10 किलोमीटर तक निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा प्रदान करेगा। उपचार शुल्क सीजीएचएस गैर-एनएबीएच रांची दरों के अनुसार या उससे कम लागू होगा।
इस अवसर पर, जेपी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल ने कहा हम डिविजनल रेलवे हॉस्पिटल, ईस्ट सेंट्रल रेलवे, धनबाद के साथ साझेदारी करके गर्व महसूस कर रहे हैं। यह सहयोग रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारा उद्देश्य विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना और इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ावा देना है।
जेपी हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर ने स्वास्थ्य देखभाल में उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ एक प्रमुख चिकित्सा सेवा प्रदाता के रूप में अपनी पहचान बनाई है। इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) के माध्यम से, अस्पताल धनबाद और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को सुलभ, उन्नत और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के अपने मिशन को पुनः स्थापित करता है।

भाजपा मंडल की एकदिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
चंदवा : इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विभाग विश्रामागार परिसर में गुरूवार को बीजेपी चंदवा मंडल संगठन का एकदिवसीय मंडल कार्यशाला मंडल अध्यक्ष अमित कुमार के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की शुरूवात महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एव पुष्पाजलि अर्पित करके किया गया। मंच का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने की, कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह ने की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल चुनाव अधिकारी (प्रभारी) सह ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री इंद्रजीत यादव सह मंडल प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक मौजूद रहे। मंडल प्रभारी इंद्रजीत यादव ने बतलाया की प्रदेश ने यह तय किया है आगामी 12फरवरी तक चंदवा मंडल के सभी बूथों का बूथ कमेटी का निर्माण कर लेना है। मंडल एव पंचायत अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। मंडल का अधिकारी या पंचायत अध्यक्ष वो ऐसा कार्यकर्त्ता बन सकेंगे जो सक्रिय सदस्य बन चुके है। मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा की सभी पदाधिकारी, सभी पंचायत अध्यक्ष से आग्रह किया की पार्टी ने 12 फरवरी तक का समय दिया है सभी लोग मिल कर 10 फरवरी तक बूथ कमेटी बनाने का कार्यक्रम करेंगे। सभी कार्यकर्त्ता से आग्रह किया की जो अभी तक सक्रिय सदस्य नहीं बन पाए है हर हाल में आफ लायन या औनलाइन सक्रिय सदस्य 8फरवरी तक बन जाये तभी आप पदाधिकारी बन सकते है। सभी पंचायत के लिए पंचायत प्रभारी नियुक्त कर दिया गया आप सभी 10 फरवरी तक बूथ कमेटी का निर्माण हर हाल मे करदे जिससे हम सभी को मंडल मे चुनाव करने मे आसान रहे।

पत्रकार बेनू मंडल की स्मृति में निःशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
झरिया (धनबाद) : समाजसेवी, पत्रकार सह झरिया चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व सचिव बेनु मंडल उर्फ स्वरूप मंडल की स्मृति में गुरुवार को पोद्दारपाड़ा, झरिया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक लोगों की चिकित्सा कर उन्हें दवाई दी गई। पोद्दार पारा स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में सुबह 11 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक चिकित्सा शिविर चला, इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन बेनु मंडल मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट (बीएमएमएफटी) के सदस्यों ने असर्फी अस्पताल, धनबाद के सहयोग से किया। रांची मेडिकल फर्म आरपीएम के सहयोग से निःशुल्क दवाइयाँ दी गईं। रक्तचाप की जांच, रक्त शर्करा, सामान्य शारीरिक समस्याओं का इलाज किया गया। बीएमएमएफटी के आनंद मंडल और रिंकू डे ने डॉ. जाफर और सभी नर्सिंग सदस्यों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और सभी का आभार व्यक्त किया। समाजसेवी पिनाकी रॉय ने कहा, ₹बीएमएमएफटी का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। हम लोगों को 'आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड और ईएसआई कार्ड और अन्य चिकित्सा बीमा' बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। अधिकांश लोग मध्यम आयु वर्ग के थे और गैस्ट्रिक और सर्दी से संबंधित बीमारियों की समस्या का सामना कर रहे थे। चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में नयन दत्ता, बुबुन रॉय, संदीप धीबर, पिनाकी रॉय, आनंद मंडल (बेनू के भाई), मिंचू कर, स्वर्णिम डे, महेंद्र मंडल (बेनू के बेटे), संजय पंडित, सोनू निगम, आंचल कुमारी, नंदिनी कुमारी, निर्मल सेन, मिलन बनर्जी, दीपक मंडल, विवेक कुमार, आलोक धर और शेख रऊफ की भूमिका सराहनीय रही।

धनबाद जिला के विकास के लिए बनायें बेहतर योजना : उपायुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सीएसआर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने शिक्षा, समाज कल्याण, खेल सहित अन्य विभाग को सीएसआर फंड से जिला के विकास के लिए बेहतर योजना बनाने का निर्देश दिया। साथ ही पूरी हो चुकी योजनाओं का शत प्रतिशत युटिलिटी सर्टिफिकेट समय पर समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ई.सी.एल. मुगमा, बी.स.सी.एल., हर्ल सहित अन्य कंपनियों द्वारा सीएसआर से की जा रही विकास योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनीता कुजूर, चिरकुंडा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा, सिटी मैनेजर नजरुल इस्लाम, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री आयुष कुमार, बीसीसीएल से सुश्री निलंजना चक्रवर्ती, कुमार मनोज, ईसीएल से चिरंजीव दास, हर्ल से आकाश कुमार, रजत रंजन, एमपीएल से मृत्युंजय राय व अन्य लोग मौजूद थे।

सिन्दरी में सदस्यता अभियान काफी सफल रहा: अपर्णा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
सिन्दरी (धनबाद) : सिन्दरी नगर भाजपा का सांगठनिक बैठक गुरुवार को नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक की अध्यक्षता में मुख्य कार्यालय मे संपन्न हुई। बैठक में चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि सिन्दरी में सदस्यता अभियान काफी सफल रहा है जो एक अच्छा संकेत है । और आने वाले समय में भाजपा और मजबूत होगी। उन्होने कहा कि बूथ अध्यक्षों के चयन के बाद ही मंडल अध्यक्ष का चयन होगा । ग्रामीण जिलाध्यक्ष धनश्याम ग्रोवर ने कहा कि हर हाल में 12 फरवरी तक बूथ अध्यक्षों का चयन हो जाना चाहिए। केंद्रों के प्रभारी सदस्यता पर विशेष ध्यान दें। जिस बूथ पर 50 सदस्य नही बने हैं वहां 50 सदस्य जरुर बनाए जाये। ताकि बूथ अध्यक्ष का चुनाव हो सके। नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक ने कहा कि बूथ अध्यक्षों का चयन सर्वसम्मति से हो ऐसा प्रयास होना चाहिए। बैठक में शैलेश सिंह, जिला महामंत्री मनोज मिश्रा, जिला मंत्री प्रकाश बाउरी, दिनेश सिंह, राकेश तिवारी, अरविंद खत्री, रंजना शर्मा, बृजेश सिंह शामिल थे।

अनुपमा सिंह के प्रयास से गरीबों में बांटा कम्बल

झरिया (धनबाद) : अनुसूचित जाति विभाग झरिया नगर अध्यक्ष राकेश पासवान के नेतृत्व में खास झरिया वार्ड नंबर 37 में सैकड़ो कम्बल का वितरण किया गया। कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह के सौजन्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उक्त जानकारी कांग्रेस के नगर अध्यक्ष राकेश पासवान ने दी।
कहा कि कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह चुनाव परिणाम विपरीत होने के बाद भी सभी लोगों के हर सुख-दुख में आम जनता की समस्याओं का निराकरण करते हुए कार्य कर रही है।

बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए प्रधानखंता में स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
तोपचांची/धनबाद : झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण को लेकर तोपचांची प्रखंड अंतर्गत प्रधानखंता पंचायत में मुखिया सरिता देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में पंचायत के फ्रंटलाइन कार्यकर्ता-सेविका, सहायिका, सहिया, पोषण सखी, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष/ सदस्य एवं पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ दर्जनों ग्रामीणों ने भाग लिया। उक्त बैठक में उपस्थित ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी दिया।
वहीं, ट्रस्ट के जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी ने बाल तस्करी एवं बाल यौन हिंसा पर बात रखते हुए कहा कि अभी पूरे धनबाद जिले में श्रम विभाग एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। होटलों, ढाबाओं, मोटर गैराजों आदि जगहों से बाल श्रमिकों को मुक्त कराया जा रहा है। यौन शोषण पर दीपा रवानी ने उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी दी।संचालन ट्रस्ट की फिल्ड मोबलाइजर दीपा रवानी एवं धन्यवाद ज्ञापन उप मुखिया रामानंद सिंह ने किया।
मौके मुखिया सरिता देवी, वार्ड सदस्य ललिता देवी, उपमुखिया रामानंद सिंह, प्रदीप कुमार केवट, रोहन कुमार, करण कुमार ,दीपक शर्मा, चंदन कुमार, सजान मिस्त्री, पूनम देवी, आरती देवी, मुकेश कुमार नीलम देवी सोनी देवी आदि मौजूद थे।

रॉयलओक फर्नीचर के फ्लैगशिप स्टोर का पूर्व मेयर ने किया उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
धनबाद : शहर के सरायढेला में रॉयल ओक फर्नीचर का फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन किया गया है। स्टोर का उद्घाटन पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल व रॉयल लोक इनकॉरपोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के विजय सुब्रह्मण्यम प्रबंध निदेशक संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। मौके पर पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि रॉयल ओक फर्नीचर का पूरे देश में 175 स्टोर है जबकि झारखंड में दो है। एक रांची दूसरा धनबाद में खुला है। इसमें नये डिजाइन के बेहतर कलेक्शंस है। जिसका डिमांड धनबाद में है।वहीं रीजनल हेड शमीम अली ने कहा कि स्टोर में घर के हर हिस्से के लिए फर्नीचर की एक विस्तृत श्रृंखला जिसमें लिविंग रूम बैडरूम डायनिंग एरिया होम डेकोर ऑफिस आउटडोर होम डेकोर और अन्य किफायती कीमत पर स्टाइलिश और कार्यत्मक दोनों तरह के फर्नीचर उपलब्ध है। साथ ही विजय सुब्रमण्यम ने कहा झारखंड के धनबाद में स्थित हमारे दूसरे फ्लैगशिप फर्स्ट का उद्घाटन के साथ हम पूरे देश और उसके बाहर अद्वितीय कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले फर्नीचर की पेशकश करने की अपने समर्पण की पुष्टि करते हैं। हमें विश्वास है कि धनबाद के लोग अपने घरों के लिए किफायती कीमतों पर अंतरराष्ट्रीय उत्पादों तक पहुंच पाकर प्रसन्न होंगे। मैं फ्रेंचाइजी मालिकों को अपनी शुभकामनाएं देता और आशा करता हूं कि ग्राहक अपने सपनों का घर पूरा करने के लिए सही सामान दे सकेंगे।

पंचायती राज विभाग का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

कांके : झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित सबकी योजना सबका विकास अभियान 2025-26 सफल क्रियान्वयन हेतु ई- ग्राम स्वराज, टी एम पी, पी डी आई तथा जी ई एम पोर्टल संचालन हेतु कांके प्रखंड सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण 05 फरवरी से 06 फरवरी 2025 तक आयोजित किया गया, जिसमें कांके ब्लॉक के 32 और ओरमांझी ब्लॉक के 18 प्रज्ञा केंद्र संचालक कुल 50 डिजिटल पंचायत वीएलई (प्रज्ञा केंद्र संचालक) ने भाग लिया। प्रशिक्षण हेतु डिजीग्राम के मास्टर ट्रेनर त्रिलोक सिंह कर्ण और ब्लॉक मैनेजर हसनैन अहमद अंसारी मास्टर ट्रेनर के रूप में थे। मास्टर ट्रेनर त्रिलोक कुमार कर्ण और ब्लॉक मैनेजर हसनैन अहमद अंसारी ने बताया कि कांके रोस्टर में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रित पंचायत वीएलई (प्रज्ञा केंद्र संचालक) ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया और बहुत ही शांति और आदर्श के साथ अपना प्रशिक्षण लिया।

आईएसटीई बीआईटी सिन्दरी का पदस्थापना समारोह सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद): बीआईटी सिंदरी, में गुरु 6 फरवरी को भारतीय तकनीकी शिक्षा सोसायटी (आईएसटीई) बीआईटी सिंदरी का पदस्थापना समारोह सत्र 2024-25 के लिए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंतिम वर्ष के सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियां तीसरे वर्ष के योग्य सदस्यों को सौंप दीं। इसके साथ ही, दूसरे वर्ष के छात्रों को भी उप-पद प्रदान किए गए, जिससे समाज में नेतृत्व की निरंतरता बनी रहे। यह समारोह शाम 4 बजे बीआईटी सिंदरी के आईटी भवन में आयोजित किया गया, जिसमें प्रो. बीडी यादव आईएसटीई बीआईटी सिंदरी के प्रोफेसर इंचार्ज के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। समारोह में छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिससे तकनीकी शिक्षा और व्यावसायिक विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता झलकती है। नई नेतृत्व टीम के साथ, आईएसटीई बीआईटी सिंदरी नवाचार और उत्कृष्टता की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।

बीआईटी सिन्दरी में इंटरप्रेन्योर सेल का कार्यक्रम शनिवार को, शामिल होंगे फिल्म निर्देशक प्रकाश झा

सिन्दरी (धनबाद) : बीआईटी सिंदरी में इंटरप्रेन्योर सेल द्वारा आयोजित इंटरप्रेन्योरशीप कार्यक्रम में शनिवार को निमार्ता निर्देशक प्रकाश झा मार्गदर्शन करेंगें। इन्टरप्रेन्योर सेल के अध्यक्ष डॉ प्रकाश कुमार ने बताया कि 8 फरवरी शनिवार को आयोजित कार्यक्रम मे झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी से संबंधित राज्य के सभी टेक्निकल संस्थानों के पांचवे सेमेस्टर के विद्यार्थी इस बहुप्रतिष्ठित कार्यक्रम मे शामिल होंगे । प्रकाश झा भारत के एक प्रतिष्ठित फिल्म निमार्ता निर्देशक हैं जो फिल्मों के माध्यम से अपनी तीखी सामाजिक और राजनीतिक टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं । प्रकाश झा ने नाट्य कला के क्षेत्र में शून्य से शुरूआत कर आज फिल्म के निर्माण और निदेशन के क्षेत्र मे शिखर पर हैं। डॉ. प्रकाश कुमार ने बताया कि राज्य के उद्यमियों को प्रकाश झा से प्रेरणा मिलेगी और वे अपने अनुभव को साझा करके बहुत से उद्यमशील विद्यार्थियों को उद्यमशीलता के लिए प्रेरित करेंगे। इस कार्यक्रम में पांचवे सेमेस्टर के अलावा अन्य सेमेस्टर के छात्र और प्राध्यापक भी शामिल होंगे।

रामराज मंदिर चिटही धाम में आयोजित यज्ञ में बह रही भक्ति की धारा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता
कतरास (धनबाद) : राम राज्य मंदिर चिटाही धाम में आयोजित दूसरे दिन गुरुवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ मंडप पहुंचे। यज्ञाचार्य द्वारा जारी मंत्रोच्चारण से पूरे क्षेत्र में भक्ति की धारा बह रही है। वहीं गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त श्री श्री रविशंकर यज्ञ मंडप पहुंचे। उनके कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्री रविशंकर ने भक्तों को संबोधित करते हुए इस कार्यक्रम की सराहना की। इसके पहले बंधु मोहेल ओपेरा कोलकाता की टीम ने बांग्ला जात्रा धरमेर कोल बतासे नोड का मंचन किया। जात्रा के माध्यम से यह दशार्या गया कि कठिन चुनौतियों में हमें हार नहीं माननी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के सीएमडी समीरन दत्ता, डीटी मुरली रमैया, संजय सिंह समेत बीसीसीएल के कई अधिकारी मौजूद थे। सीएमडी समीरन दत्ता ने बुधवार को फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। श्री राम महायज्ञ के मुख्य यजमान धनबाद सांसद ढुल्लू महतो एवं बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं रामराज मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।
इस दौरान बीसीसीएल के सीएमडी समीरान दत्त ने कहा कि धनबाद जिला के बाघमारा चिटाही धाम में आयोजित कार्यक्रम में आकर मन प्रसन्न हो उठा, ऐसे सनातनी कार्यक्रम के लिए मैं तहे दिल से सांसद ढुल्लू महतो को बधाई देता हूं। एसे कार्यक्रम से धनबाद जिला को पहचान मिला है।
अतिथियों ने इस भव्य आयोजन के लिए धनबाद सांसद दुल्लू महतो और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो का आभार व्यक्त किया। धर्म की ठंडी हवा नामक बांग्ला जात्रा के कलाकारों ने वहां मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया।
पूरी रात दर्शकों ने इस प्रस्तुति का आनंद लिया।
वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन श्री श्री रविशंकर महाराज पहुंचे।
उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर पूजन अर्चना किया। यज्ञ मंडप पहुंचे और श्रद्धालुओं को संबोधित भी किया। संध्या में सुप्रसिद्ध भक्ति गायिका स्वाति मिश्रा जी का भी आयोजन होना है।

सम्पादकीय.....

औद्योगिक विकास को मिलेगी नयी दिशा

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जापान यात्रा ने न केवल जापान की औद्योगिक प्रगति और विकास को करीब से समझने का अवसर प्रदान किया बल्कि वहाँ के लोगों की जीवनशैली, संस्कृति, तकनीकी विकास को भी करीब से देखा। जापान सरकार और प्रवासी भारतीयों द्वारा डॉ. यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। जापान में उनकी यात्रा का उद्देश्य एमपी और जापान के सांस्कृतिक और व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना रहा। जब वह टोक्यो पहुंचे तो उनका वहाँ स्थानीय प्रशासन द्वारा स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जापान दौरे के पहले दिन टोक्यो में विभिन्न महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों में शामिल हुए। टोक्यो में जापान के निवेशकों और औद्योगिक संस्थानों के प्रमुखों के साथ मध्यप्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के बढ़ावा देने वाले क्षेत्रों और संभावनाओं के विषयों पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव फ्रेंड्स ऑफ एमपी-जापान टीम के साथ भेंट करने के साथ ही टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ औद्योगिक और निवेश सहयोग के विषय पर बैठक की जिसके बाद टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में सेलिब्रेटिंग इंडिया-जापान रिलेशनशिप : फोकस मध्यप्रदेश रोड-शो में भी सहभागिता की। जापान के तकनीकी विकास से डॉ. मोहन यादव को काफी प्रभावित किया। उन्होंने देखा कि कैसे जापान अपने अत्याधुनिक तकनीकी अविष्कारों और इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से दुनिया भर में एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है। वहाँ की रेल प्रणाली ने उन्हें खासा प्रभावित किया। उन्होंने बुलेट ट्रेन की सवारी की और महसूस किया कि कैसे यह तकनीकी दृष्टि से दुनिया के सबसे तेज और सुरक्षित परिवहन साधनों में से एक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जापान एक्सटर्नल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन के साथ टोक्यो के मिनाटो-कू में विस्तृत चर्चा की जिसमें जापानी कंपनियों के मध्यप्रदेश में निवेश को लेकर संभावनाओं और सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ। जेट्रो ने मध्यप्रदेश सरकार के साथ बड़े निवेश पर चर्चा की। डॉ. मोहन यादव ने जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी को मध्यप्रदेश में हाइड्रो प्रोजेक्ट में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा उपकरणों का उत्पादन करने वाली कंपनी एएनडीडी मेडिकल के निदेशक डाइकी अराई ने मध्य प्रदेश में निर्माण इकाई स्थापित करने की मंशा जाहिर की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टोक्यो में एएनडी मेडिकल कम्पनी के निदेशक डाइकी अराई से मुलाकात कर मध्यप्रदेश में चिकित्सा उपकरण निर्माण के अवसरों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन के अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश के लिये आमंत्रित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार औद्योगिक इकाइयों को रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध करा रही है। उन्होंने इस पार्क को भारत के तेजी से विकसित हो रहे हेल्थ केयर और मेडिकल डिवाइस सेक्टर का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बताया। उज्जैन में बन रहे मेडिकल डिवाइस और मुख्य रूप से मेडिकल सेक्टर के लिए भी जापान के उद्योगपतियों से निवेश की बात कही है। सीएम डॉ. यादव के प्रयासों से मध्य प्रदेश में मेडिकल और फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग का नया हब बनने जा रहा है जिसके लिए जापान से निवेशकों के बड़े प्रस्ताव भी मिले हैं। उन्होंने सिस्मेक्स की अत्याधुनिक मेडिकल डिवाइस निर्माण तकनीक का अवलोकन किया और मध्यप्रदेश में सिस्मेक्स को आमंत्रित किया। एएंडडी मेडिकल ने मध्यप्रदेश में अपनी निर्माण इकाई स्थापित करने में विशेष रूचि दिखाते हुए इसे वर्ष के अंत तक इसे शुरू करने की बात कही है।

नयी कृषि योजना से किसान हो पायेगा धन-धान्य पूर्ण?

विशेष | प्रियंका सौरभ

बजट में प्रत्यक्ष सब्सिडी की तुलना में वित्तीय सहायता को अधिक प्राथमिकता दी गई है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसानों को सामान्य सब्सिडी के बजाय फसल-विशिष्ट और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के आधार पर अनुरूप सहायता मिले। डिजिटल सलाहकार सेवाओं और मृदा स्वास्थ्य निगरानी के माध्यम से धान किसानों के लिए लक्षित सहायता के परिणामस्वरूप तेलंगाना में फसल की पैदावार और बाजार की कीमतों में सुधार हुआ है। छोटे और सीमांत किसानों को बड़ी ऋण राशि प्राप्त करने में सक्षम बनाकर, बढ़ी हुई केसीसी ऋण सीमा ने उन गैर-लाइसेंस प्राप्त साहूकारों पर उनकी निर्भरता को कम कर दिया है जो अत्यधिक ब्याज दरें लगाते हैं। किसानों को जल-कुशल और जलवायु-स्मार्ट खेती तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करके, धन-धान्य कृषि योजना अनियमित मानसून और जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों को कम करती है।

भारत की अर्थव्यवस्था कृषि पर बहुत अधिक निर्भर करती है, लेकिन यह बाजार की अक्षमताओं, खंडित भूमि जोतों और ऋण तक सीमित पहुँच जैसी संरचनात्मक समस्याओं का सामना करती है। किसानों की वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने के लिए सबसे हालिया बजट में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण सीमा में वृद्धि जैसी पहल शामिल की गई थी। कृषि बाजारों में अक्षमताओं को दूर करने में की गई प्रगति की डिग्री उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह पहल टिकाऊ खेती के तरीकों और बेहतर खेती के तरीकों के माध्यम से कृषि उत्पादकता और जलवायु लचीलापन में सुधार करना चाहती है। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों ने तुलनीय कार्यक्रमों के तहत लागू ड्रिप सिंचाई और एआई-संचालित मृदा विश्लेषण जैसी सटीक खेती के तरीकों की बदौलत उत्पादकता में वृद्धि देखी है। ऋण सीमा को ?3 लाख से बढ़ाकर ?5 लाख कर दिया गया है, जिससे किसानों को उर्वरक, बीज और समकालीन कृषि उपकरणों पर खर्च करने के लिए अधिक पैसा मिल रहा है। उच्च ऋण सीमा ने पंजाब और हरियाणा के छोटे किसानों के लिए मशीनी उपकरण खरीदना संभव बना दिया है, जिससे उत्पादकता बढ़ी है और मैनुअल श्रम पर निर्भरता कम हुई है। बजट में कम उत्पादकता वाले 100 जिलों को लक्षित किया गया है और बेहतर सिंचाई प्रणाली, उच्च उपज वाले बीज और बेहतर भंडारण बुनियादी ढांचे सहित उपज और लाभप्रदता को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र-विशिष्ट उपाय पेश किए गए हैं। सिंचाई और मृदा प्रबंधन में सुधार करके, गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में इसी तरह की जिला-केंद्रित रणनीति के परिणामस्वरूप कपास की उपज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन का उद्देश्य बीज की गुणवत्ता को बढ़ाना और अनियमित मौसम पैटर्न और मिट्टी की गिरावट के कारण होने वाली फसल की विफलताओं को कम करना है। हाल के वर्षों में, उत्तर प्रदेश ने जलवायु-लचीली गेहूँ की किस्मों को पेश करके तेज तापमान परिवर्तन के दौरान उपज के नुकसान को कम किया है। बजट में प्रत्यक्ष सब्सिडी की तुलना में वित्तीय सहायता को अधिक प्राथमिकता दी गई है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि किसानों को सामान्य सब्सिडी के बजाय फसल-विशिष्ट और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के आधार पर अनुरूप सहायता मिले। डिजिटल सलाहकार सेवाओं और मृदा स्वास्थ्य निगरानी के माध्यम से धान किसानों के लिए लक्षित सहायता के परिणामस्वरूप तेलंगाना में फसल की पैदावार और बाजार की कीमतों में सुधार हुआ है। बेहतर सिंचाई और उच्च उपज वाले बीजों पर ध्यान केंद्रित करने से प्रति एकड़ उत्पादन में वृद्धि होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में वृद्धि होगी। एक तुलनीय कार्यक्रम के तहत, मध्य प्रदेश ने संकर मक्का किस्मों को अपनाया, जिससे तीन वर्षों में उत्पादन में वृद्धि हुई। छोटे और सीमांत किसानों को बड़ी ऋण राशि प्राप्त करने में सक्षम बनाकर, बढ़ी हुई केसीसी ऋण सीमा ने उन गैर-लाइसेंस प्राप्त साहूकारों पर उनकी निर्भरता को कम कर दिया है जो अत्यधिक ब्याज दरें लगाते हैं। किसानों को जल-कुशल और जलवायु-स्मार्ट खेती तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर-के, धन-धान्य कृषि योजना अनियमित मानसून और जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों को कम करती है। वर्षा में गिरावट के बावजूद, राजस्थान के किसान सूखा-प्रतिरोधी बाजरा किस्मों को बढ़ावा देकर उत्पादन बनाए रखने में सक्षम रहे हैं। बेहतर बुनियादी ढाँचा और ऋण तक आसान पहुँच किसानों को अत्याधुनिक तकनीक में निवेश करने की अनुमति देती है, जो फसल के बाद के नुकसान को कम करती है और बाजार की कीमतों को बढ़ाती है। वित्तीय कठिनाइयों वाले जिलों में ऋण में सुधार और केंद्रित हस्तक्षेपों को लागू करने पर जोर देने से वित्तीय कठिनाई कम होगी और कर्ज.के बोझ से किसानों की आत्महत्या की संख्या कम होगी। महाराष्ट्र के विदर्भ में ऋण पुनर्गठन कार्यक्रम ने किसानों को उनकी आय स्थिर करने में सहायता की, जिसके परिणामस्वरूप अंततः ऋण-सम्बंधी संकट के मामलों में कमी आई। केसीसी ऋण सीमा में वृद्धि के कारण किसानों को अधिक वित्तीय लचीलापन मिला है, जिससे अनौपचारिक साहूकारों पर उनकी निर्भरता कम हो गई है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए, जो भारत की कृषि आबादी का लगभग 86% हिस्सा हैं, आधिकारिक ऋण प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है। वे इस उपाय का उपयोग उच्च गुणवत्ता वाली मशीनरी और बीजों में निवेश को वित्तपोषित करने के लिए कर सकते हैं। धन-धान्य कृषि योजना जलवायु-लचीली खेती और उच्च उपज वाले बीजों को प्रोत्साहित करती है, जो जलवायु परिवर्तन के सामने खाद्य सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। सूखा-प्रतिरोधी और उच्च उपज वाले बीजों की उपलब्धता पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में उत्पादन को स्थिर कर सकती है जहाँ अप्रत्याशित मानसून पैदावार को प्रभावित करता है।

आओ ताली बजायें, स्वस्थता की ओर कदम बढ़ायें

गौरतलब | एडवोकेट किशन सनमुखदास

साथियों बात अगर हम ताली बजाने को निराशा से उबारने की थेरेपी की करें तो, यह निराशा की स्थिति से उबरने के लिए असरदार थेरेपी है। कोई व्यक्ति पाचन की समस्या से गुजर रहा हो तो उसे क्लैपिंग थेरेपी अपनानी चाहिए। हृदय और फेफड़ों से जुड़ी समस्याओं, अस्थमा के इलाज में यह थेरेपी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह गर्दन के दर्द से लेकर पीठ और जोड़ों के दर्द में भी आराम पहुंचाती है।

भारत के हजारों वर्षों के इतिहास का अगर हम अध्ययन करें तो हमें हर सामायिक अंतर में हमें अनमोल गाथाएं महसूस करने को मिलेगी, कि क्यों भारत को सोने की चिड़िया का दर्जा दिया जाता था, क्यों हजारों हमारे पूर्वजों, बड़े बुजुर्गों की अनमोल संस्कृति सभ्यता वैश्विक स्तरपर सटीक लुभावने, आकर्षित करने वाली हैं जिसपर बुरी नजरें अंग्रेजों की पड़ी और इस सोने की चिड़िया को गुलाम बनाकर अनमोल संसाधनों का दोहन किया। वैसे तो गाथाओं का कोई अंत नहीं परंतु आज हम भारत की ताली गाथा पर चर्चा इस आर्टिकल के माध्यम से करेंगे जिसके उद्धत फायदे हैं, मानवीय ऊर्जा और स्पंदन को उठाती है। जो परंपरा पुरातन काल से ही चली आ रही है शायद ऋषि-मुनियों को पता था कि लोगों के पास व्यायाम का भी समय नहीं बचेगा इसलिए ताली संस्कृति शुरू की आओ ताली बजाएं!!

साथियों बात अगर हम ताली को परिभाषित करने की करें तो, ताली उस ध्वनि को कहते हैं जो दो सपाट सतहों के आपस में टकराने से उत्पन्न होती है, जैसे मनुष्यों या जानवरों के अंगों में, मनुष्य अपने हाथ की हथेलियों द्वारा ताली बजाते हैं, प्रायः प्रशंसा या अनुमोदन (देखें सराहना) की अभिव्यक्ति में निरंतर घनघनाहट साथ, लेकिन कभी-कभी ताली लय के साथ भी बजायी जाती है जिससे कि वह संगीत और नृत्य के स्वरों से मेल करे। सील उन कुछ जंतुओं में से हैं जो ताली बजा सकते हैं। साथियों बात अगर हम ताली बजाने के वैज्ञानिक दृष्टिकोण की करें तो, ताली बजाना एक व्यायाम ही है, ताली बजाने से हमारे शरीर में खिंचवा होता है, शरीर की मांसपेशियां एक्टिव हो जाती है। जोर झ जारे से ताली बजाने से कुछ ही देर में एहसास होगा कि आपको पसीना आना शुरू हो गया और पूरे शरीर में एक उत्तेजना पैदा हो गई है। बस यही है व्यायाम। हमारी हथेलियों में शरीर के अन्य अंगों की नसों के बिंदु होते हैं, जिन्हें एक्यूप्रेशर बिन्दु कहते हैं। ताली बजाने से इन बिंदुओं पर जोर पड़ता है और संबंधित अंगों में रक्त संचार बढ़ता है, जिससे वे बेहतर काम करने लगते हैं। एक्युप्रेशर पद्धति में ताली बजाना सबसे ज्यादा लाभदायक माना गया है। ताली बजाने की परंपरा पुरातन काल से चली आ रही है। आज मानवीय जीव पास है व्यायाम का भी समय नहीं है इसी बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मंदिरों में ताली बजाने की परंपरा शुरू की ताकि कुछ देर ही सही पर हम व्यायाम कर सकें।

आज का इतिहास

- प्रुशिया एवं आस्ट्रेलिया ने 1792 में फ्रांस के ख़िलाफ़ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- यूरोपीय देश बेल्जियम ने 1831 में संविधान स्वीकार किया।
- अमेरिका के बाल्टिमोर में 1904 में जबरदस्त आग लगने से पन्द्रह सौ इमारतें जल कर खाक।
- चलती ट्रेन से 1915 में पहली बार भेजा गया वायरलेस संदेश रेलवे स्टेशन को प्राप्त हुआ।
- ब्रिटेन में रेलवे का राष्ट्रीयकरण 1940 में हुआ।
- यूनाइटेड किंगडम ने थाईलैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा 1942 में की।
- अमेरिका, ब्रिटेन, और रूस ने 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण पर चर्चा की।
- अरब और यहूदियों ने 1947 में फिलीस्तीन को विभाजित करने के ब्रिटेन के प्रस्ताव को खारिज किया।
- क्यूबा से सभी तरह के आयात पर अमेरिका ने 1962 में रोक लगाई।
- जर्मनी की एक कोयला खदान में 1962 में हुए विस्फोट से लगभग 300 मजदूरों की जान गयी।
- अमेरिका ने 1965 में उत्तरी वियतनाम में लगातार हवाई हमले शुरु किये।
- 1983 में कोलकाता में ईस्टर्न न्यूज एजेंसी की स्थापना।
- जापान द्वारा 1987 में अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (ए.एन.सी) को मान्यता।
- 1999 में जार्डन के शाह हुसैन की मौत, अब्दुला नये शाह बने।
- वाशिंगटन में भारत और अमेरिका के बीच गठित संयुक्त विरोधी दल की पहली बैठक 7 फरवरी , 2000 को शुरु हुई ।
- एरियल शेरोन 7 फरवरी, 2001 में इजरायल के प्रधानमंत्री के रुप में चुने गये।
- फ्रांस के प्रधानमंत्री ज्यां पियरे रैफरिन 7 फरवरी, 2003 में भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे।
- नेपाल में स्थानीय निकायों के लिए 7 फरवरी , 2006 में वोटिंग हुई
- इक्वाडोर का तंगुराही ज्वालामुखी 7 फरवरी, 2008 को फटा।

सुविचार

बुद्धिमत्ता की पुस्तक में ईमानदारी सबसे पहला अध्याय है

अज्ञात

मित्रता आनंद को दोगुना और दुख को आधा कर देती है

मित्र की कहावत

● किसने क्या कहा

कांग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा है

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

सरकार विदेशों में भारतीय छात्रों के कल्याण पर सावधानीपूर्वक नजर रखती है

डॉ. एस. जयशंकर
विदेश मंत्री

अंकजाल - 7812

	21	13	45	33			21	23	
21	9		7			5			14
23		2		5		8		5	20
	3		2		3		2		35
				7		5		8	36
33	9		3		5				
38		3		4		2		6	
14	3		7		8		5		29
13		6				6		7	25
	20	15			27	44	18	21	

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

अंकजाल 7811 का हल

	25	19	23		31	19	16	11	
14	7	2	5		7	8	5	4	24
18	9	2	7		5	8	7	5	25
13	3	8	2		7	3	4	2	16
32	6	7	9	3	7				
				2	5	9	2	3	21
26	8	5	6	7		3	6	4	13
18	5	2	5	6		3	4	7	14
29	8	8	5	8		6	4	4	14
	21	15	16	26		21	16	18	

Jagrutidaur.com, Bangalore

मन की शक्ति

मन को जीवन का केंद्रबिंदु कहना असंभव नहीं है। मनुष्य की क्रियाओं, आचरणों का प्रारंभ मन से ही होता है। मन तरह-तरह के संकल्प, कल्पनाएं करता है। जिस ओर उसका रुझान हो जाता है उसी ओर मनुष्य की सारी गतिविधियां चल पड़ती है। जैसी कल्पना हो उसी के अनुरूप प्रयास-पुरुषार्थ एवं उसी के अनुसार फल सामने आने लगते हैं। मन जिधर रस लेने लगे उसमें लौकिक लाभ या हानि का बहुत महत्व नहीं रह जाता। प्रिय लगने वाले के लिए सब कुछ खो देने और बड़े से बड़े कष्ट सहने को भी मनुष्य सहज ही तैयार हो जाता है। मन यदि अच्छी दिशा में मुड़ जाए; आत्मसुधार, आत्मनिर्माण और आत्मविकास में रुचि लेने लगे तो जीवन में एक चमत्कार हो सकता है। सामान्य श्रेणी का मनुष्य भी महापुरुषों की श्रेणी में आसानी से पहुंच सकता है। सारी कठिनाई मन को अनुपयुक्त दिशा से उपयुक्त दिशा में मोड़ने की ही है। इस समस्या के हल होने पर मनुष्य सच्चे अर्थ में मनुष्य बनता हुआ देवत्व के लक्ष्य तक सुविधापूर्वक पहुंच सकता है। शरीर के प्रति कर्तव्य पालन करने की तरह मन के प्रति भी हमें अपने उत्तरदायित्वों को पूर्ण करना चाहिए। कुविचारों और दुर्भावनाओं से मन गंदा, मलिन और पतित होता है, अपनी सभी विशेषता और श्रेष्ठताओं को खो देता है। इस स्थिति से सतर्क रहने और बचने की आवश्यकता का अनुभव करना हमारा पवित्र कर्तव्य है।

सामाजिक उल्लास बनाम अराजक उत्सव : आत्ममंथन का समय

प्रो. आरके जैन

मनुष्य अपनी प्रकृति से ही एक सामाजिक प्राणी है, जिसकी आत्मा उत्सवों, उल्लास और सामूहिक सौहार्द में आनंदित होती है। वह अपनी खुशियों की अभिव्यक्ति में अद्वितीय कुशलता प्रदर्शित करता है, किंतु प्रायः इस आनंदोत्सव के दौरान सामाजिक मयार्दाओं और दूसरों की असुविधाओं को अनदेखा कर देता है। विशेषकर विवाह, पर्व-त्योहारों और सार्वजनिक आयोजनों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। प्रलयंकारी ध्वनि में गूँजता कानफोडू संगीत, सड़कों पर तंबू और पंडाल लगाकर यातायात को अवरुद्ध करना, सार्वजनिक स्थलों को कूड़े-कचरे से भर देना, नियम-विरुद्ध ढंग से वाहनों को खड़ा करना और अराजक नृत्य-गान द्वारा सामूहिक जीवन की सहज धारा को बाधित करना– ये सब सामाजिक उत्तरदायित्व की अवहेलना के ज्वलंत उदाहरण हैं। यह परिदृश्य व्यक्ति की आत्म-केंद्रित मानसिकता का द्योतक है, जिसमें अपनी मनोरंजन-प्रियता को परम स्थान दिया जाता है, जबकि सामाजिक अनुशासन और सामूहिक सुविधा को तिरस्कृत कर दिया जाता है।

जब कोई व्यक्ति उल्लास और उमंग में विभोर हो जाता है, तो मानो उसके अंतःचक्षु और अंतःश्रवण बंद हो जाते हैं– वह अपने आस-पास के लोगों की पीड़ा को अनुभव करने में अक्षम हो जाता है। यह केवल असंवेदनशीलता नहीं, बल्कि एक प्रकार की सामाजिक निरंकुशता है, जो इंगित करती है कि उसकी प्रसन्नता सर्वोपरि है और अन्य लोगों को उसमें बाधक नहीं, अपितु सहभागी बनना चाहिए। इस आत्ममुग्ध प्रवृत्ति का समाज की समरसता और पारस्परिक सौहार्द पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, जिससे आपसी वैमनस्य और मतभेद पनपने लगते हैं। इस प्रवृत्ति के मूल में एक अहंकारजनित धारणा भी समाहित है– जहाँ उत्सव की भव्यता को प्रतिष्ठा का पर्याय मान लिया जाता है। लोग अपनी सामाजिक छवि को सुदृढ़ करने के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तत्पर रहते हैं, भले ही इसका व्यापक समाज पर घातक प्रभाव क्यों न पड़े।

इस समस्या की जड़ में यह मिथ्या धारणा भी समाहित है कि 'हम तो कभी-कभार ही ऐसा करते हैं, अतः दूसरों को इसे सहन करना चाहिए।' यह सोच केवल आत्मकेंद्रित प्रवृत्ति को ही नहीं दशार्ती, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की घोर उपेक्षा को भी उजागर करती है। आवश्यकता इस बात की है कि हम एक ऐसी शिक्षाप्रणाली को अपनाएँ, जो केवल विद्या ही नहीं, अपितु नैतिक मूल्यों, सामाजिक संवेदनशीलता एवं परस्पर सहानुभूति के भाव को भी विकसित करे। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सामाजिक संस्थानों को ऐसे कार्यक्रम संचालित करने चाहिए, जो लोगों में सामुदायिक चेतना एवं सह-अस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करें। केवल नैतिकता का बौद्धिक प्रचार ही पर्याप्त नहीं, बल्कि कानूनी व्यवस्था को भी कठोर और प्रभावी बनाना होगा। ध्वनि प्रदूषण, अनधिकृत अतिक्रमण और यातायात अवरोध जैसी समस्याओं के समाधान हेतु कड़े कानून न केवल लागू किए जाएँ, बल्कि उनका कठोर क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया जाए। प्रशासन को चाहिए कि सार्वजनिक आयोजनों के लिए स्पष्ट और सख्त दिशानिर्देश निर्धारित करे और उनका पालन अनिवार्य रूप से करवाए।

राशिफल

मेष आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।	**तुला** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
वृष व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी।	**वृश्चिक** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है।
मिथुन आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।	**धनु** उच्च मनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।
कर्क बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी।	**मकर** आत्मीय जनों से मिलन होगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे।
सिंह व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचें। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी।	**कुंभ** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।
कन्या पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।	**मीन** शांतिपूर्वक नित्य कार्य करे। संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है।

प्रयागराज महाकुंभ में वाटर एटीएम की सफलता के मायने

गौरतलब | मुकुंद

इस बार प्रशासन ने न केवल स्वच्छ जलापूर्ति की व्यवस्था की है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया है। महाकुंभ मेला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि वाटर एटीएम पूरे आयोजन के दौरान बिना किसी बाधा के कार्य करते रहें। इसके अलावा प्रयागराज प्रशासन आगे भी इसी तरह की पहल करने पर विचार कर रहा है। इसका सबसे बड़ा लाभ श्रद्धालुओं को तो मिल ही रहा है, इससे प्रशासन को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक कचरे में कमी लाने की दिशा में भी सफलता मिल रही है।

प्रयागराज महाकुंभ में वाटर एटीएम के प्रयोग ने ऐसे धार्मिक आयोजनों में इसकी सार्थकता पर चार चांद लगा दिए हैं। उम्मीद है कि देश में होने वाले ऐसे आयोजनों में वाटर एटीएम की व्यवस्था की जाएगी। भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में वाटर एटीएम के प्रयागराज महाकुंभ-2025 में मिल रही लोकप्रियता पर चर्चा की गई है। इसमें कहा गया है कि महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन ने वाटर एटीएम के माध्यम से स्वच्छ और शुद्ध पेयजल की व्यापक व्यवस्था की गई है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में 233 वाटर एटीएम स्थापित किए गए हैं। यह सभी 24 घंटे बिना किसी बाधा के संचालित हो रहे हैं। इनसे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शुद्ध आरओ (रिवर्स ऑस्मोसिस) जल प्राप्त कर रहे हैं। मेला प्रशासन के अनुसार, 21 जनवरी से एक फरवरी तक 40.85 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने इन वाटर एटीएम का लाभ उठाया।

महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए मेला प्रशासन ने वाटर एटीएम के माध्यम से निःशुल्क पेयजल वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की है। पहले यह सुविधा एक रुपये प्रति लीटर के शुल्क पर उपलब्ध थी। तब श्रद्धालु या तो सिक्का डालकर या यूपीआई स्कैन के माध्यम से भुगतान कर आरओ जल प्राप्त कर सकते थे। अब यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क है। इसके मकसद यह है कि श्रद्धालुओं को स्वच्छ जल प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। यही नहीं प्रत्येक वाटर एटीएम पर एक ऑपरेटर तैनात किया गया है। वह श्रद्धालुओं के अनुरोध पर बटन दबाते ही शुद्ध जल उपलब्ध कराता है। इससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि श्रद्धालुओं को जल प्राप्त करने में कोई समस्या न हो और पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे।

महाकुंभ में स्थापित वाटर एटीएम आधुनिक तकनीक से लैस है। इन मशीनों में सेंसर-आधारित निगरानी प्रणाली लगी हुई है, जो किसी भी तकनीकी खामी का तुरंत पता लगाती है। यदि किसी वाटर एटीएम में कोई तकनीकी समस्या आती है, तो इसे जल निगम के तकनीशियन तुरंत ठीक कर देते हैं।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की विशाल संख्या को देखते हुए प्रत्येक वाटर एटीएम से प्रतिदिन 12 से 15 हजार लीटर आरओ जल की आपूर्ति की जा रही है। सभी वाटर एटीएम में सिम-आधारित तकनीक का प्रयोग किया गया है। इस वजह से यह प्रशासन के केंद्रीय नेटवर्क से जुड़े रहते हैं। इस तकनीक के जरिये कुल जल खपत, जलस्तर प्रबंधन, जल की गुणवत्ता और वितरण की मात्रा पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। हर बार जब कोई श्रद्धालु वाटर एटीएम का उपयोग करता है तो एक लीटर शुद्ध जल निकलता है, जिसे वह मशीन में लगी टोंटी के नीचे रखी बोतल में भर सकता है।

पिछले महाकुंभ आयोजनों में देखा गया था कि संगम और अन्य घाटों के आसपास प्लास्टिक की बोतलों और अन्य कचरे की समस्या गंभीर रूप से बढ़ जाती थी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक झलक

ऑपरेशन के बाद महिला की हुई मौत

गढ़वा : भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऑपरेशन के बाद एक महिला की मौत हो गयी। मृतक उतर प्रदेश के बिंडमगंज थाना क्षेत्र के पत्तहरिया गांव निवासी मुकेश कुमार गुप्ता की पत्नी दुर्गा देवी 32 वर्ष है। बताया जा रहा है। की मृतक अपने ससुराल से बाध्यकरण ऑपरेशन के लिए अपने मायके भवनाथपुर थाना क्षेत्र के सरैया गांव बुधवार को आई थी। जहां से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में बाध्यकरण ऑपरेशन के लिए लाया गया था। जहां बुधवार की शाम को डॉ. वीरेंद्र कुमार भवनाथपुर प्रभारी दिनेश कुमार सिंह सहित एक अन्य चिकित्सक के द्वारा बाध्यकरण ऑपरेशन किया गया। गुरुवार की सुबह 4 बजे उक्त महिला की तबियत बिगड़ने लगी। वहां उपस्थित चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सको ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना में मृतिका के पिता ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान चिकित्सको ने बड़ी चूक की। जिसके कारण दुर्गा की मौत हुई। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दी है। बताते चले कि बाध्यकरण ऑपरेशन में लापरवाही का यह कोई एक नया मामला नहीं है। पूर्व में भी बाधाकरण में हुई लापरवाही को लेकर कई मरीज के परिजन एवं मरीज के द्वारा सिविल सर्जन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक को आवेदन दिया गया हैं।

16-17 फरवरी को होगा गुमला लिटरेचर फेस्टिवल-2 का आयोजन

गुमला : 16 एवं 17 फरवरी 2025 को गुमला लिटरेचर फेस्टिवल-2 का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर भारत के प्रसिद्ध है गीतकार लेखक कॉमेडियन फिल्म निर्माता कवियों को देखने और सुनने को मौका मिलेगा गुमला की जनता को यह दो दिवसीय साहित्यिक आयोजन में साहित्य, कला, संस्कृति और संवाद का उत्सव होगा। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में प्रसिद्ध भारतीय गीतकार, लेखक, स्टैंड-अप कॉमेडियन और फिल्म निमार्ता वरुण ग्रोवर, लेखक चंद्रहास चौधरी, कवि एवं लेखक नीलोत्पल मृणाल, तथा हिंदी और अंग्रेजी कथा एवं कविता लेखिका अनुकृति उपाध्याय अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इनके विचारों, लेखन और रचनात्मक अभिव्यक्तियों से साहित्य प्रेमियों को लाभान्वित होने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर जिले के समस्त साहित्य प्रेमियों, लेखकों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे इस आयोजन में आवश्यक भाग लें और कार्यक्रम को सफल बनाए।

मुखिया संघ ने मांगा पिस्टल का लाइसेंस

लोहरदगा : जनता की सेवा के लिए जनता के जरिये चुने गए मुखिया को अब जान का खतरा महसूस होने लगा है। इन लोगों को अपनी जीवन रक्षा के लिए हथियार चाहिए। लोहरदगा जिला मुखिया संघ के जरिये लोहरदगा डीसी को गुरुवार को आवेदन देकर कहा गया है कि आए दिन मुखिया की हत्या हो रही है। इससे अपने क्षेत्र में कार्य करने में मुखिया को जान का भय सताने लगा है। वर्तमान में नामकुम प्रखंड के हाहपे पंचायत के मुखिया नन्हे कच्छप को 23 जनवरी 2025 को अपराधियों ने गोली मार दी थी।

उपायुक्त ने की धान अधिप्राप्ति को लेकर समीक्षा बैठक

निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिले में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 के तहत धान अधिप्राप्ति कार्यों की प्रगति को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में धान खरीद एवं किसानों के निबंधन से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने धान अधिप्राप्ति केंद्रों की स्थिति की बिंदुवार जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को लगातार निगरानी रखने और अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिले में संचालित सभी लैंप्स के कर्मियों

को अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क कर जागरूकता अभियान चलाने और उन्हें लैंप्स के माध्यम से धान आपूर्ति के लिए प्रेरित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी भी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही सामने आती है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन लैंप्स में धान अधिप्राप्ति की न्यूनतम मात्रा सुनिश्चित करें। इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जन शिकायत निवारण को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

लातेहार : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को जन शिकायत निवारण कोषांग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जन शिकायत निवारण से प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की गई तथा उनके निष्पादन की प्रगति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता का प्रशासन पर विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का जल्द निस्तारण कर शिकायतकर्ता को इसकी सूचना दी जानी चाहिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त कार्यालय से संबंधित लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ शीघ्र मिलना चाहिए। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारियों के स्तर पर लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाए।

नगर आयुक्त व डीडीसी ने राजकीय आदिवासी विकास महाकुम्भ मेला की तैयारियों का लिया जायजा

दो दिवसीय मेला 11 व 12 फरवरी को

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : दुबियाखांड़ में 11 एवं 12 फरवरी को आयोजित होने वाले आदिवासी विकास महाकुंभ मेले की

तैयारी जोरों पर चल रही है। जिला प्रशासन के साथ मेला आयोजन समिति मेले की तैयारियों में जुटा है। मेले की तैयारियों का जायजा लेने गुरूवार को नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने अधिकारियों के साथ मेला परिसर पहुंचे। अधिकारियों ने मेला आयोजन की तैयारी की गति को बढ़ाने का निदेश दिया। मेला परिसर की भूमि का समतलीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है। वहां स्टॉल बनाने एवं जर्मन टेण्ट एवं हैंगर लगाने का कार्य किया जा रहा है। मेले को वृहद रूप देने का कार्य हो रहा है। नगर आयुक्त एवं उप विकास आयुक्त ने मेले में साफ-सफाई, बिजली, पानी की व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निदेश दिये। मेला परिसर से बिजली के पोल को हटवाते हुए दूसरे उचित स्थानों पर सिफ्ट किये जाने का निदेश दिया। साथ ही पिछली बैठकों में लिए गए निर्णय एवं दिशा-निदेशों का पालन करते हुए तैयारियां पूर्ण करने का निदेश दिया।

लातेहार में वोलेंटरी ब्लड डोनेशन अवेयरनेस कमिटी का गठन

रक्तदान को मिलेगा नया आयाम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : रक्तदान–एक महादान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से वोलेंटरी ब्लड डोनेशन अवेयरनेस कमिटी (वीबीडीए) की लातेहार जिला इकाई का गठन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अवेधश सिंह की अध्यक्षता में ब्लड बैंक परिसर में हुई इस बैठक में झारखंड वीबीडीए के संस्थापक सदस्य एस.के. मुखर्जी, जनरल सेक्रेटरी कमल घोष और पूर्व जनरल सेक्रेटरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नवगठित कमिटी में महत्वपूर्ण पदभार

लातेहार के उपायुक्त को वीबीडीए का पदेन अध्यक्ष और सिविल सर्जन को पदेन चेयरमैन बनाया गया है। अनुरोध बाग को कार्यकारी अध्यक्ष, जबकि शैलेश कुमार, छोटू राजा और केदार प्रजापति को उपाध्यक्ष, विकासकांत पाठक को सचिव, जीतेन्द्र सिंह और आफताब खुस्तर झको सह सचिव, श्याम अग्रवाल को जिला संयोजक, नवनीत कुमार और उत्तम कुमार को सह जिला संयोजक, धमेंद्र जायसवाल को कोषाध्यक्ष,मनोज विश्वर्मा को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।वहीं विशेष पदों पर पत्रकार प्रतिनिधि के रूप में आशीष टैगोर, कानूनी सलाहकार के रूप में विक्रांत कुमार सिंह की नियुक्ति हुई है। साथ ही, महिला प्रतिनिधियों में सौम्या शौंडिक, प्रियंका (चंदवा), रशिम अग्रवाल और प्रियंका कुमारी को शामिल किया गया है।

मादक पदार्थों की रोकथाम में मीडिया की भूमिका पर संगोष्ठी का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : मादक पदार्थों की रोकथाम में मीडिया की भूमिका को लेकर लातेहार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारी समेत पत्रकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चन्दन ने कहा कि मादक पदार्थों की समस्या केवल कानून-व्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि एक सामाजिक चुनौती भी है। इसमें मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जागरूकता फैलाने के साथ-साथ मीडिया को नशे से जुड़े मामलों की निष्पक्ष और संवेदनशील रिपोर्टिंग करनी चाहिए। आगे कहा कि नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को बचाने के लिए मीडिया को सकारात्मक अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग इस विषय पर विभिन्न माध्यमों से प्रचार-

प्रसार भी किया जा रहा है। संगोष्ठी में स्थानीय पत्रकारों ने अपने विचार साझा किए और इस मुद्दे पर मीडिया की जिम्मेदारी को रेखांकित किया। कहा कि सरकार और मीडिया को मिलकर नशामुक्ति केंद्रों और परामर्श सेवाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचानी चाहिए।

टाउनशिप अष्टभुजी दुर्गा मंदिर का मना 26वां स्थापना दिवस

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भवनाथपुर : टाउनशिप अष्टभुजी दुर्गा मंदिर का 26 वां स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर मंदिर के पुजारी मिथलेश मिश्रा व सतेंद्र वैद्य के द्वारा दुर्गा मां का विधिवत पूजा-पाठ के बाद हवन कार्य किया गया। मंदिर में दिनभर हो रहे पूजापाठ से पूरा माहौल भक्तिमय रहा। मौके पर मंदिर ट्रस्ट कमिटी के सह सचिव आलोक चौबे ने बताया कि स्थापना दिवस पर परंपरा के मुताबिक रात्रि में प्रसाद के रूप में खीर का भोग मातारानी पर चढ़ेगा और सैकड़ों गणमान्य लोगों के बीच में वितरण किया जाएगा। स्थापना दिवस को सफल बनाने में मंदिर कमिटी के ध्रुव नारायण दुबे, दिवाकर चौधरी, पंकज सिंह, सत्यम पाण्डेय, अशोक पाण्डेय सहित लोग शामिल थे।बताते चलें के सेल के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ साथ भवनाथपुर,केतरा, खरौधी,कांडी के आम जन के सहयोग से दुर्गा मंदिर का निर्माण किया गया है जहां इस परिसर सूर्य मंदिर, राधे कृष्ण मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, भैरव महाराज, शिव मंदिर, देवी मंदिर भव्य रूप में निर्माण किया गया है, कहा जाए तो गढ़वा जिला में बड़ा परिसर में निर्मित पहला स्थान रखता है।

भवनाथपुर टाउनशिप स्थित माइंस अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर सी एस के दास ने अष्टभुजी दुर्गा मंदिर का निर्माण कराने के लिए संकल्प लिया। इसके लिए एक टीम बनाकर डॉक्टर दास ने सेल और एचएससीएल के कर्मियों से घर-घर जाकर संपर्क किया। डॉक्टर दास के इस योजना से प्रभावित होकर यहां के कर्मियों ने आर्थिक, शारीरिक और मानसिक रूप से से भरपूर सहयोग किया। मंदिर निर्माण हेतु गठित समिति के सदस्यों ने गढ़वा जिला के अलावा 100 गांव में जाकर चंदा इकट्ठा किया। जिससे भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो इसके लिए सेल प्रबंधन ने भी भरपूर सहयोग प्रदान किया। अष्टभुजी दुर्गा मंदिर के पवित्र मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन का 9 अक्टूबर 1995 को किया गया। इसके बाद मंदिर निर्माण का कार्य गति से बढ़ने लगा। 16 मई 1996 को दुर्गा मंदिर के विशाल सभा - गृह के छत ढलाई सैकड़ों कर सेवकों द्वारा की गयी। ढलाई का कार्य पूरा करने में लगभग 20 घंटे का समय लगा था। ढलाई कार्य में महिलाओं, पुरुषों, बच्चों एवं पत्रकारों ने भी भाग लिया' लगभग 70 फिट कि परिधि में निर्मितउक्त सभा- गृह के छत कि ढलाई मैं कई मुसलमान भाइयों ने भी कर सेवा की थी।

मंदिर का इतिहास

परियोजना निदेशक आईटीडीए ने बिशुनपुर प्रखंड का दौरा कर विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : परियोजना निदेशक,आई टी डी ए रीना हांसदा ने आज बिशुनपुर प्रखंड का दौरा किया और विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों के साथ विशेष समीक्षात्मक बैठक आयोजित की, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, बाल विकास परियोजना, सार्वजनिक वितरण प्रणालीपी डी एस शिक्षा विभाग की योजनाओं सहित विभिन्न विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पी एम जनमन, योजना के तहत शत-प्रतिशत पीवीटीजी

समुदाय को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया और लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने पर जोर दिया। इसके साथ ही, पी भी टी जी , ग्रामों में स्वीकृत आवास योजनाओं की लंबित किस्त राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मनरेगा योजना के तहत मानव सृजन के लक्ष्य की पूर्ति करने और अधिक से अधिक लाभुकों को आम बागवानी योजना से जोड़ने पर बल दिया। शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कल्याण विभाग के तहत साइकिल वितरण योजना को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया और छात्रवृत्ति योजना के तहत लंबित ऑनलाइन आवेदनों को शीघ्र निपटाने की बात कही।

गुमला जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत सर्वेक्षण कार्य जारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : गुमला जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2.0 (पी एम ए वाई - जी)के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों की पहचान हेतु सर्वेक्षण कार्य जारी है। इसके साथ ही, पीएम जनमन योजना के तहत जिले के विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह पी भी टी जी) ग्रामों में भी विशेष सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिससे पिछली बार छूटे हुए लाभार्थियों को योजना से जोड़ा जा सके। जिला प्रशासन द्वारा सभी पात्र नागरिकों से अपील किया जाता है कि यदि उनका नाम पूर्व सर्वेक्षण में दर्ज नहीं हो पाया था, तो वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपना नाम पुनः जोड़ें। नागरिक अपने नजदीकी प्रखंड कार्यालय में जाकर या सर्वेक्षण दल के माध्यम से आवश्यक जानकारी देकर इस प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इच्छुक लाभार्थी जिला स्थित उप विकास आयुक्त कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं। पीएम जनमन योजना के तहत पी भी टी जी ग्रामों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2.0 के लिए यह विशेष सर्वेक्षण 12 फरवरी 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसलिए सभी पात्र नागरिकों से अनुरोध है कि वे समय रहते अपने नाम की जांच करवा लें और योजना का लाभ प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम प्रखंड कार्यालय या जिला प्रशासन से संपर्क करें।

मंगल भवन अमंगल हारी सू द्रवहु दशरथ अजर बिहारी... से गूंजा बारालोटा

धर्म का साथ नहीं छोड़ना चाहिए : मनोज सिंह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : बारालोटा पांकी रोड स्थित जनकपुरी मंदिर प्रांगण में श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के 49वां अधिवेशन को लेकर मानस पाठ शुरू हुआ। बुधवार को श्रीराम दरबार की प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना किया गया। मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु दसरथ अजर बिहारी से भजन से पूरे बारालोटा गांव भक्ति में हो गया । प्रातः काल से ही मंदिर की परिक्रमा करने वाले की भीड़ लगी हुई है। यज्ञाचार्य पंडित उमेश चन्द पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं पूजा संपन्न कराया। यजमान बृजलाल तिवारी एवं उनकी धर्म पत्नी पूजा अनुष्ठान में सक्रिय थे। पूजा के बाद

पंडित विजय दूबे के नेतृत्व में मानस पाठ शुरू हुआ। समाजसेवी सह मेदिनीनगर नगर निगम के भावी महापौर के प्रत्याशी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे धर्म के आयोजन होने से पुरी गांव ही नहीं अगल-बगल के गांव भी शुद्ध होता है । जहां तक यज्ञ के हवन की धुआं जाता है वहां तक का वातावरण शुद्ध हो जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में धर्म का साथ नही छोड़ना चाहिए। क्योंकि जीवन में धर्म ही सर्वोपरि है। मनोज सिंह ने यजमान सभी पाठ करता हुआ एक समिति के सभी पदाधिकारी को धोती गमछा वह रामायण की पुस्तक देकर सम्मानित किया। महायज्ञ समिति के यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह समाज सेवी गिरजा शंकर तिवारी ने कहा कि श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति के तत्वावधान म 13 फरवरी तक महायज्ञ का यह अधिवेशन चलेगा।

गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में तीन दिवसीय स्पोर्ट्सफेस्ट 2025 का समापन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : 6 फरवरी 2025 को गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज में वार्षिक तीन दिवसीय स्पोर्ट्सफेस्ट 2025 का समापन भव्य और उत्साहपूर्ण तरीके से हुआ, जिसमें खेल भावना, टीम वर्क और उत्कृष्टता का जश्न मनाया गया। 4 फरवरी 2025 को शुरू हुए इस खेल महोत्सव में लड़के और लड़कियों दोनों के लिए कई रोमांचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिससे सभी प्रतिभागियों के लिए यह एक रोमांच से भरपूर कार्यक्रम बन गया। निदेशक श्री अभिजीत कुमार, प्राचार्य डॉ. शिबा नारायण साहू और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति से छात्रों को प्रेरित किया। 6 फरवरी 2025 को आयोजित समापन

समारोह एक शानदार आयोजन था, जिसमें विजेता टीमों और उत्कृष्ट एथलीटों को संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और उत्साही छात्रों की उपस्थिति में ट्रॉफी और पदक देकर सम्मानित किया गया।

एमके डीएवी में पुण्यतिथि पर याद किये गये कर्मयोगी महात्मा नारायण दास ग्रोवर

शिक्षा क्षेत्र में संत के रूप में जाने जाते हैं महात्मा नारायण दास ग्रोवर : डॉ. जीएन खान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में कर्मयोगी महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी की 17वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉक्टर जीएन खान ने विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों के साथ महात्मा जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात सभी शिक्षकों ने भी महात्मा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। आज की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां महात्मा जी के जीवन पर आधारित थी। कक्षा नवीं ब की

छात्राएं स्नेहा एवं प्रतीक्षा ने महात्मा जी पर एक सुंदर कविता सुनाई। एकादश ब की छात्रा जस्सी ने महात्मा जी के जीवन एवं कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई.के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज डॉ. जीएन खान ने बताया कि महात्मा नारायण दास ग्रोवर जी शिक्षा क्षेत्र के क्रांति नायक थे।

डीएवी लातेहार में महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि मनायी गयी

लातेहार : डीएवी पब्लिक स्कूल, लातेहार में गुरुवार को डीएवी स्कूल पूर्वी जोन के संस्थापक महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में वैदिक हवन एवं विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय द्वारा महात्मा ग्रोवर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। संस्कृताचार्य दयानंद मिश्रा के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य श्री सहाय ने महात्मा ग्रोवर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वे सादगी और उच्च विचारों के प्रतीक थे। उन्होंने झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में लगभग 200 डीएवी विद्यालयों की स्थापना कर शिक्षा की ज्योति जलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रसायन शास्त्र में परास्नातक होते हुए भी सरकारी क्षेत्र में न जाकर स्वामी दयानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए डीएवी से जुड़े। महात्मा जी ने बिहार, झारखंड, उड़ीसा में डी.ए.वी संस्थाओं का जाल बिछा दिया। ग्रोवर साहब को आदिवासी बच्चों से बहुत प्यार था। वे उनके उत्थान में अपना संपूर्ण जीवन अर्पित कर दिए। ग्रोवर साहब ने सादा जीवन उच्च विचार को अपने जीवन में अपनाया था। हम सभी उन्हें प्रेम से' झोले वाला बाबा' कहकर पुकारते थे। बिहार, झारखंड,उड़ीसा में संचालित 200 से अधिक डी.ए.वी संस्थाएं उनकी जीती-जागती स्मारक के रूप में विद्यमान है।

मनिका के छोटू राजा जिला उपाध्यक्ष व उत्तम कुमार बने जिला सह संयोजक

मनिका/लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित रक्त अधिकोष में सिविल सर्जन अवधेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में आहुत की गई बैठक में वोलेंटरी ब्लिड डोनेशन अवेयरनेस कमिटि (वीबीडीए), लातेहार जिला इकाइ का गठन किया गया । गठित इकाई में मनिका के छोटू राजा को कमिटी का जिला उपाध्यक्ष एवं उत्तम कुमार को जिला सह संयोजक बनाया गया।ज्ञात हो कि दोनों के द्वारा नियमित अंतराल पर विभिन्न स्थानों में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है एवं इनके द्वारा जरूरतमंद लोगों को समय समय पर रक्त की व्यवस्था कराई जाती रही है। छोटू राजा एवं उत्तम कुमार के द्वारा नियमित अंतराल पर रक्तदान भी किया जाता रहा है। मौके पर झारखंड वोलेंटरी ब्लमड डोनेशन अवेयरनेस के संस्था पक सदस्य एसके मुखर्जी, जेनरल सेकेट्री कमल घोस, पूर्व जेनरल सेकेट्री मुख्यद रूप से मौजूद थे।

एक झलक

जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित

साहिबगंज : उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पिछली कार्यवाही की समीक्षा की गई एवं अद्यतन कार्रवाई की जानकारी साझा की गई। साथ ही, आगामी माघी मेला, राजमहल के दौरान जन जागरूकता गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें स्वच्छता अभियान, प्रदर्शनी, प्रचार-प्रसार सामग्री वितरण, जागरूकता रैली एवं जन सहभागिता बढ़ाने हेतु अन्य विचार पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि माघी मेला के दौरान गंगा संरक्षण से जुड़े संदेश प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाने हेतु समुचित प्रबंध किया जाए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, नमामि गंगे डीपीएम अमित कुमार मिश्रा, व गंगा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

अंडर-23 क्रिकेट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

साहिबगंज : झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के निदेर्शानुसार साहिबगंज की अंडर-23 क्रिकेट टीम के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिंह ने बताया कि 8 फरवरी तक जिले के खिलाड़ियों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। वहीं 8 फरवरी को सुबह 9:00 बजे से सिदो-कान्हू स्टेडियम में खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। जिसके बाद जिला टीम के लिये प्लेयर सिलेक्ट किया जायेगा।

नवोदय विद्यालय परिसर में छात्र का शव बरामद

गिरिडीह : जिले के गाण्डेय क्षेत्र में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के परिसर में गुरुवार को पुलिस ने 11 वीं कक्षा के एक छात्र का शव संदेहास्पद स्थिति में पेड़ से झूलता हुआ बरामद किया। स्कूल परिसर में छात्र का शव मिलने के बाद कई प्रकार की चर्चा है । मृतक छात्र की पहचान राम कुमार यादव के रूप में की गई है जो जिले के धनवार थाना इलाके के भरोना गांव का रहने वाला है। सुबह लोगों को खबर मिली कि 11वीं के एक छात्र रामकुमार यादव का शव पेड़ से झूल रहा है जिसके बाद आसपास के लोग स्कूल परिसर पहुंचे, इस खबर की जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल ने गांडेय थाना प्रभारी आनंद सिंह को दी। इसके बाद मौके पर गांडेय थाना पुलिस पहुंची । हालांकि अबतक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि मृतक छात्र ने फंदे से लटकर खुदकुशी की है या उसकी हत्या की गई है। इस पूरे मामले में हर बिन्दु पर पुलिस जांच- पड़ताल कर रही है । गांडेय थाना प्रभारी आनंद सिंह ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। उन्होंने बताया कि मृतक छात्र राजकुमार यादव के शरीर पर किसी तरह की कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकता है। परिजनों के आवेदन दिए जाने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई जायेगी।

तिलैया डैम क्षेत्र में स्कूलों से चोरी की घटनाओं का खुलासा

09 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : दिनांक-14.01.2025 को एवं 29.01.2025 को तिलैया डैम ओपी अन्तर्गत ग्राम-चरकी पहरी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चरकी पहरी एवं ग्राम-कांको स्थित उत्क्रमित +2 हाई स्कूल, जयपुर कॉको से अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूल का कम्प्यूटर, फैन, गैस सिलेण्डर, बर्तन आदि सामग्रियों की चोरी कर लेने की घटना हुई थी, जिसको लेकर जयनगर थाना (तिलैयाडैम ओपी) काण्ड संख्या-15/25 एवं काण्ड संख्या-24/25 दर्ज कर काण्ड का अनुसंधान प्रारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक कोडरमा के निदेर्शानुसार काण्ड का उद्भेदन, काण्ड में संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं कांड में चोरी किये गये सामानों की बरामदगी हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा लगातार संदिग्धों से पुछताछ एवं गुप्त सूचना एकत्रित करते हुए छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में दिनांक-05.02.2025 को चन्दवारा थानांतर्गत ग्राम-महुआदोहर में काण्ड में संलिप्त 05 अभियुक्तों को चोरी किये गये सामानों के साथ गिरफ्तार किया गया तथा पकड़ाये पाचों अभियुक्तों के निशानदेही पर चोरी का सामान

को खरीदने वालें 04 अभियुक्तों क्रमशः अंकित कुमार शर्मा, अनिल कुमार वर्णवाल, देवनारायण कुमार, एवं अजीत कुमार पंडित को गिरफ्तार किया गया एवं चोरी के खरीदे गये सामानों को इनके दूकान एवं घर से बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त अंकित कुमार शर्मा के द्वारा 12 कम्प्यूटर सिस्टम खरीदा गया था, जिसके एवज में रु. -10000/-, अभियुक्त अनिल कुमार वर्णवाल के द्वारा-06 गैस सिलेण्डर खरीदा गया गया था, जिसके एवज में रु. 9000/-, देवनारायण कुमार फिंगर प्रिंट मशीन खरीदा था, जिसके एवज में रू0 300/- तथा अजीत कुमार पंडित के द्वारा बैटरी खरीदा गया था जिसके एवज में रू० 7000/- इन सभी के द्वारा दिलीप कुमार को दिया गया था। पुछताछ के क्रम में जानकारी प्राप्त हुआ कि पांचो अभियुक्तों क्रमशः दिलीप कुमार, पोखन कुमार उर्फ गणेश, अजय कुमार सिंह, विक्रम कुमार एवं विकास कुमार के द्वारा दिनांक-23.12.2024, 21.01.2025, 23.01.2025, 24.01.2025, को चौपारण थाना अन्तर्गत ग्राम-दनुआ स्कूल, रामपुर स्कूल, मध्य विद्यालय रामपुर, एवं हाई स्कूल, टोईया तथा दिनांक-31.01.2025 को बरही थानान्तर्गत ग्राम-तेतरिया भण्डारों स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम देने की बात को स्वीकार किये है। चोरी के सामान की बिक्रि से प्राप्त राशि को उपरोक्त पांचों अभियुक्तों के द्वारा आपस में बटवारा किया गया था।

पलामू सांसद ने जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील से की मुलाकात

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पलामू : श्री राम ने कहा कि झारखण्ड राज्य के लातेहार जिला में उत्तरी कोयल जलाशय (मंडल डैम) परियोजना स्थित है। इस परियोजना में झारखण्ड राज्य के पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार और बिहार राज्य के गया एवं औरंगाबाद जिलों के लगभग 1,11,521 हेक्टेयर सूखाग्रस्त भूमि को सिंचाई उपलब्ध कराने लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ अद्योग धंधों की जरूरत की परिकल्पना है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार बनने पर 1622.27 करोड़ रुपए की लागत से इस परियोजना के पुनर्निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। परियोजना का कार्य वाप्कोस लिमिटेड कंपनी को मिला। माननीय प्रधानमंत्री जी ने 5 जनवरी 2019 को उक्त परियोजना के निर्माण की अधारशिला पलामू में आकर रखी। माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा शिलान्यास करने के बाद पलामू प्रमण्डल के साथ-साथ बिहार के औरंगाबाद एवं गया जिले की जनता के मन में मंडल डैम परियोजना के निर्माण कार्य फिर से शुरू होने की आशा जगी। परन्तु डूब क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर हुए आंदोलन एवं राज्य सरकार की उदासीनता के कारण लगभग 6 महीने कार्य रूका रहा और निर्माण कार्य पर व्यापक असर पड़ा और तब से अब तक उक्त कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है। कार्य शुरू नहीं होने से जनता के मन में तरह-तरह की भ्रांतियां उत्पन हो रही है। विदित है कि डूब क्षेत्र के ग्रामीणों के मुआवजे और पुनर्वास तथा शेष कार्यों के लिए जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संशोधित लागत राशि के प्रस्ताव को केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी हैं। उक्त राशि राज्य के वितरण की प्रक्रिया पर निर्णय लेकर केन्द्र सरकार को सूचित करना है जो अब तक राज्य सरकार के द्वारा नहीं किया गया है जिससे मुआवजे की राशि राज्य सरकार को नहीं भेजी गयी है।

लाखों का अवैध स्टोन जब्त, दो गिरफ्तार

कोडरमा : गिरिडीह डीएफओ मनीष तिवारी ने जिले के गांवा थाना इलाके के चरही गांव में अमृत राय के घर छापेमारी कर भारी मात्रा में बेरिल पत्थर का स्टोक जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जब्त पत्थरों की बाजार कीमत करीब दस लाख है । बताया गया कि बेरिल स्टोन का इस्तेमाल सोने और चांदी के जेवरात -अंतरिक्ष में परमाणु रियेक्टरों में होता है। डीएफओ ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी जिसके आधार पर बुधवार की रात कार्रवाई की गई। इस दौरान डीएफओ के निर्देश पर सरजू सिंह और जॉली पांडे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि जिले के तिसरी और गांवा इलाके में एक प्रमार के रत्नों मे शुमार बेरिल पत्थर की खदान है और बड़े पैमाने पर इसका अवैध कारोबार भी होता रहा है।

ऑपरेशन सतर्क के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने शराब तस्करी में व्यक्ति को किया गिरफ्तार, 14,250 मिलीलीटर शराब बरामद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : गुरुवार को दीपक कुमार, निरीक्षक प्रभारी कोडरमा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक मृत्युंजय कुमार अकेला साथ प्रधान आरक्षी शशी कुमार, प्रधान आरक्षी उपेन्द्र कुमार व आरक्षी धीरज कुमार सभी RPF कोडरमा के बल सदस्यों द्वारा गाड़ी अप हटिया पूर्णिया कोट एक्स में कोडरमा से पहाड़पुर स्टेशन तक शराब तस्करी एवं अन्य आपत्तिजनक वस्तु परिवहन के विरूद्ध गश्त के दौरान कोच सं0-एस-4 से एक व्यक्ति को शौचालय के पास एक उजला प्लास्टिक का झोला के साथ पकड़ा गया। बरामद झोले को चेक किया गया जिसमे 18 बोतल God Father Legendary Supreme strong Beer प्रत्येक की क्षमता -500 मिली व कीमत-140 रूपया प्रत्येक एवं संदेह होने पर उसके जामा तलाशी लिया गया तो उसके पास से 03 बोतल रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की प्रत्येक की क्षमता 750 मिली कीमत - 740 रू0, 02 बोतल रॉयल स्टैग डीलक्स व्हिस्की प्रत्येक की क्षमता - 375 मिली एवं 03 बोतल ब्लांडर्स प्राईड रिर्जव व्हिस्की प्रत्येक की क्षमता-750 मि0ली0 एवं कीमत 1300 रूपया, पाया गया। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम-संजय कुमार, उम्र - 45वर्ष, पिता- फागु लाल, सा०-तेलविगहा, थाना- कोतवाली, जिला-गया (बिहार) बताया। लिहाजा उक्त सभी बरामद अंग्रेजी शराब को कब्जे में लेते हुए मौके पर ही चलती गाड़ी में सहायक उप निरीक्षक मृत्युंजय कुमार अकेला के द्वारा उपलब्ध गवाहों के समक्ष जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया। जब्त शराब एवं व्यक्ति को उतारकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा स्टेशन लाया गया एवं उत्पाद विभाग कोडरमा को अग्रिम कार्यवाही हेतु बरामद अंग्रेजी शराब एवं गिरफ्तार व्यक्ति को सुपूर्द किया गया।

व्यवहार न्यायालय अधिवाक्ताओं व अधिवक्ता लिपिकों के लिए लगा एक दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : झारखण्ड न्यायिक अकादमी रांची के तत्वावधान मे कोडरमा व्यवहार न्यायालय के अधिवाक्ताओ एवं अधिवक्ता लिपिको के लिए एक दिवसीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बाल कृष्ण तिवारी, न्यायाधीश प्रभारी ज्योत्सना पाण्डेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा सचिव मनीष कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर इस शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रधान जिला जज बाल कृष्ण तिवारी ने कहा कि यह प्रशिक्षण अधिवक्ताओं को तकनीकी रूप से अद्यतन एवं समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह प्रशिक्षण आज के वर्तमान परिवेश में जहां एक ओर तकनीकी ज्ञान को बढावा देगा वहीं दूसरी ओर ई-कोर्ट फाइलिंग की प्रक्रिया को एक नई गति प्रदान करेंगा। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिवक्ताओं एवं अधिवक्ता लिपिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा ने कहा कि अधिवक्ताओं के तकनीकी ज्ञान को विकसित करने के उद्देश्य से इस प्रकार का प्रशिक्षण काफी लाभकारी साबित होगा।

बरहरवा आरपीएफ ने मानव तस्करी का बड़ा मामला किया उजागर

02 तस्कर गिरफ्तार, 07 नाबालिग बच्चे मुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

साहिबगंज : बरहरवा रेलवे सुरक्षा बल (RPF) ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए दो मानव तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके चंगुल से सात नाबालिग बच्चों को मुक्त कराया। ये बच्चे अन्य राज्यों में मजदूरी कराने के उद्देश्य से तस्करी किए जा रहे थे। आरपीएफ की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया। बरामद सभी नाबालिगों को विधिक प्रक्रिया के तहत बाल संरक्षण मंथन, साहेबगंज को सुपुर्द कर दिया गया है, जहां उनकी देखभाल और पुनर्वास की व्यवस्था की जायेगी। इस ऑपरेशन के जरिए बरहरवा आरपीएफ ने मानव तस्करी के एक बड़े षड्यंत्र को विफल कर दिया, जिससे कई मासूमों का भविष्य अंधकारमय होने से बच गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट में आज एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का जिप अध्यक्ष करेंगी उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरहेट/साहिबगंज : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में शुक्रवार को एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू के द्वारा पूर्वाह्न 10:30 बजे किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. हेमन्त मुर्मू ने बताया कि प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में आमजनों का स्वास्थ्य जांच एवं औषधी का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में स्टॉल लगाकर प्रखंड क्षेत्र से पहुंचने वाले मरीजों एवं

मरीज के परिजनों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी भी दी जायेगी। इसके साथ ही मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं औषधि भी दी जायेगी।

समय पर करें होल्डिंग टैक्स को जमा : प्रशासक

- व्यवसाय प्रारम्भ करने से पूर्व अपने प्रतिष्ठान का ट्रेड लाइसेंस अवश्य लें, अन्यथा होगी कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरीतिलैया : नगर परिषद के नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने शहर वासियों से अपील किया है कि अपने मकान का होल्डिंग टैक्स ,वॉटर टैक्स एवं व्यावसायिक ट्रेड लाइसेंस सा समय अवश्य जमा करें। शहर में कई ऐसे मकान है जिन्होंने अब तक अपना एसेसमेंट नहीं करवाया है एवं बिना ट्रेड लाइसेंस लिए व्यापार संचालित कर रहे हैं तो ऐसे व्यवसायी दो दिनों के अंदर अपने प्रतिष्ठान का ट्रेड लाइसेंस आवश्य ले ले अन्यथा झारखंड नगर पालिका अधिनियम की धारा 187 एवं 600 के तहत कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी एवं झारखंड नगर पालिका व्यापार अनुज्ञप्ति नियमावली 2017 के नियम 19 तथा 20 के तहत स्थल जांच के दौरान आपके प्रतिष्ठान को जुमार्ना एवं सील करने का करवाई किया जाएगा। वही उन्होंने शहर वासियों से यह भी अपील किया कि शहर में सफाई एवं स्ट्रीट लाइट से किसी प्रकार की समस्या है तो वो नगर परिषद द्वारा जारी टोल फ्री *8987658581* नंबर पर सम्पर्क कर आप समय 10 बजे से अपराह्न 05 बजे तक अपनी समस्या रख सकते है।

अमानत बराज नहरों के तत्काल निर्माण शुरू करने को लेकर उठायी आवाज : सांसद

मेदिनीनगर : पांकी क्षेत्र में स्थित अमानत बराज से नहरों के निर्माण की माँग को लेकर सांसद कालीचरण सिंह ने लोकसभा में नियम 377 के तहत मुद्दा उठाया। चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि यह बराज किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन नहरों का निर्माण नहीं रहने के कारण यह परियोजना अपने उद्देश्य को पूर्ण करने में असफल रही है। कृषि क्षेत्र के विकास में बड़ी बाधा बराज से पानी संग्रहण तो होता है, लेकिन इसके जल का उपयोग सिंचाई के लिए नहीं हो पा रहा है। हजारों किसान सिंचाई सुविधा के अभाव में प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर हैं।

अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करनेवाले भारतीयों के साथ अमानवीय व्यवहार अस्वीकार्य है : सीपीएम

कोडरमा : मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने बयान जारी कर कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले 104 भारतीयों का निर्वासन अमेरिकी अधिकारियों द्वारा इन लोगों को अमेरिकी सैन्य विमान में लंबी यात्रा के लिए हांथों और पैरों में अमानवीय तरीके से हथकड़ी लगाकर भारत भेजा जाना अपमानजनक और अस्वीकार्य है। सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने नागरिकों के अमेरिकी अधिकारियों के द्वारा इस तरह के अमानवीय व्यवहार पर आपत्ति न करके एक डरपोक जैसा रवैया अपनाया है। सीपीएम ने कहा कि अभी और ज्यादा भारतीयों को निर्वासित होने की उम्मीद है, इसलिए मोदी सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके साथ एक मानवीय और गरिमापूर्ण तरीके से व्यवहार किया जाए। इसके लिए सरकार को सख्त से सख्त कदम उठाना चाहिए।

उपायुक्त, खूँटी का कार्यालय
(खनन शाखा)

खूँटी जिला के विभिन्न थानान्तर्गत जब्त बालू खनिज की आम नीलामी हेतु सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 (यथा संशोधित) के नियम 54(A) के प्रावधानों के अंतर्गत उपायुक्त, खूँटी के आदेश दिनांक– 05.02.2025 के आलोक में अपर समाहर्त्ता, खूँटी की अध्यक्षता में दिनांक 15.02.2025 को पुर्वाहन् 11:00 बजे अपर समाहर्त्ता, खूँटी के कार्यालय कक्ष में सम्पन्न किया जोगा। बालू खनिज की नीलामी में वही व्यक्ति/संस्था भाग लेने के हकदार होंगे जो निर्धारित नियमों, शर्तों एवं बंधेजों का अनुपालन करेंगे। बालू खनिज की विवरणी, नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्तों को www.khunti.nic.in /कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

सरकारी नीलामी हेतु उपलब्ध बालू खनिज की विवरणी :–

क्र०	स्थल एवं Co Ordinate	थाना	खनिज की मात्रा (घनफीट में)	नीलामी हेतु निर्धारित न्युनतम राशि	सुरक्षित जमा राशि निर्धारित न्युनतम राशि का 10 %
1	कोटेंगसेरा 22.941263, 85.070462 22.940385, 85.070811	तोरपा	10,000 घनफीट	75,000	7,500
2	कनकलोया 22.923801, 85.057161	तोरपा	4,000 घनफीट	30,000	3,000
3	गिड्डुम (ईंटाटांड़) 22.947692, 85.008135	तोरपा	45,000 घनफीट	3,37,500	33,750
4	गिड्डुम (चुरनी गाढ़ा) 22.948765, 85.005525	तोरपा	5,000 घनफीट	37,500	3,750
5	तोरपा (कोटेंगसेरा) 22.931676, 85.076663 22.939546, 85.0707 22.940933, 85.070658	तोरपा	8,000 घनफीट	60,000	6,000
6	मुरहू (घघरा) 23.012542- 23.012807 85.230982- 85.23000	मुरहू	38,000 घनफीट	2,85,000	28,500
7	मुरहू (घघरा) 23.008301, 85.226713	मुरहू	16,000 घनफीट	1,20,000	12,000
8	मुरहू (गजगांव) 22.992405, 85.247087	मुरहू	16,000 घनफीट	1,20,000	12,000
9	तोरपा (कुल्डा) 22.924068, 85.056844 22.924089, 85.056891	तोरपा	22,000 घनफीट	1,65,000	16,500
10	तोरपा (कोटेंगसेरा) 22.941805, 85.070367	तोरपा	20,000 घनफीट	1,50,000	15,000

ह०/–
उपायुक्त, खूँटी

PR 345866 Mines and Geology(24-25)#D

प्राकृतिक सम्पदा को सुरक्षित करने के लिए प्योरसम के नये प्लांट का उद्घाटन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर के चाकुलिया में गुरुवार को बहरागोडा विधायक समीर मोहंती मोहंती, पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी, न्यूरो सर्जन डॉ संजय कूमार ने संयुक्त रूप से प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित करने और मानव जीवन को सशक्त बनाने की और कदम बढ़ाते हुए प्योरसम के नए प्लांट का उद्घाटन किया। मौके पर puresum के COO सहित प्रमुख चिकित्सक डॉ संजय कुमार उपस्थित रहे। अपने विस्तार के हिस्से के रूप में, PureSum ने झारखंड के चाकुलिया में एक नई

CFOM उत्पादन सुविधा की नींव रखी है। यह प्लांट रणनीतिक रूप से 20,000 मवेशियों के लिए एक आश्रय के साथ एकीकृत है, जो एक बंद लूप सिस्टम बनाता है जहां गाय के गोबर को प्रीमियम जैविक खाद में परिवर्तित किया जाता है। 100 टन प्रति माह की लक्षित उत्पादन क्षमता के साथ, यह सुविधा स्थानीय समुदायों के लिए स्थिर रोजगार और कौशल विकास के अवसर प्रदान करेगी, जिससे PureSum के ग्रामीण सशक्तिकरण के मिशन को और मजबूती मिलेगी। PureSum एक अग्रणी सामाजिक उद्यम, झारखंड भर में सीमांत और आदिवासी किसानों को सशक्त बनाते हुए, गाय के गोबर को उच्च मूल्य वाले जैविक उत्पादों में बदलकर ग्रामीण कृषि में क्रांति ला रहा है। प्राकृतिक खेती, नवीन जैव उत्पादों और किसान शिक्षा को एकीकृत करके, PureSum एक आत्मनिर्भर कृषि पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दे रहा है जो मिट्टी के स्वास्थ्य को बढ़ाता है, फसल की पैदावार में सुधार करता है, और सिंथेटिक/रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता को कम करता है। PureSum बायोप्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ श्री अरविंद त्रिपाठी के नेतृत्व में, संगठन ने LCB फर्टिलाइजर्स के साथ फसल-विशिष्ट किण्वित जैविक उर्वरक पेश करने के लिए साझेदारी की है - पुनयोर्जी खेती में एक सफलता। CFOM नृपेंद्र त्रिपाठी और CMO तथा श्री संजय सिंह COO के रूप में, श्री अक्षय श्रीवास्तव - CEO LCB फर्टिलाइजर्स ज्ञान और नवाचार के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाना। PureSum सिर्फ. बायोप्रोडक्ट्स का निमार्ता नहीं है - यह ग्रामीण भारत में बदलाव के लिए उत्प्रेरक है।

एक झलक

अग्निपीड़ित एक दर्जन परिवार के बीच रेडक्रॉस ने राहत समाग्री का किया वितरण

सहरसा : जिले के सलखुआ प्रखंड के कोपरिया वार्ड नंबर आठ स्थित विगत तीन फरवरी को बारह घर जलकर राख हो गया। आग इतनी भीषण थी कि पलक झपकते ही सब कुछ जलकर स्वाहा हो गया।आग लगने की घटना रात्रि में चूल्हे की चिंगारी से कुल 12 परिवार रामोतार यादव, रूपेश यादव, नितिश यादव, सुभलेस यादव, रामेश्वर यादव, छत्री यादव, सरस्वती देवी, शोभा यादव, कामो यादव, छोटू यादव, कंचन देवी एवं सुलेखा देवी का घर जलकर राख हो गया,जिसकी सूचना दैनिक अखबारों में प्रकाशित सामाचार एवं स्थानीय मुखिया से प्राप्त सत्यापित आवेदन के आधार पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाईटी के चेयरमेन डॉ अबुल कलाम के निदेशानुसार कोषाध्यक्ष डॉ रामजी प्रसाद के नेतृत्व में प्रबंधन समिति के सदस्यों ने आज राहत समाग्री का वितरण किया। राहत सामग्री में खाने एवं पकाने का स्टील बर्तन, ठंढ से बचाव हेतू कंबल एवं हाईजीन कीट का वितरण उपरोक्त स्थल पर किया गया। कोषाध्यक्ष ने पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए रेड क्रॉस की अग्रिणी सेवा को बताया एवं पीड़ित परिवारों को साहस धैर्य रखने का आग्रह किया। इस आपदा की घड़ी में राहत सामग्री पाकर आगजनी पीड़ित परिवारों ने रेड क्रॉस परिवार को आभार व्यक्त किया।

वसंतोत्सव में शांभवी झा के गायन से सभी श्रोता हुए भाव विभोर

सहरसा : कला एवं संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिले में पहली बार बसंत उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। वही कोसी के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा एवं कवियत्री अंजू झा की पुत्री शांभवी का गायन प्रस्तुति बसंतोत्सव कार्यक्रम मे बेहतरीन प्रस्तुतीकरण नें श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया।उनके गीत गायन एवं बेहतरीन वादन संगत से श्रोता झूमने पर विवश हुए।अपने गीत के माध्यम से खूब झूमाई। शांभवी की सुन्दर प्रस्तुतीकरण देख जिला संस्कृति पदाधिकारी स्नेहा झा संचालक मुक्तेश्वर सिंह, प्रसंजीत ने गायन की खूब सराहना कर आशीर्वाद दिया।इस मौके पर श्रुतिकांत झा, निलेदु झा, गौतम सिंह, भारती सिंह, संजय वशिष्ठ, आशीष बच्चन सहित अन्यान्य लोगों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ज्ञात हो शांभवी के द्वारा उग्रतारा महोत्सव सहित कई अन्य मंचों पर उनकी शानदार प्रस्तुति हो चुकी है।

1616 .040 लीटर विदेशी शराब सहित 02 तस्कर गिरफ्तार

गोपालगंज : उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की। साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।मामले की जानकारी देते हुए उत्पाद अधीक्षक अमृतेश कुमार कन्हैया ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप आने वाली है। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गोपालगंज से बेतिया जाने वाली राज्य हाईवे के जादोपुर थाना के राजवाही गांव के पास पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। इसके बाद वाहन जांच के दौरान टाटा कंपनी का एक 6 चक्का ट्रक पर 161 व 25 कार्टून बरामद की है। उत्पाद विभाग ने बताया कि यूपी की ओर से शराब की बड़ी खेप ट्रक के तहखाने में छुपाकर मुजफ्फरपुर ले जाई जा रही थी।

मंदिर निर्माण को लेकर निकली कलश शोभायात्रा

भागलपुर : जिले के मिरजानहाट कमल नगर कॉलोनी में काली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और पूजनोत्सव को लेकर गुरुवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में शामिल महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने अपने सर पर कलश लेकर नगर भ्रमण किया।

नीतीश ने शेखपुरा जिले को दी 133 करोड़ रुपये की सौगात

■ 172 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

एजेंसी

पटना : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के चौथे चरण में शेखपुरा जिले को 133 करोड़ 24 लाख रुपये की कुल 172 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 96 करोड़ 33 लाख रुपये की 120 योजनाओं का उद्घाटन और 36 करोड़ 71 लाख रुपये की 52 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज शेखपुरा जिला के घाटकुसुम्मा प्रखंड में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गगौर ग्राम में 9.92 लाख रुपये की लागत के खेल परिसर के विकास कार्यों तथा 14.99 लाख रुपये लागत के राजीव गांधी सेवा केंद्र के जीर्णोद्धार कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने खेल मैदान का जायजा लिया और वहां उपस्थित खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदी के पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने पुस्तकालय का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तकालय अच्छा बना है, यहां ग्रामीण बच्चे और युवा शैक्षणिक, उद्यमिता, कौशल एवं करियर के विकास हेतु अध्ययन करेंगे जिससे उनको लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने 131.24 लाख रुपये लागत के पंचायत सरकार भवन, गगौर का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया तथा भवन के विभिन्न भागों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत सरकार भवन बढ़िया बना है। इसके बन जाने से इस ग्राम पंचायत के लोगों को एक ही छत के नीचे सारी सुविधाएं मिल जाएंगी और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो भी बचे हुए पंचायत सरकार भवन हैं उन्हें जून, 2025 तक पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने मध्य विद्यालय, गगौर का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं शैक्षणिक कार्यों आदि की जानकारी ली। इस दौरान विद्यालय के बच्चे ने शराबबंदी से हो रहे फायदों को बखान करती एक गीत गाया, मुख्यमंत्री ने गाने को गौर से सुना और उसकी प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने परिसर में बच्चों द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने मध्य विद्यालय, गगौर के ड्रोन रोबोटिक्स का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने मध्य विद्यालय, गगौर के बगल में 7.63 लाख रुपये की लागत से तालाब के जीर्णोद्धार कार्य तथा 14.99 लाख रुपये लागत की मुख्य सड़क से हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक पीसीसी कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने गगौर के दूसरे बड़े तालाब में चलाई जा रही मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना की जानकारी ली और उसका निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाब के बगल में सीढ़ी का निर्माण कराएं ताकि यह देखने में अच्छा लगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया, और वहां उपस्थित बच्चों एवं शिक्षिकाओं से बातचीत की और उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्यमंत्री ने 14.99 लाख रुपये लागत के मुखिया सरपंच, पंचायत प्रशिक्षण का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने डीपीआरसी का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं एवं प्रशिक्षण संबंधित कार्य पद्धतियों की जानकारी ली।

एक साथ जिले के 100 स्कूलों के खेल मैदान में खेलेंगे स्कूली बच्चे

डीएम ने 06 मार्च तक खेल मैदान को पूरा करने के दिये आदेश

एजेंसी

गोपालगंज : जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार सीएच की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त कुमार निशांत विवेक एवं सभी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जानकारी ली गई कि पिछली समीक्षा बैठक में सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को आदेश दिया गया था कि वह अपने पदस्थापित मुख्यालय में रहेंगे। सभी के द्वारा बताया गया कि अनुपालन किया गया है। सभी कार्यक्रम पदाधिकारी अपने पदस्थापित मुख्यालय में ही आवास लेकर रह रहे हैं। समीक्षा क्रम में पौधारोपण की समीक्षा की गई और नए पौधे

लगाने और उनके अनुरक्षण पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही आवास योजना की समीक्षा की गई और निर्देश दिया गया कि आवास योजना के तहत लाभार्थियों को भुगतान जल्द से जल्द किया जाए । खेल मैदान का निर्माण के संबंध में बताया गया कि सभी जगह जमीन चिन्हित कर लिए गए हैं, कहीं-कहीं अतिक्रमण हैं। जिसको जल्द ही अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा और निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जहां कहीं भी निर्माण कार्य हो रहा हैं। वहां के निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता के बारे में निदेशक डीआरडीए एवं डीपीओ मनरेगा अपने स्तर से सामग्री उठाव कर संबंधित विभाग से जांच कराएंगे एवं गुणवत्ता सही होने पर ही निर्माण कार्य किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी खेल के मैदान में कार्य शुरू होना चाहिए एवं समय से योजना पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया गया कि6 मार्च तक लगभग 100 या 100 से अधिक खेल के मैदान में स्कूल बच्चों द्वारा एक साथ खेल का आयोजन प्रारंभ किया जाएगा जिसका फिल्म और डॉक्यूमेंट्री बनाकर सुरक्षित रखा जाएगा । बैठक में निदेशक डीआरडीए एवं डीपीएम मनरेगा इत्यादि उपस्थित थें।

मोतीझील के किनारे बनी दुकानों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

पूर्वी चंपारण : जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के बीचोबीच स्थित मोतीझील के किनारे व नगर निगम कार्यालय के समीप बनी करीब 30 दुकानों पर गुरुवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। मोतीझील के किनारे बन रहे मरीन ड्राइव के निर्माण में उक्त दुकानें बाधा बन रही थी।नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव के अनुसार पथ निर्माण विभाग की शिकायत पर इन दुकानों को हटाने का नोटिस नगर निगम ने जारी कर दिया था। उन्होने बताया कि मोतीझील से मिस्कॉट तक के फेज-2 सड़क निर्माण में ये दुकानें बाधक बन रही थी। नगर आयुक्त यादव ने स्पष्ट किया है कि सभी दुकानदारों को वैकल्पिक स्थान पर जगह दी गई है और बार बार नोटिस देने के बाद भी दुकानदारों ने स्वत: जगह खाली नही कर रहे थे ।

गढ्ढे में छुपाकर रखे अवैध शराब के ड्रम में गिरकर डूबने से बच्चे की मौत

एजेंसी

पूर्वी चंपारण : जिला में अवैध शराब कारोबारियों की करतूत ने एक चार वर्षीय मासुम बच्चे की जान ले ली।घटना जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के दक्षिणी मानसिंघा पंचायत के वार्ड नंबर पांच में सिकरहना नदी के किनारे की है।जहां संचालित अवैध शराब भट्टियों में विनिर्मित शराब को ड्रम में रखकर गढ्ढे में छुपाकर रखा गया था,जिसमे गिर कर डूबने से एक चार साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप व्याप्त है।लोगों मे काफी आक्रोश देखा जा रहा है।घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची सुगौली थाना पुलिस की टीम ने बच्चे के शव को अपनी अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के अनुसार सुगौली थाना क्षेत्र के दक्षिणी मानसिंघा पंचायत के वार्ड नंबर पांच में सिकरहना नदी में सरस्वती माता की प्रतिमा को विसर्जित करने लोग पहुंचे थे। जिसे देखने मोरेलाल सहनी का चार साल बेटा सुजय कुमार भी पहुंचा था।जहां अवैध शराब बनाने वाले ड्रम को गढ्ढे में छुपाकर पुआल से ढंक कर रखा गया था।जिसमे गिरकर डूबने से उसकी मौत हो गई। वही घटना की सूचना मिलते ही एसपी ने मामले की तत्काल जांच व त्वरित कार्यवाही के लिए सदर डीएसपी शिखर चौधरी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर दिया है।

सड़क दुर्घटना में एक युवक गम्भीर रूप से घायल, रिम्स रेफर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गोला (रामगढ़) : गोला थाना क्षेत्र के हेमतपुर गांव के समीप गुरुवार को रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग पर सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार गोला से बोकारो की ओर जा रहे अज्ञात टेलर ने बाइक सवार एक युवक को ठोकर मार कर फरार हो गया। ठोकर से ग्लैमर बाइक (जेएच 24 जी 4571) सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई, ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र वाहन के माध्यम से भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को

■ सीमेंट लदी ट्रक पुल के नीचे गिरा, चालक व खलासी बाल-बल बचे

देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की पहचान गोला प्रखंड क्षेत्र बेटुलकलां गांव निवासी रोहित बेदिया उम्र 23 वर्ष पिता-भुनेश्वर बेदिया के रूप में की गई है। रोहित बेदिया गोला मार्केट से सब्जी बेचकर अपने घर जा रहा था। घर जाने के क्रम में यह घटना लगभग 9:30 सुबह घटी है। रोहित बेदिया को पैर और सिर में गंभीर चोट लगी है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी गोला थाना पुलिस को दी, घटनास्थल पहुंच कर गोला थाना पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। गोला थाना क्षेत्र के एन एच 23 रामगढ़ बोकारो मार्ग के चोपादारु के घाटी के पास गुरुवार की सुबह एक सीमेंट लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया। दुर्घटना के पश्चात चालक व खलासी की जान बच गई तथा उन्हें मामूली चोट लगी है। घटना के संबंध में एन एच ए आई के एंबुलेंस 1033 को सुचना दी गई। एंबुलेंस घटना स्थल पहुंचकर चोटिल हुए चालक व खलासी को चिकित्सा के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला पहुंचाया गया। इस संबंध में बताया गया कि यह ट्रक सीमेंट लेकर बोकारो से रामगढ़ की ओर जा रहा था,तभी ट्रक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गया।

दुष्कर्म कर हत्या मामले के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

किशनगंज : जिले के पोठिया थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में पुलिस ने महज 5 दिनों के अंदर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। किशनगंज पुलिस ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि मामला 1 फरवरी का है। 1 फरवरी को पोठिया थाना क्षेत्र के उदगाड़ा पंचायत भवन के पीछे मकई के खेत में एक नाबालिग का शव मिला था। पुलिस अधीक्षक सागर कुमार के निर्देशन में एसडीपीओ-2 मंगलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए पुलिस ने पहाड़कट्टा थाना क्षेत्र के शीतलपुर नया बस्ती निवासी जाकिर और पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के खैरबाड़ी निवासी मो. हैरत उर्फ राजा को गिरफ्तार किया।

सड़क निर्माण से तटबंध होगी पूरी तरह सुरक्षित और मजबूत : विधायक

एजेंसी

भागलपुर : बिहपुर विधानसभा क्षेत्र के तीन प्रखंडों को गंगा के बाढ़ से बचाने वाले नरकटिया-नारायणपुर जमींदारी गंगा तटबंध पर सड़क का कालीकरण होगा। गुरुवार को विधायक ई.शैलेंद्र ने बताया कि यह पूरे क्षेत्र के बड़ी राहत वाला उपहार है। विधायक ने बताया कि लगभग 55 करोड़ की लागत से बिहपुर के सभी तटबंध सुरक्षित होगा। जमींदारी गंगा तटबंध पर लगभग 11 किलोमीटर सड़क के कालीकरण कार्य पर करीब 30 करोड़, खरीक के राघोपुर से खैरपुर करीब छह किमी तटबंध सडक के कालीकरण कार्य पर करीब 16.11 करोड, कहारपुर कोसी तटबंध पर करीब तीन करोड़ 10 लाख और खरीक के सिंहकुंड में कोसी तटबंध की मजबूती पर चार करोड़ 80 लाख रूपया खर्च होना अनुमानित है। विधायक शैलेंद्र ने बताया कि सड़क निर्माण के साथ-साथ सुरक्षात्मक कार्य होने पर सभी तटबंध पूरी तरह सुरक्षित और अधिक मजबूत भी हो जाएगा। इधर नवगछिया पुलिस जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता प्रो.गौतम ने बताया कि जीएफसीसी को इसके स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जीएफसीसी को मांगी गई जानकारी संबधित विभाग द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। इसकी स्वीकृति मिलते ही निविदा की प्रकिया को शुरू कर दिया जाएगा।

प्रावि आदिवासी टोला मधुरा में मनी कवि प्रदीप उर्फ रामचंद्रजी की जयन्ती

एजेंसी

अररिया : फारबिसगंज के तिरसकुण्ड पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में कवि प्रदीप की जयंती और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पुण्यतिथि मनाई गई।बच्चों ने मानव श्रृंखला बनकर दोनों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए प्रधान शिक्षक कुमार राजीव रंजन ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 6 फरवरी 1915 को मध्य प्रदेश के छोटे शहर में मध्य परिवार में हुआ था । उनका वास्तविक नाम रामचंद्र नारायण द्विवेदी था।उन्हें बचपन से ही हिंदी कविता लिखने में रुचि थी और उनके कविता प्रसिद्ध भी हुई।उन्होंने अपनी कविता को गीत के माध्यम से1943 में किस्मत फिल्म में गया था ।

सड़क दुर्घटना में दो युवकों की हुई मौत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : रजरप्पा थाना क्षेत्र अन्तर्गत रा.उ.प.संख्या - 23 रामगढ़/बोकारो मार्ग पर मुरुबंदा के पास गुरुवार सुबह अज्ञात हाईवा के चपेट में आने से गोला थाना क्षेत्र के दो युवकों की घटनास्थल पर हीं दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान डभातु निवासी पवन महतो(40 वर्ष) एवं पुरना सिरका निवासी सिकंदर मुंडा(48 वर्ष) के रुप में हुई। घटना की सूचना मिलने पर रजरप्पा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक रामगढ़ से अपने घर

गोला की ओर लौट रहे थे तभी साथ चल रहे एक ऑटो के चकमा देने के कारण वे दोनों सड़क पर गिर गए तभी विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात हाईवा ने दोनों को अपने चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतनी भयावह एवं दर्दनाक थी कि दोनों युवकों का सर हेलमेट सहित धड़ से अलग हो चुका था। बताया जाता है कि दोनों मृतकों के एक पुत्र एवं एक पुत्री है। पवन महतो अपने गाँव में लाईट एवं साउन्ड का काम करता था तथा सिकंदर मुंडा भी साथ में सहयोगी के रूप में कार्य करता था। मृतकों के गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है तथा परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद परिजनों सहित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था। उनलोगों की माँग है कि मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाय। प्रशासन के काफी मशक्कत एवं आश्वासन के बाद सड़क जाम हटा।

पेंशनर समाज की बैठक में महाकुंभ में मरे श्रद्धालुओं व उपसचिव के भाई की मौत पर दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

अररिया : बिहार राज्य पेंशनर समाज की फारबिसगंज अनुमंडल शाखा की गुरुवार को हुई बैठक में महाकुंभ में मरे श्रद्धालुओं और सदस्य हरिलाल पासवान के निधन पर श्रद्धांजलि दी। पेंशनर समाज के सदस्यों ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।पेंशनर भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता सभापति उमेश प्रसाद वर्मा और संचालन उप सभापति सच्चिदानंद मेहता ने की।सचिव मधुसूदन मंडल ने गत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की। वहीं विनोद कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत जागरूक करने का काम किया। मौके पर मध्य विद्यालय भट्टबाड़ी से सेवानिवृत शिक्षिका मीना कुमारी,जोगबनी के सुधीर कुमार और भूषण भारती ने समाज की सदस्यता ग्रहण की।पेंशनर समाज के संयुक्त सचिव विद्यानंद पासवान के भाई हरिलाल पासवान समेत महाकुंभ में मरे श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर सभापति उमेश प्रसाद वर्मा, उप सभापति सच्चिदानन्द मेहता, सचिव मधुसूदन मंडल, उपसचिव सह मीडिया प्रभारी विद्यानंद पासवान, कोषाध्यक्ष शांति कुमारी, हरिशंकर झा, दिलीप कुमार अग्रवाल, विश्वनाथ पासवान, तेजबहादुर सिंह आदि लोग मौजूद थे।

सरस्वती प्रतिमा विसर्जन कर लौट रही ट्रैक्टर 15 फीट गड्ढे में पलटी, 03 की मौत

एजेंसी

बिहार : बिहार में जमुई जिले के मलयपुर थाना क्षेत्र के सुगिया टांड़ गांव के पास बीती देर रात सरस्वती प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहे ट्रैक्टर पलटने से तीन की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घायल सकलदीप यादव की मां ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने के 30 मिनट तक ट्रैक्टर के इंजन और डाला से 7 युवक दबा रहे। हालांकि घटना की जानकारी के बाद मलयपुर थाने की पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे 7 युवक को निकाला गया। लेकिन तीन युवक की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जिसे बाइक व पुलिस वाहन से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक डॉक्टर मृत्युंजय कुमार ने तीन की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। मृतक की पहचान भजौर निवासी छेदी पासवान का 27 वर्षीय पुत्र बबलू कुमार, कामू यादव का पुत्र लिटो यादव, सुनील तांती का पुत्र प्रकाश कुमार तांती के रूप में की गई है। जबकि घायल की पहचान सागर तांती, अजीत तांती, सूरज कुमार पासवान तथा नरसौता निवासी सकलदीप यादव के रूप में की गई है। मलयपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया की सरस्वती प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहा ट्रैक्टर पलट गई थी। जिस पर सवार तीन युवक की मौत हो गई। जबकि चार युवक घायल हो गया सभी को अस्पताल भेजा गया। जहां तीन को पटना रेफर किया गया है। जबकि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

भागलपुर-जमालपुर रेलखंड के बीच ट्रेन की चपेट में आने से दो महिला समेत एक पुरुष की मौत

पटना : बिहार में मालदा डिवीजन अंतर्गत भागलपुर - जमालपुर रेल खंड के ऋषि कुंड हॉल्ट के पास अप गया हावड़ा एक्सप्रेश ट्रेन की चपेट में आने से आज दो महिला सहित एक पुरुष की मौके पर मौत हो गई। मरने वाले में बरियारपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी 65 वर्षीय राम रुचि देवी, पुत्र 42 वर्षीय अमित ओर 65 वर्षीय उषा देवी है। सभी मृतक व रतनपुर गांव के ही रहने वाले हैं। हादसा उस वक्त हुआ जब सभी लोग देवघर जमालपुर ट्रेन पकड़ने के लिए ऋषिकुंड आ रहे थे

।वही रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान अप ट्रेन गया हावड़ा की चपेट में आ गए और मौके पर तीनों लोगों की मौत हो गई। तीनों का क्षत- विक्षत स्थिति में रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए लेकिन इसकी सूचना स्थानीय जिला प्रशासन के अलावा पुलिस प्रशासन को भी दे दिया गया है । जमालपुर रेल पुलिस घटनास्थल पहुंच गई है और शव को हटाया जा रहा है। परिजनों की माने तो मृतक तीनों अहले सुबह देवघर जमालपुर ट्रेन पकड़ने के लिए ऋषि कुण्ड हॉल्ट गए थे । रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से तीनों की मौत हो गई जिसमें एक परिवार के मां बेटे है। रुची देवी के पुत्र और ग्रामीण मनोज कुमार ने बताया कि ऋषिकुंड हॉल्ट पर ना ही प्लेटफॉर्म है ना दी फुट ओवरब्रिज है जिसके कारण हर साल कई लोग ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो जाती है।

एक झलक

एसआरएच ने नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स फ्रेंचाइजी खरीदी

नयी दिल्ली : सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने द हंड्रेड में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स फ्रेंचाइजी हासिल कर ली है। यॉर्कशायर काउंटी द्वारा संचालित टीम के लिए विजयी बोली 100 मिलियन जीबीपी है। यह इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा बेची गई छठी हंड्रेड फ्रेंचाइजी है और मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स के बाद एसआरएच तीसरी आईपीएल फ्रेंचाइजी है, जिसने 100 गेंदों की प्रतियोगिता में एक टीम हासिल की है। पिछले कुछ दिनों में इंग्लिश बोर्ड ने लंदन स्पिरिट, ओवल इनविंसिबल्स, वेल्श फायर, मैनचेस्टर ओरिजिनल्स और बर्मिंघम फीनिक्स को बेच दिया है। दो और टीमें-ट्रेंट रॉकेट्स और सदर्न ब्रेव - बिक्री के लिए तैयार हैं। चेन्नई स्थित सन ग्रुप द्वारा प्रबंधित सनराइजर्स, फ्रेंचाइजी क्रिकेट के क्षेत्र में पुरानी है। वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हैदराबाद स्थित टीम हैं और एसए 20 में भी सनराइजर्स ईस्टर्न केप उनकी एक टीम है। वर्तमान में आईपीएल में उनका नेतृत्व पैट कमिंस कर रहे हैं, जो यकीनन सबसे सम्मानित अंतरराष्ट्रीय कप्तानों में से एक हैं। वे पिछले साल आईपीएल में उपविजेता रहे थे। एसए 20 में, वे दो बार के गत चैंपियन हैं।

चैम्पियंस ट्रॉफी के विज्ञापन में विराट

मुम्बई : इसी माह 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले विज्ञापनों का दौर चल रहा है। इसी में एक एक विज्ञापन में विराट कोहली का मजाक उड़ाने वाले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस अब टीम से बाहर हो गये हैं। कमिंस ने एक विज्ञापन के जरिये विराट पर निशाना साधा है। चैंपियंस ट्रॉफी का प्रचार करने वाले इस विज्ञापन में कमिंस को कैमरे के सामने स्लेजिंग का अभ्यास करते देखा गया है। इस दौरान वह बेन स्टोक्स, ओली पोप और विराट को चिढ़ाते हुए नजर आते हैं। इस विज्ञापन में शेव करते हुए कमिंस कहते हैं, ओय बेन, मैं तुम्हारे बारे में स्टोक्स नहीं हूं। हे पोप, बेहतर होगा कि आप प्रार्थना करना शुरू कर दें।अरे कोहली, मैंने तुम्हें कभी इतनी धीमी बल्लेबाजी करते नहीं देखा।अधिक क्विंटन डी ब्लॉक की तरह। मैं आपके लिए पैट कमिंस हूं। मतलबी हो जाओ। विराट के खिलाफ मैदान में हमेशा ही कमिंस हावी रहे हैं।

लीजेंड 90 लीग: धवन की कप्तानी में दिल्ली रॉयल्स के लिए खेलेंगे रॉस टेलर

रायपुर : रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार से लीजेंड 90 लीग की शुरूआत हो रही है। इस नए और रोमांचक 90 गेंदों के प्रारूप वाले टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में दिल्ली रॉयल्स और छत्तीसगढ़ वॉरियर्स आमने-सामने होंगे। दिल्ली रॉयल्स टीम की कमान अनुभवी भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन के हाथों में होगी। उनके साथ न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर, वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज लेंडल सिमन्स, श्रीलंका के दनुश्का गुनाथिलका समेत कई अनुभवी खिलाड़ी टीम का हिस्सा होंगे।

38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड महिला हॉकी टीम की लगातार दूसरी जीत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक देवभूमि हरिद्वार, उतराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड महिला हॉकी टीम का आज अपने दूसरे में हॉकी मणिपुर को 7-0 से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की, इस मैच प्रमोदनी लकड़ा और रोशनी आइंद ने दो दो गोल की जबकि अलबेला रानी टोप्पो, दिप्ती टोप्पो और संजना होरो ने एक एक गोल की। इससे पूर्व अपने पहले मैच में मेजबान उत्तराखंड को झारखंड टीम 2-0 से पराजित कर चुकी है। झारखंड की लगातार जीत पर खेल विभाग झारखंड सरकार, झारखंड ओलंपिक संघ एवम हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है।

झारखंड के तीरंदाजों ने 02 स्वर्ण 01 रजत 02 कांस्य पर लगाया निशाना

देहरादून : 38वे नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में तीरंदाजी की टीमों का चमकदार प्रदर्शन रहा जिसके बदौलत झारखंड को 02 स्वर्ण,01 रजत एवम 02 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। वही हॉकी टीम ने भी चमकदार प्रदर्शन कर दूसरे लीग मैच में मणिपुर को पराजित कर दिया। लॉन बॉल की 04 टीमों ने भी अपने पहले राउंड का मैच जीत पदक की आस जगाई झारखंड के लिए 02 पदक हुए पक्के।

तीरंदाजी में 02 स्वर्ण, 01 रजत व 02 कांस्य पदक

तीरंदाजी महिला एकल तीरंदाजी महिला एकल मुकाबले में दीपिका कुमारी ने बिहार की आशिका कुमारी को को हराकर स्वर्ण पदक जीती।

पुरुष तीरंदाजी रिकर्व टीम को स्वर्ण

पुरुष रिकर्व तीरंदाजी टीम में गोल्डी मिश्रा, विष्णु चौधरी श्रेय भारद्वाज, गुरु चरण बेसरा ने की चौकड़ी ने उत्तर प्रदेश को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।

महिला रिकर्व तीरंदाजी को रजत

महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम दीपिका कुमारी, अंकिता भगत, कोमलिका बारी, तमन्ना वर्मा को महाराष्ट्र से हार कर रजत पदक पदक से संतोष करना पड़ा। कोमोलिका बारी ने महाराष्ट्र की गाथा खड़के को हराकर कांस्य पदक जीती।

तीरंदाजी मिक्स को कांस्य पदक

तीरंदाजी मिक्स टीम में दीपिका कुमारी एवं गोल्डी मिश्रा की जोड़ी को पश्चिम बंगाल से हार कर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

झारखंड महिला हॉकी

झारखंड महिला हॉकी ने अपने दूसरे मैच में हॉकी मणिपुर को 7-0 से पराजित किया कर दूसरी जीत दर्ज की जिसमें प्रमोदनी लकड़ा और रोशनी आइंद ने 2- 2 गोल की जबकि अलबेला रानी टोप्पो, दिप्ती टोप्पो और संजना होरो ने 1- 1 गोल किया। इसके पूर्व पहले मैच में झारखंड ने उत्तराखंड को 2- 0 से पराजित किया था।

लॉन बॉल

महिला डबल में झारखंड ने उत्तराखंड को 29- 10 से पराजित किया। महिला ट्रिपल में झारखंड ने मणिपुर को 16- 14 से पराजित किया। पुरुष सिंगल से झारखंड ने मणिपुर को 21- 09 से पराजित किया। पुरुष फोर्स की टीम ने उड़ीसा को 18- 05 से पराजित किया।

कुश्ती टीम रवाना

09 से 13फरवरी तक हरिद्वार हो रहे कुश्ती मुकाबले को लेकर आज 15 सदस्यीय कुश्ती टीम रांची से हरिद्वार के लिए रवाना हुई। झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन,माननीय खेल मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव श्री मनोज कुमार, खेल निदेशक श्री संदीप कुमार, अवर सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आर.के. आनंद, जे.ओ.ए.कार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक,चीफ द मिशन शिवेंद्र दुबे, भोलानाथ सिंह, विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी अनिल जायसवाल, हरभजन सिंह, गुलाम रब्बानी,जय कुमार सिन्हा,अर्चित आनंद,आनंद बिहारी दुबे,विजय सिंह, चंचल भट्टाचार्य, सी.डी.सिंह, एस.के.पांडेय, वरुण कुमार,सुरेश कुमार, संजेश मोहन ठाकुर, के के सिंह, प्रभाकर राव,खुर्शीद खान, परीक्षित तिवारी, अजय झा, शैलेन्द्र पाठक, रजनीश कुमार, हरभजन सिंह, निशिकांत पाठक, बिपीन सिंह, राजेंद्र प्रसाद, पूर्णिमा महतो, सुमन चंद्र मोहंती, आशीष झा, रितेश झा,मो.खुर्सिद खान, शैलेन्द्र दुबे, उदय साहू, शैलेन्द्र कुमार झारखंड खेल प्राधिकरण, रांची के मणिकांत कुमार-जूनियर फेलो कंसलटेंट, देवेंद्र सिंह, कोच हरेंद्र सिंह, बी एस राव, जी सुधीर,स्पोर्ट्स एडवाइजर समेत खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों ने बधाई दी।

38वें नेशनल गेम्स,उत्तराखंड में तीरंदाजी एकल में दीपिका कुमारी, पुरुष रिकर्व टीम गोल्डी मिश्रा,विष्णु चौधरी श्रेय भारद्वाज,गुरु चरण बेसरा को स्वर्ण,महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम दीपिका कुमारी, अंकिता भगत,कोमोलिका बारी , तमन्ना वर्मा को रजत पदक एवं तीरंदाजी एकल में कोमोलिका बारी एवं तीरंदाजी मिक्स में दीपिका कुमारी एवं गोल्डी मिश्रा को कांस्य पदक झारखंड के तीरंदाजों ने **02** स्वर्ण **01** रजत **02** कांस्य पर लगाया निशाना ।

- झारखंड की झोली में अब तक **05** स्वर्ण , **04** रजत, **06** कांस्य समेत कुल **15** पदक
- झारखंड लॉन बॉल पुरुष टीम ने अपने **02** पदक किए पक्के
- झारखंड महिला हॉकी टीम की की लीग में दूसरी जीत

कर्नाटक 54 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर बरकरार

देहरादून : उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल के नौवें दिन के पदक तालिका में कर्नाटक ने 54 पदकों के साथ शीर्ष पर बरकरार है। कर्नाटक ने अब तक 28 स्वर्ण, 11 रजत और 15 कांस्य पदक जीते हैं। दूसरे स्थान पर सर्विसेज है, जिसने कुल 46 पदक (27 स्वर्ण, 10 रजत, 9 कांस्य) अपने नाम किए हैं। मध्य प्रदेश 34 पदकों (17 स्वर्ण, 7 रजत, 10 कांस्य) के साथ तीसरे स्थान पर है। महाराष्ट्र 82 पदकों के साथ सर्वाधिक कुल पदक जीतने वाला राज्य है, लेकिन इसमें स्वर्ण पदकों की संख्या 16 होने के कारण वह चौथे स्थान पर है। हरियाणा 51 पदकों के साथ पांचवें और तमिलनाडु 44 पदकों के साथ छठे स्थान पर बना हुआ है। मणिपुर, दिल्ली, केरल और पंजाब शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए हुए हैं। मेजबान राज्य उत्तराखंड अब तक कुल 33 पदक (4 स्वर्ण, 14 रजत, 15 कांस्य) जीत चुका है । और वह पदक तालिका में 15वें स्थान पर है। राष्ट्रीय खेल के दौरान खिलाड़ियों का जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिल रहा है, और आने वाले दिनों में पदक तालिका में और बदलाव की उम्मीद की जा रही है। उत्तराखंड में आयोजित इस भव्य खेल आयोजन ने खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह भर दिया है।

पांच दिनी शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 शुरू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में गुरुवार को पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का उदघाटन तबारक खान, जेवियर खलखो, मो. रशीद, अमीत खलखो, जाकिर हुसैन, रशीद अंसारी ने फीता काट कर किया। गुरुवार को पहला और टूर्नामेंट मैच हुसीर एलेवन और फुटकल टोली के बीच खेला गया। इसमें फुटकल टोली दो विकेट जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया। दूसरा मैच कुंदी और करकरा के बीच खेला गया। इसमें कुंदी की टीम पांच रन से जीत दर्ज की। तीसरा मैच कुंदी और फुटकल टोली के बीच खेला गया, जिसमें कुंदी की टीम 44 रन जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सात फरवरी को पहला मैच मंदरो व महुआजारी और दूसरा मैच गोरे व नयासराय के बीच खेला जायेगा। मो. साकिब ने बताया कि टूर्नामेंट के विजेता को 50 हजार रुपए नगद व बड़ा ट्रॉफी, उपविजेता को 30 हजार रुपए नगद व बड़ा ट्रॉफी दिया जायेगा। साथ ही, तृतीय और चतुर्थ स्थान पानेवाले टीम को क्रमशः 5500 हजार रुपए नगद व ट्रॉफी व 5000 हजार रुपये नगद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, मैच ऑफ द सिरीज होनेवाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जायेगा।

रांची के मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में गुरुवार को शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 का उदघाटन करते जेवियर खलखो, मो. रशीद, अमीत खलखो व जाकिर हुसैन।

राणा एकदिवसीय सबसे महंगा ओवर फेंकनेवाले चौथे भारतीय बने

नागपुर : भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने इंग्लैंड के बीच यहां पहले एकदिवसीय क्रिकेट मैच में डेब्यू किया। राणा के लिए शुरूआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने अपने एकदिवसीय करियर के तीसरे ही ओवर में उन्होंने 26 रन दे दिये। ऐसे में हर्षित राणा के नाम एक एक ऐसी सूची में शामिल हो गया है जिसमें कोई आना चाहेगा। इस मैच में टॉस जीतकर इंग्लैंड की ओर से फिलिप साल्ट और बेन डकेट ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया, जिससे भारतीय गेंदबाज दबाव में आ गए। राणा अपने पहले ही एकदिवसीय में सबसे ज्यादा रन देने वाले खिलाड़ियों में आ गये।

15 सदस्य, झारखंड राज्य कुश्ती टीम आज रांची से उत्तराखंड के लिए रवाना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : दिनाक 09-02-2025 से 13/02/2025 तक हरिद्वार उत्तराखंड मे आयोजित 38वीं राष्ट्रीय खेल मे भाग लेने के लिए झारखंड कुश्ती टीम के 15 सदस्यों दल, आज राँची से हरिद्वार, उत्तराखंड के लिए रवाना हुई। इस कुश्ती टीम का 21 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 17/01/2025 से दिनांक 06/02/2025 तक खेलगांव होटवार रांची में, झारखंड ओलंपिक संघ, खेल विभाग झारखंड सरकार एवं झारखंड राज्य कुश्ती संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था।

टीम की सूची निम्नलिखित है ।

पुरुष फ्री-स्टाइल

1.हुसैनअंसारी- लोहरदगा **2.**निरंजन लकड़ा-लोहरदगा **3.**चंदन यादव-बोकारो **4.**प्रकाश पाण्डे-पूर्वी सिंभूम प्रशिक्षक-राजीव रंजन-रांची

महिला वर्ग

1. रिंपा कुमारी-रामगढ़ **2.** रिया कुमारी- हजारीबाग **3.** प्रतिमा कुमारी - रांची प्रशिक्षक-मधु तिर्की-रांची

पुरुष ग्रीको रोमन

1.जुगल साव-हजारीबाग **2.**अमित गोप-रांची **3.**शुभम शर्मा-रांची **4.**विवेक चौधरी-रांची प्रशिक्षक-रजनीश कुमार-रांची ।

अभिषेक ने की धुआंधार बल्लेबाजी, गुरुकुल ने जीता मैच

एजेंसी

लखनऊ : अंडर-25 करीम चिश्ती मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने सिद्धार्थ ग्लोबल क्लब को 211 रन से मात दे दी। इस मैच में अभिषेक सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 70 बाल पर 102 रन बनाये। गुरुकुल क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में सात विकेट गवांकर 327 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज शिवांश सिंह मात्र 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं अभिषेक सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 11 चौका और छह छक्का की मदद से 70 बाल पर 102 रन जड़े। अभिषेक यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए छह चौका और दो छक्का की मदद से 52 बाल पर 60 रन बनाये। अभिषेक यादव ने शानदार गेंदबाजी भी की और मात्र दो रन देकर तीन विकेट झटक लिये। उत्कर्ष वर्मा ने छह चौका और दो छक्का की मदद से 40 बाल पर 56 रन बनाये। आदित्य ने 38 रन का योगदान दिया। सिद्धार्थ ग्लोबल की पूरी टीम 116 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी और गुरुकुल ने 211 रन से मैच को जीत लिया। अपनी टीम में हर्षित ने सबसे अधिक 33 रन बनाये।

भारत ने इंग्लैंड को 04 विकेट से पहला वनडे हराया

एजेंसी

नागपुर : भारत ने इंग्लैंड को पहला वनडे 4 विकेट से हरा दिया है। नागपुर के श्उअ स्टेडियम में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी, टीम 47.5 ओवर में 248 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत ने 38.4 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। दूसरा वनडे 9 फरवरी को कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत से शुभमन गिल ने 87, श्रेयस अय्यर ने 59 और अक्षर पटेल ने 52 रन बनाए। रवींद्र जडेजा और हर्षित राणा को 3-3 विकेट मिले। इंग्लैंड से जोस बटलर ने 52 और जैकब बेथेल ने 51 रन बनाए। आदिल रशीद और साकिब महमूद को 2-2 विकेट मिले। 39वें ओवर की चौथी गेंद पर रवींद्र जडेजा ने साकिब महमूद के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ टीम ने टारगेट हासिल कर लिया। जडेजा 12 और हार्दिक पंड्या 9 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज के 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की होगी शुरुआत

एजेंसी

नयी दिल्ली : वेस्टइंडीज की पुरुष क्रिकेट टीम 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरूआत फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से करेगी। यह श्रृंखला 25 जून से 16 जुलाई तक खेली जाएगी। डैरेन सैमी की कोचिंग में यह वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट असाइनमेंट होगा, जिन्होंने रेड-बॉल कोच आंद्रे कोली की जगह ली है। श्रृंखला का पहला टेस्ट बारबाडोस के केंसिंग्टन ओवल में खेला जाएगा, दूसरा टेस्ट ग्रेनेडा नेशनल स्टेडियम में और अंतिम टेस्ट जमैका के सबीना पार्क में होगा। इसके बाद दोनों टीमें पांच टी20 मैच भी खेलेंगी।

पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सत्र का समापन

वेस्टइंडीज अपनी घरेलू गर्मी का समापन 31 जुलाई से 12 अगस्त तक पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी20 और तीन वनडे मैचों के साथ करेगा। टी20 सीरीज फ्लोरिडा में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम में होगी, जबकि ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी, त्रिनिदाद में एकदिवसीय मैच खेले जाएंगे।

नीरज कुमार व सुरुचि-प्रमोद की जोड़ी चमकी

एजेंसी

देहरादून : 38वें राष्ट्रीय खेलों की शूटिंग स्पर्धाएं त्रिशूल शूटिंग रेंज में दस दिनों तक चले जबरदस्त मुकाबलों के बाद सफलतापूर्वक संपन्न हो गईं। इस दौरान देशभर के शीर्ष निशानेबाजों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और विभिन्न रायफल व पिस्टल श्रेणियों में नए कीर्तिमान स्थापित किए।

नीरज कुमार ने जीता 50 मीटर 3-पोजीशन राइफल पुरुष स्वर्ण

प्रतियोगिता के अंतिम दिन 50 मीटर एयर राइफल 3-पोजीशन पुरुष फाइनल बेहद रोमांचक रहा। सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) के नीरज कुमार ने 464.1 अंकों के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मध्य प्रदेश के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 462.4 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि महाराष्ट्र के स्वप्निल सुरेश कुसेल ने 447.7 अंकों के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

हरियाणा ने जीता 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्वर्ण

10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम फाइनल में हरियाणा के सुरूचि और प्रमोद की जोड़ी ने राजस्थान को 17-7 के बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के अंजलि शेखावत और उमेश चौधरी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं, कांस्य पदक के लिए हुए मुकाबले में महाराष्ट्र के राही सरनोबत और प्रणव अरविंद पाटिल ने उत्तराखंड को 17-3 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

क्वालीफिकेशन राउंड में हुआ जबरदस्त मुकाबला

मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड में 19 टीमों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। फाइनल में हरियाणा और राजस्थान ने स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनाई, जबकि महाराष्ट्र और उत्तराखंड कांस्य पदक के लिए भिड़े।

नये सितारों ने किया खुद को साबित

38वें राष्ट्रीय खेलों की शूटिंग स्पर्धाएं देश के उभरते निशानेबाजों के लिए बड़ा मंच साबित हुईं। इस दौरान कई युवा खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने समर्पण और मेहनत से इस प्रतियोगिता को यादगार बना दिया।

राष्ट्रीय खेल : ट्रैक साइक्लिंग में हरियाणा, कर्नाटक और अंडमान के साइक्लिस्टों का जलवा

एजेंसी

रुद्रपुर : 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत शिवालिक वेलोड्रोम, रुद्रपुर में ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। विभिन्न श्रेणियों में देशभर के साइक्लिस्टों ने अपनी गति, तकनीक और रणनीति से दर्शकों को रोमांचित किया।

हरियाणा ने महिला एलीट टीम परसूट में जीता स्वर्ण

महिला एलीट टीम परसूट (4 किमी) स्पर्धा में हरियाणा की टीम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। हिमांशी सिंह, परुल, अंशु देवी और मीनाक्षी की चौकड़ी ने 5.26.920 मिनट का समय निकालते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। ओडिशा (5.30.423) की टीम को रजत पदक और महाराष्ट्र (5.32.643) की टीम को कांस्य पदक मिला।

डेविड बेकहम ने पुरुष 1 किमी टाइम ट्रायल में मारी बाजी

पुरुष एलीट टाइम ट्रायल (1 किमी) में अंडमान व निकोबार के डेविड बेकहम ने 1.06.535 मिनट में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के देवेंद्र बिश्नोई (1.06.644) ने रजत और मणिपुर के यांगलेम रोजित सिंह (1.07.874) ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

एक झलक

भारत-ब्रिटेन ने हरित हाइड्रोजन मानकों को आकार देने के लिए हाथ मिलाया

नयी दिल्ली : भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने नयी दिल्ली में ब्रिटिश समकक्षों के साथ दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की, जिसमें हरित हाइड्रोजन उत्पादन और विनियमन के मानकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया। ग्रीन हाइड्रोजन पर कार्यशाला का उद्देश्य भारत-ब्रिटेन सहयोग को मजबूत करना है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि ब्रिटिश मानक संस्थान (बीएसआई) और यूके के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के साथ साझेदारी में आयोजित यह पहल उभरती हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों को संरेखित करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने कहा कि कार्यशाला के दौरान ब्रिटिश मानक संस्थान में ऊर्जा क्षेत्र प्रमुख एबे डोरियन ने कहा कि यह एक सतत हाइड्रोजन बाजार के निर्माण में ज्ञान के आदान-प्रदान, मानकीकरण और नवाचार के महत्व का प्रमाण है। उन्होंने कहा, भारत और यूनाइटेड किंगडम की ग्रीन हाइड्रोजन में अग्रणी बनने की साझा महत्वाकांक्षा है, जो नेट जीरो भविष्य के लक्ष्य को समर्थन करता है। खाद्य मंत्रालय ने कहा कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत भारतीय मानक ब्यूरो के प्रयासों को भी मजबूत करता है। इसने मानकों में कमियों की पहचान करने, नए क्षेत्रों की खोज करने और विशेषज्ञों से जुड़ने में मदद की। वैश्विक सर्वोत्तम विधियों से प्राप्त अंतर्दृष्टि भारत के प्रमाणन, परीक्षण और मानकीकरण को बढ़ाएगी, जिससे एक सतत और प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था को सहयोग मिलेगा।

दिल्ली इंटरनेशनल लेदर एक्सपो का 20-21 फरवरी को यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में

नयी दिल्ली : चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) राजधानी नई दिल्ली में द्वारका के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में 20-21 फरवरी को दिल्ली इंटरनेशनल लेदर एक्सपो (डीआईएलईएक्स) 2025 का आयोजन करने जा रहा है। डीआईएलईएक्स 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहलों के साथ मिलकर निर्यात और रोजगार को प्रोत्साहन देगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में होने वाला डीआईएलईएक्स 2025 प्रमुख बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) कार्यक्रम है। इसको निमार्ताओं एवं निर्यातकों को अपने नवीनतम संग्रह, नवाचारों और क्षमताओं को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के समक्ष प्रदर्शित करने के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो व्यवहार्य सोर्सिंग विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। चमड़ा निर्यात परिषद के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जालान ने बताया कि केंद्रीय बजट में की गई घोषणाएं भारत के चर्म और फुटवियर क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं, जो 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' पहलों के तहत तेजी से वैश्विक विनिर्माण और सोर्सिंग हब के रूप में विकसित हो रहा है। सीएलई ने 2030 तक 47 अरब अमेरिकी डॉलर बिजनेस का लक्ष्य तय किया है। इसमें से 13.7 अरब अमेरिकी डॉलर निर्यात क्षेत्र के लिए है।

जनवरी में एफआईआई ने बेचे 87 हजार करोड़ के शेयर

नयी दिल्ली : जनवरी का महीना घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों के कारोबार के लिहाज से एक बार फिर दबाव वाला साबित हुआ। इस महीने विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 87,374.66 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। इस कारण स्टॉक मार्केट में विदेशी संस्थागत निवेशकों की हिस्सेदारी घट कर 12 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। जनवरी के महीने की शुरूआत से ही विदेशी संस्थागत निवेशक बिकवाली का दबाव बनाते रहे, लेकिन महीने के दूसरे पखवाड़े में एफआईआई ने बिकवाली और तेज कर दी। डिपॉजिटरी से मिले आंकड़ों के अनुसार जनवरी में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने कुल 2,42,699.59 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की, वहीं 3,30,074.25 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। इसमें एफआईआई ने सबसे अधिक बिकवाली फाइनेंशियल, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर सर्विसेज और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में की। इसमें भी सबसे अधिक बिकवाली फाइनेंशियल सेक्टर में की गई। इस सेक्टर में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने जनवरी के दूसरे पखवाड़े के दौरान 12,745 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस पखवाड़े में ही एफआईआई ने आईटी और कंज्यूमर सर्विसेज सेक्टर के शेयरों में 4,544 करोड़ रुपये और 4,840 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की। इसके अलावा इसी अवधि में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने ऑटोमोबाइल सेक्टर के 3,899 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की, जबकि कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में विदेशी निवेशकों की बिकवाली 3,077 करोड़ रुपये की रही। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों ने कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर में 2,869 करोड़ रुपये, सर्विस सेगमेंट में 1,334 करोड़ रुपये, कंस्ट्रक्शन सेक्टर में 1,277 करोड़ रुपये और पावर सेक्टर में 1,083 करोड़ रुपये की बिकवाली की। डिपॉजिट से मिले इन आंकड़ों से साफ है कि विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बड़े सेक्टर्स में अपनी स्टॉक होल्डिंग कम कर दी। हालांकि, जनवरी के दूसरे पखवाड़े में विदेशी निवेशकों ने कुछ सेगमेंट्स में खरीदारी पर भी जोर दिया। इस दौरान एफआईआई ने टेलीकॉम सेक्टर में 643 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की। इसी तरह टेक्सटाइल सेक्टर में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 397 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। डायवर्सिफाइड स्टॉक्स में एफआईआई ने 287 करोड़ रुपये की खरीदारी दर्ज की। जनवरी के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों की गई बिकवाली के कारण स्टॉक मार्केट में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी घट कर 16.08 प्रतिशत के स्तर पर आ गई, जो जून 2012 के बाद अभी तक का सबसे निचला स्तर है। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों के पास मौजूद एसेट्स अंडर कस्टडी (एयूसी) घट कर 67.76 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर आ गई, जो पिछले 8 महीने का सबसे निचला स्तर है। पिछले 4 महीने के अवधि में एफआईआई-एयूसी में 10.20 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, इस अवधि में घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की स्टॉक मार्केट में हिस्सेदारी बढ़कर 10.28 प्रतिशत हो गई है, जो इससे पहले दिसंबर के महीने में 9.93 प्रतिशत के स्तर पर थी। आंकड़ों से साफ है कि घरेलू शेयर बाजार से लगातार पैसा निकालने के बावजूद डीआईआई ने खरीदारी करके बाजार को क्रैश होने से बचाने की कोशिश करने के साथ स्टॉक मार्केट में अपनी पकड़ भी मजबूत की है।

टाइटन हरमू रोड में वैलेंटाइन ऑफर की धूम

रांची : हरमू रोड स्थित टाइटन वर्ल्ड स्टोर में प्यार के इस मौसम में वैलेंटाइन ऑफर की शुरुआत की गई है, इस ऑफर के दौरान टाइटन एवं फास्ट्रैक की आकर्षक घड़ियों पर 30% तक की और स्मार्ट घड़ियों पर 60% तक की छूट दी जा रही है साथ ही इंटरनेशनल ब्रांड टॉमी हिलफि गर, पुलिस, अनने क्लीन, केनेथ कोल आदि घड़ियों पर भी आकर्षक ऑफर दी जा रही है। इसके अलावे टाइटन स्किन परफ़्यूम की नयी रेंज पेश की गयी है। स्टोर मैनेजर राहुल गुप्ता ने बताया कि टाइटन हरमू रोड गिफ्टिंग सॉल्यूशन के रूप में हमेशा अपने ग्राहको का विशेष ख्याल रखती है और उनकी पसंदीदा नए - नए प्रोडक्ट्स खास मौके पर ऐड करती है। स्टोर ऑनलाइन/ ऑफलाइन शॉपिंग, फ्री होम डिलीवरी, फ्री गिफ्ट रैपिंग, सरप्राइज गिफ्टिंग सुविधा प्रदान करता है। ऑफर का लाभ 15 फरवरी तक उठाया जा सकता है। एक ही छत के नीचे टाइटन आई+ में टाइटन, फास्ट्रैक एवं इंटरनेशनल ब्रांड की फ्रेम्स, सनग्लासेस की विस्तृत रेंज प्रस्तुत की गई है, जहाँ कंपनी ट्रेंड ऑप्टोमेट्रिस्ट फ्री आई टेस्ट सुविधा के साथ आपको सही लेंसेस का सुझाव देते है जो आपके आंखो के लिए बेहतर हो।

ओला इलेक्ट्रिक ने ऑल-न्यू रोडस्टर एक्स सीरीज के साथ मोटरसाइकल सेगमेंट में मचायी हलचल

रांची/जमशेदपुर : भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने आज अपनी रोडस्टर एक्स सीरीज के साथ इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल सेगमेंट में प्रवेश किया। ये मोटरसाईकल बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ राईडिंग का रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं। कंपनी के स्केलेबल मोटरसाईकल प्लेटफॉर्म पर बनाई गई रोडस्टर एक्स सीरीज में रोडस्टर एक्स को 74,999 रुपये, 4.5kWh रोडस्टर एक्स+ को 1,04,999 रुपये और 9.1kWh रोडस्टर एक्स+ (4680 भारत सेल के साथ) को 1,54,999 रुपये में बाजार में उतारा गया है। ये हर चार्ज में 501 किलोमीटर की बेहतरीन रेंज प्रदान करती हैं। ऑल-न्यू रोडस्टर एक्स 2.5kWh , 3.5kWh और 4.5 kWh वैरिएंट्स में क्रमशः 74,999 रुपये, 84,999 रुपये और 94,999 रुपये में पेश किया गया है। रोडस्टर सीरीज में 3 साल/50,000 किलोमीटर की स्टैंडर्ड वॉरंटी मिलती है। रोडस्टर सीरीज की डिलीवरी मार्च के मध्य से शुरू होगी। ओला इलेक्ट्रिक के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, भाविश अग्रवाल ने कहा, भारत में मोबिलिटी के लिए मोटरसाइकल सबसे अहम भूमिका रखती हैं। हमारी इलेक्ट्रिक मोटरसाईकल भारत में मोबिलिटी को इलेक्ट्रिक बनाने की मुहिम को और ज्यादा तेज करेंगी। स्कूटर बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता बढ़ाने के बाद हम अपनी रोडस्टर सीरीज की मोटरसाईकल लेकर आए हैं, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की मुहिम को और ज्यादा तेजी से आगे बढ़ाएंगी और इलेक्ट्रिक वाहन को भारत में हर राईडर की पसंद बना देंगी।

ईपीएफओ ने 2024-25 में 5 करोड़ से अधिक दावों का किया निपटान

नयी दिल्ली : कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने पहली बार 5 करोड़ दावों के निपटान का आंकड़ा पार करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 2,05,932.49 करोड़ रुपये की राशि के 5.08 करोड़ से ज्यादा दावों का निपटान किया है, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में निपटाए गए 1,82,838.28 करोड़ रुपये के 4.45 करोड़ दावों से अधिक है। केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि ईपीएफओ के दावा निपटान प्रक्रियाओं को बढ़ाने और सदस्यों के बीच शिकायतों को कम करने के लिए शुरू किए गए परिवर्तनकारी सुधारों की श्रृंखला के कारण संभव हुई है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में ऑटो क्लेम सेटलमेंट दोगुना होकर 1.87 करोड़ हो गया है, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 89.52 लाख ऑटो क्लेम संसाधित किये गये थे।

लीड ग्रुप के नेशनल चैंपियनशिप में गोड्डा के छात्र ने जीत हासिल की

गोड्डा : स्कूल एडटेक कंपनी, लीड ग्रुप ने दिल्ली में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप 2024 एक रोमांचक ग्रैंड फिनाले में इसके विजेताओं की घोषणा की। इसमें झारखंड गोड्डा के रहने वाले छात्र लकी कुमार को स्पेलिंग चैंप्स के लिए पुरस्कृत किया गया। नेशनल चैंपियनशिप 2024 में 1.9 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के मंच का छठा संस्करण था। इसमें पूरे देश के हजारों स्कूलों से प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया। इस वर्ष, लीड ग्रुप द्वारा आयोजित नेशनल चैंपियनशिप ने छात्र विकास के लिए एक विस्तारित दृष्टिकोण पेश किया, जो संचार, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और कोडिंग जैसे एनसीएफ के अनुरूप 21वीं सदी के कौशल पर ध्यान केंद्रित था। लीड ग्रुप के मुख्य कार्यकारी और सह-संस्थापक, सुमीत मेहता ने कहा कि नेशनल चैंपियनशिप भारत के छोटे शहरों और कस्बों के छात्रों के लिए राष्ट्रीय मंच पर अपने सपनों को साकार करने का एक अविश्वसनीय अवसर है। इस साल हमारे राष्ट्रीय चैंपियंस की रचनात्मकता और उत्साह ने मन मोह लिया। हमारे छात्रों ने कल्पना को जीवंत स्वरूप देने वाले अनोखे विचारों से लेकर वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने वाले ऐप तक निपुण मुख्य वक्ताओं के आत्मविश्वास के साथ अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जीसस एंड मैरी कॉन्वेंट इंग्लिश स्कूल के लकी कुमार ने अपनी जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मुझे स्पेलिंग चैंप्स ट्रॉफी जीतने और अपने स्कूल तथा माता-पिता को गौरवान्वित करने पर गर्व है। मैं राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करने और इस उपलब्धि को हासिल करने के संबंध में लीड ग्रुप के समर्थन के लिए आभारी हूं। मुझ पर विश्वास करने और मेरे राज्य के लिए यह सफलता हासिल करने में मेरी मदद करने के लिए मैं अपने स्कूल और शिक्षकों का आभारी हूं। लीड ग्रुप द्वारा आयोजित नेशनल चैंपियनशिप भारत के छोटे शहरों और वंचित क्षेत्रों के छात्रों के लिए एक भव्य मंच पर अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और आत्मविश्वास दिखाने का जरिया है। इस चैंपियनशिप का उद्देश्य है, नये दौर के कौशल और अकादमिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित कर भविष्य के लिए तैयार इनोवेटर और चेंजमेकर की अगली पीढ़ी का पोषण करना। नेशनल चैंपियनशिप 2024 प्री-प्राइमरी से कक्षा 9 तक के छात्रों के लिए थी।

इब्राहिम अली व खुशी कपूर नादानियां के पहले ट्रैक, 'इश्क में' में ओल्ड स्कूल रोमांस पेश कर रहे

रांची : इंतजार की घड़ियां समाप्त हुईं! इब्राहिम अली खान की पहली फिल्म 'नादानियां' के बारे में चर्चाओं को थोड़ा आराम मिला, जब इसका पहला गाना 'इश्क में' रिलीज किया गया। इसमें उनके और खुशी कपूर के बीच रोमांस दिखाया गया है। डायरेक्टर शौना गौतम के निर्देशन में बनी यह पहली फिल्म है। इसका निर्माण करण जौहर, अपूर्वा मेहता और सोमेन मिश्रा ने किया है। इश्क में एक भावुक गीत है, जिसमें प्यार को अपने सबसे शुद्ध रूप में दिखाया गया है, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। इस ट्रैक को मशहूर संगीतकारों सचिन-जिगर ने कंपोज किया गया। इस गीत में अमिताभ भट्टाचार्य के शब्दों को प्रतिभाशाली गायक सचेत टंडन और असीस कौर ने अपनी आवाज में उतारा है। 'इश्क में' का अनावरण नेटफ्लिक्स ईवेंट, नेक्स्ट में किया गया, जिसमें इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर ने गीत पर परफॉर्म करके दर्शकों को मोहित कर दिया। इसके बाद करण जौहर ने फिल्म नादानियां, फिल्म के संगीत आदि के बारे में जानकारी दी। इश्क में प्यार का एक लहजा पेश करता है, जिसकी धुन लोगों के दिलों में उतर जाती है। इसकी कैमिस्ट्री यादगार है। इसलिए यह ट्रैक इस पीढ़ी का प्रेम गीत बन जाएगा। इश्क में में इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की कैमिस्ट्री आपको एक बार फिर प्यार में विश्वास करना सिखा देगी। सपने देखने से लेकर हृदयस्पर्शी लम्हों तक, इस गीत में ओल्ड स्कूल रोमांस की वो सभी बातें हैं, जो हमारे दिल को छू लेती हैं, लेकिन इन्हें एक नए जैन-जी के अंदाज में पेश किया गया है।

आरव चौधरी निभायेंगे भगवान हनुमान के पिता केसरी का किरदार

मुंबई : सोनी सब में 'वीर हनुमान' यह एक अद्भुत गाथा है, जो भक्ति और प्रेरणा का नया अध्याय लिखेगी! इस महागाथा को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए, बहुमुखी अभिनेता आरव चौधरी भगवान हनुमान के स्नेही लेकिन अनुशासनप्रिय पिता केसरी की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आयेंगे। उनका अभिनय पिता-पुत्र के अटूट संबंध को दर्शायेगा और यह दिखायेगा कि कैसे केसरी की शिक्षाओं ने भगवान हनुमान के जीवन को दिशा दी। आरव चौधरी ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मेरी यात्रा रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रही है। केसरी, हनुमान जी की यात्रा में एक अहम भूमिका निभाते हैं और इस चरित्र को जीवंत करना मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है।

बजाज फिन्सर्व एएमसी कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति के साथ 'बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड' की घोषणा की

- एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना जो लार्ज कैप, मिड कैप, स्मॉल कैप में निवेश करती है
- नया फंड ऑफर फरवरी 6, 2025 से शुरू होकर फरवरी 20, 2025 को होगा बंद

मुंबई/पुणे : बजाज फिन्सर्व एएमसी ने एक ओपन एंडेड इक्विटी योजना बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड की शुरूआत की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉकों में निवेश किया जायेगा। इन्वेस्टर के लिए यह फंड फरवरी 6, 2025 से शुरू होकर फरवरी 20, 2025 को बंद होगा। बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड एक कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का अनुसरण करेगा जो बाजार की लोकप्रिय धारणाओं के विपरीत अप्रयुक्त और कम मूल्यांकित स्टॉकों को पहचानेगा। इस रणनीतिक दृष्टिकोण में कम समर्थित संपत्तियों की खरीद या लोकप्रिय स्टॉकों की बिक्री भी शामिल हो सकती है। फंड प्रबंधक आर्थिक और व्यवसाय चक्रों, अस्थायी व्यावसायिक अवरोधों, मूल्यांकन की अप्रभावशीलता, प्रतिवर्तनों और कम समर्थित विकास कारकों द्वारा प्रदत्त कम प्रभावशील मूल्यांकनों और निवेश अवसरों को पहचानने के लिए बाजार रुझानों और भावनाओं का अनुसरण करेंगे। यह फंड लार्ज, मिड और स्मॉल कंपनियों में संतुलित रूप से निवेश करेगा जिससे एक विविध बेहतर पोर्टफोलीओ को बनाए रखा जा सके। इस अनुशासित निवेश दृष्टिकोण के माध्यम से यह मल्टी कैप फंड उन अवसरों से दीर्घकाल में बेहतरीन प्रतिफल प्राप्त करने का उद्देश्य रखता है जिन्हें दूसरे छोड़ सकते हैं। यह फंड उन निवेशकों के लिए उचित है जो लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप के क्षेत्रों में विविध निवेश करने की इच्छा रखते हैं और अस्थिरता के समय में एक अच्छा निवेश अवसर तलाश कर रहे हैं। कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का पूर्ण सामर्थ्य प्राप्त करने के लिए निवेशकों को 5 वर्ष या उससे अधिक निवेश अवधि रखने की सलाह दी जाती है। यह योजना निफ्टी 500 मल्टीकैप 50:25:25 टीआरआई इंडेक्स (टीआरआई) के समक्ष बेंचमार्क की गई है। इस नये फंड की शुरूआत के अवसर पर गणेश मोहन, बजाज फिन्सर्व एएमसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कहते हैं, बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड निवेशकों को उपेक्षित संपत्तियों में छुपे मूल्य को भुनाने का एक अद्वितीय अवसर देता है। यह आकर्षक मूल्यों पर अंतर्निहित मूल्य से नीचे उपलब्ध कंपनियों में निवेश करके एक कॉन्ट्रेरियन इन्वेस्टमेंट रणनीति का अनुसरण करता है, जो उनके व्यवसाय चक्र के दौरान सभी अवसरों से पूर्ण लाभ प्राप्त करते हुए बाजार के सभी क्षेत्रों में लाभ उठाने का लक्ष्य रखता है। मात्र प्रतिफल पर ध्यान देने के स्थान पर हम एक रणनीतिक सोच और अनुशासन के माध्यम से दीर्घकालिक पूंजी निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं। बजाज फिन्सर्व मल्टी कैप फंड के केंद्र में ऐसे क्षेत्रों और कंपनियों में निवेश करना शामिल है जो चक्रीय आर्थिक बदलावों से लाभ की स्थिति में होते हैं और एक महत्वपूर्ण दीर्घकालिक प्रतिफल देने में सक्षमता दिखाते हैं। प्रतिवर्तन की कहानियां ऐसी फर्मों में अवसर दिखाती हैं जो संचालन सुधारों और रणनीतिक बदलावों के माध्यम से सुधार की राह पर हैं, जबकि प्रबंधन में बदलाव बेहतर संचालन और प्रदर्शन के माध्यम से मूल्य बढ़ा सकते हैं।

पेज एक के शेष

सरकार झारखंड में उद्यम लगानेवालों को हरसम्भव सहयोग करेगी...

को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा देते हुए कहा कि सरकार झारखंड में उद्यम लगानेवालों को हर सम्भव सहयोग करेगी।

आप निवेश करें, समस्याओं का समाधान सरकार करेगी

मुख्यमंत्री के समक्ष निवेशकों ने निवेश को लेकर जमीन अधिग्रहण के साथ आ रहीं अन्य परेशानियों और समस्याओं को रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य में उद्यम स्थापित करने की दिशा में आपने जो इश्यूज रखे हैं, उन्हें सरकार संज्ञान में लेकर उनका निराकरण करेगी। हमारी सरकार राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक ऐसी नीति और योजना के साथ आगे बढ़ रही है, जिसमें निवेशकों के साथ आम लोगों को भी फायदा होगा। हमारा प्रयास वैसे उद्योगों को बढ़ावा देना है, जिससे ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन हो। इस राज्य में निवेश करने के लिए आगे बढ़ें, हमारी सरकार आपको सहयोग करेगी।

आपको हमारा साथ चाहिए, हमें आपका साथ चाहिए

मुख्यमंत्री ने निवेशकों से कहा कि झारखंड अपार सम्भावनाओं वाला राज्य है। खनिज संसाधनों की प्रचुरता के साथ कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां निवेश किया जा सकता है। इसके लिए जिस तरह आपको हमारा साथ चाहिए, वैसे ही हमें आपका साथ चाहिए। सभी के सहयोग से झारखंड में विकास को गति दे सकते हैं।

इन उद्यमियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष निवेश का दिया प्रस्ताव

- एसएम स्टील एंड पावर लिमिटेड से आयरन एंड स्टील उद्योग के लिए 8485 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव मिल चुका है। इससे 1400 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और 3000 से ज्यादा लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

- द इंडियन स्टील एंड वायर प्रोडक्ट लिमिटेड ने स्टील और वायर उद्योग लगाने हेतु 1270 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दे चुकी है। इससे 600 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।
- गजानन फेरो प्राइवेट लिमिटेड ने 1050 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव रखा है। इससे 900 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।
- एस एम स्टील एंड पावर लिमिटेड ने पावर जेनरेशन के क्षेत्र में 2800 करोड़ रुपये का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। इससे 1600 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।
- वॉल्टेक्स रेल प्राइवेट लिमिटेड ने विशेष स्टील प्लांट लगाने के लिए लगभग 4000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दे चुकी है। इस प्लांट के लगने से 2000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।
- रामकृष्णा फोरगिन्स लिमिटेड में फेब्रिकेशन, ग्रे, एसजी और एडीआई कास्टिंग प्लांट के लिए लगभग 313 करोड़ रुपये से अधिक निवेश का प्रस्ताव दे चुकी है। इससे 500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।
- बीएमडब्ल्यू इंडस्टरीज लिमिटेड ने कोल्ड रोलिंग मिल प्लांट के लिए लगभग 1100 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इस निवेश से 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।
- रश्मि मेटलिक्स लिमिटेड ने इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के लिए 3800 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे 3000 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।
- सुप्रीम मेटल एक्सपोर्ट लिमिटेड ने रोल्ड स्टील प्लांट लगाने के लिए 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रस्ताव दे चुकी है। इससे 1500 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा।
- एसकेवाई कॉर्प ने मुख्यमंत्री को झारखंड में लेदर से जुड़े उत्पादों के निर्माण हेतु 400 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश का प्रस्ताव दिया। इस निवेश से 1000 से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। इससे झारखंड के लेदर उद्योग में एक नई क्रांति आयेगी।
- टैक्सटाइल एसोसिएशन ऑफ झारखंड तथा बंगाल में टेक्सटाइल उद्योग से जुड़े उद्यमियों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर झारखंड में निवेश की इच्छा जतायी। उन्होंने कहा कि झारखंड में टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश की काफी सम्भावनाएं हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें कहा कि राज्य में टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ाना देने के लिए सरकार जल्द ही नई पालिसी लेकर आयेगी।

मुख्यमंत्री ने झारखंड पवेलियन का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट- 2025 के तहत लगे झारखंड पवेलियन का उद्घाटन किया। इस पवेलियन में झारखंड के विभिन्न सेक्टरों द्वारा स्टॉल लगाये गये हैं।

इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सचिव मनोज कुमार, सचिव जितेंद्र सिंह और सचिव विप्रा भाल समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

कांग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा : मोदी...

ने माना था कि लाइसेंस परमिट के बिना कोई काम नहीं होता और उन्होंने यह भी कहा था कि लाइसेंस परमिट बिना रिश्वत के नहीं होता है। इस सदन में कांग्रेस के सदस्य मौजूद हैं, जिनके पिताजी के पास खुद के पैसे थे और वह कार खरीदना चाहते थे, लेकिन 15 साल तक उन्हें कार खरीदने के लिए इंतजार करना पड़ा था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कालखंड में अटकाना-भटकाना और लटकाना उनकी संस्कृति बन गयी थी। सरयू नहर परियोजना, बारामूला रेल लिंक परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने अटके-भटके प्रोजेक्ट्स को पूरा करने का काम किया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इस कल्चर से मुक्ति पाने के लिए हमने प्रगति नाम की व्यवस्था बनायी और वह स्वयं नियमित रूप से इस प्रगति प्लेटफॉर्म के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की विस्तार से मॉनिटरिंग करते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लकांग्रेस के पंजे से मुक्त होकर आज देश चैन की सांस ले रहा है और ऊंची उड़ान भी भर रहा है। कांग्रेस के लाइसेंस राज और उसकी कुनीतियों से बाहर निकलकर हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा दे रहे हैं। शाही परिवार के आर्थिक कुप्रबंधन और गलत नीतियों के कारण पूरे समाज को दोषी ठहराया गया और दुनिया भर में बदनाम किया गया।ह्व प्रधानमंत्री ने कहा कि इन प्रतिबंधों और लाइसेंस राज की नीतियों ने भारत को दुनिया में सबसे धीमी आर्थिक विकास दर में धकेल दिया। यह कमजोर विकास दर, इस विफलता ने दुनिया में 'हिन्दू की वृद्धि की दर' शब्द को गढ़ा। यह एक पूरे समाज का अपमान था, जो सत्ता में उन लोगों की विफलता का प्रतिबिंब था। संविधान निमार्ता बाबा साहेब अम्बेदकर को लेकर कांग्रेस पर हमला करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब से नफरत के चलते कांग्रेस ने दो-दो बार उनको चुनाव में पराजित करने के लिए क्या कुछ नहीं किया था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाज में जाति का जहर फैलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से विभिन्न दलों के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के सांसद ओबीसी पैनल को संवैधानिक मान्यता देने की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा, ह्लआज जातिवाद का जहर फैलाने का प्रयास हो रहा है, लेकिन तीन दशक तक, दोनों सदनों में सभी दलों के ओबीसी सांसद सरकारों से मांग करते रहे थे कि ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाये, लेकिन उनकी मांग को ठुकरा दिया गया। क्योंकि, शायद उस समय उनकी (कांग्रेस) राजनीति को यह शूट नहीं करता होगा।ह्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके बावजूद मौजूदा भाजपा नीत सरकार ने ओबीसी पैनल को संवैधानिक दर्जा दिया है। उन्होंने कहा, ‍जब भी आरक्षण का मुद्दा उठा, देश में दरार पैदा करने के लिए ऐसा किया गया।‍ मोदी ने कहा कि पहली बार हमने एक मॉडल दिया, हमने किसी से छीने बिना आर्थिक रूप से पिछड़े समूहों को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया। एससी, एसटी, ओबीसी समुदायों ने इसका स्वागत किया, किसी को कोई समस्या नहीं थी। प्रधानमंत्री ने आपातकाल लगाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और इसे पार्टी के भीतर शाही परिवार के अहंकार को बढ़ावा देनेवाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को निशाना बनाया और उस दौरान सरकार का समर्थन करने से इनकार करनेवाले अभिनेताओं, गायकों, कवियों और गीतकारों के खिलाफ कठोर कदम उठाये। उन्होंने इस संबंध में गायक किशोर कुमार और अभिनेता देव आनंद तथा बलराज साहनी जैसी प्रसिद्ध हस्तियों के खिलाफ कार्रवाई का जिक्र किया। उन्होंने प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाने को लेकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान जॉर्ज फर्नांडिस जैसे सांसदों को हथकड़ी लगा कर जेल में डाल दिया गया था।

मोदी ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की काव्यात्मक बहस के जवाब में सदन में शेर पढ़ा। उन्होंने कहा, ह्लतमाशा करनेवालों को क्या खबर, हमने कितने तूफानों को पार कर, दीया जलाया है।ह्व

प्रधानमंत्री 10 को देशभर के छात्रों से करेंगे 'परीक्षा पे चर्चा'...

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, सीबीएसई और नवोदय विद्यालय से हैं। इनमें से कुछ छात्र प्रेरणा स्कूल कार्यक्रम के पूर्व छात्र हैं, कला उत्सव और वीर गाथा के विजेता हैं। इन छात्रों को सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ने के लिए चुना गया है। पीपीसी-2025 में एक नया आयाम जोड़ा गया है। इसमें आठ एपिसोड में प्रधानमंत्री के साथ पहली बातचीत सीधे दूरदर्शन, स्वयं, स्वयंप्रभा, पीएमओ यूट्यूब चैनल और शिक्षा मंत्रालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया चैनलों पर प्रसारित की जायेगी। इस संस्करण में विविध क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी जो पीपीसी के 07 आगामी एपिसोड में छात्रों को जीवन और सीखने के प्रमुख पहलुओं पर मार्गदर्शन करते हुए अपने अनुभव और ज्ञान साझा करेंगी। इन सत्रों में भाग लेने वाले छात्रों को राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेशों, विभिन्न शैक्षिक संगठनों और राष्ट्रीय स्तर की स्कूल प्रतियोगिताओं से चयन की प्रक्रिया के माध्यम से भी चुना गया था।

विभिन्न मुद्दों पर केन्द्रित ये एपिसोड इस प्रकार हैं...

खेल और अनुशासन : एमसी मैरी कॉम, अवनी लेखरा और सुहास यतिराज अनुशासन के माध्यम से लक्ष्य निर्धारण, लचीलापन और तनाव प्रबंधन के बारे में बात करेंगे।

मानसिक स्वास्थ्य : दीपिका पादुकोण भावनात्मक कल्याण और आत्म-अभिव्यक्ति के महत्त्व पर चर्चा करेंगी।

पोषण : शोनाली सबरवाल और रुजुता दिवेकर स्वस्थ खाने की आदतों और शैक्षणिक सफलता में गुणवत्तापूर्ण नींद की भूमिका पर प्रकाश डालेंगी। खाद्य किसान के रूप में जाने जाने वाले रेवंत हिमात्सिंगका स्वस्थ जीवन शैली जीने के बारे में जानकारी देंगे।

प्रौद्योगिकी और वित्त : गौरव चौधरी (तकनीकी गुरुजी) और राधिका गुप्ता बेहतर सीखने और वित्तीय साक्षरता के लिए एक उपकरण के रूप में प्रौद्योगिकी का पता लगायेंगे।

रचनात्मकता और सकारात्मकता : विक्रांत मैसी और भूमि पेडनेकर छात्रों को नकारात्मक विचारों को देखने और छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे, जिससे सकारात्मक मानसिकता को बढ़ावा मिलेगा।

माइंडफुलनेस और मानसिक शांति : सद्गुरु छात्रों को मानसिक स्पष्टता और ध्यान बनाए रखने में मदद करने के लिए व्यावहारिक माइंडफुलनेस तकनीक साझा करेंगे।

सफलता की कहानियां : यूपीएससी, आईआईटी-जेईई, सीएलएटी, सीबीएसई, एनडीए, आईसीएसई आदि विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर्स के साथ-साथ पीपीसी के पिछले संस्करण के प्रतिभागी बतायेंगे कि कैसे परीक्षा पे चर्चा ने उनकी तैयारी रणनीतियों को प्रभावित किया और उन्हें प्रेरित किया।

एक झलक

इजरायली पुरुषों के साथ हमास के समलैंगिक लड़ाके ने किया रेप

न्यूयार्क : इजरायल पर हमले के बाद हमास के द्वारा कुछ इजरायली नागरिकों को बंधक बनाया गया था। इसमें पुरुष, महिला और बच्चे भी शामिल थे। बंधक के दौरान इजरायली नागरिकों के साथ अत्याचार हुए। हमास के एक समलैंगिक लड़ाके ने बंधक बने इजरायली पुरुषों का बलात्कार किया। फिलिस्तीनी समूह के गुप्त दस्तावेजों में इसका खुलासा हुआ है। जब हमास के टॉप कमांडर को इसकी जानकारी तब अपने गे साथी की पहचान कर उसकी तड़पा-तड़पाकर हत्या कर दी गई। रिपोर्ट के अनुसार, हमास के पास इसतरह के लड़ाकों की सूची थी जो समलैंगिकता में लिप्त थे। उन्हें इसके लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी। इस यौन अपराध में हमास के 94 लड़ाके शामिल थे। दस्तावेजों में बच्चों के साथ बलात्कार और यातना का भी खुलासा हुआ। यह स्पष्ट नहीं है कि हमास ने उन सभी लड़ाकों के साथ क्या किया। बता दें कि गाजा में समलैंगिकता अवैध है और इसके परिणामस्वरूप कई वर्षों की जेल या मृत्यु हो सकती है।

मुजीबुर रहमान के आवास पर बुलडोजर एक्शन

ढाका : बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के आवास पर बुलडोजर चल गया है। एक दिन पहले ही आवास पर तोड़फोड़ और आगजनी हुई थी। खबरें हैं कि मौके पर एक फिलिस्तीनी झंडा भी दिखाई दिया है। खास बात है कि सोशल मीडिया पर पहले ही बुलडोजर जुलूस की अपील की जा रही थी। यह सब तब हुआ, जब शेख हसीना लोगों को संबोधित करने की तैयारी कर रही थीं। तभी गुस्सायी भीड़ ने शेख मुजीबुर रहमान के धानमंडी इलाके में स्मारक और आवास पर जमकर तोड़फोड़ की थी। साथ ही उनके आवास में आग लगा दी गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, अब गुरुवार सुबह शेख के आवास पर बुलडोजर चला गया है। साथ ही मौके पर एक युवक को फिलिस्तीन का झंडा भी लहराते दिखाई दिया है।

इस्माइली मुसलमानों के नये गुरु बने रहीम अल-हुसैनी

रियाद : इस्माइली मुसलमानों के गुरु आगा खान का 4 फरवरी को निधन हो गया था। मौलाना शाह करीम अल हुसैनी, इस्माइली मुसलमानों के 49वें इमाम थे। प्रिंस शाह करीम की दुनिया से विदाई के बाद बेटे रहीम अल-हुसैनी को बुधवार को आगा खान का पद दिया गया है। आगा खान दुनिया के लाखों इस्माइली मुसलमानों के धार्मिक गुरु थे। पिता के बाद रहीम अल-हुसैनी इस्माइली मुसलमानों के 50वें इमाम बन गए हैं। रहीम अल-हुसैनी की उम्र 53 साल है और उनको आगा खान फाइन (पांचवां) के रूप में नामित किया गया है। शायद बहुत सारे लोगों ने पहली बार ह्लआगा खानह्व शब्द सुना होगा और इस टाइटल का क्या मतलब होता है, यह जानने के लिए उत्साहित होंगे। मुसलमानों में शिया और सुन्नी होते हैं। वैसे ही इस्माइली मुसलमान भी होते हैं। आगा खान इस्माइली मुसलमानों के धर्म गुरु होते हैं। आगा खान को उनके अनुयायी इस्लाम के पैगंबर मोहम्मद साहब का वंशज मानते हैं और उन्हें राज्य के प्रमुख के रूप में माना जाता है।

शिवपुरी में वायुसेना का फाइटर प्लेन क्रैश

- दोनों पायलट सुरक्षित, वायुसेना ने दिये जांच के आदेश
- ग्वालियर से तीन फाइटर प्लेन ने भरी थी उड़ान, एक फाइटर प्लेन हुआ क्रैश

एजेंसी

शिवपुरी : मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में गुरुवार को भारतीय वायुसेना का एक फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश हो गया है। आसमान में उड़ते हुए फाइटर प्लेन अचानक खेत में गिरा और उसमें आग लग गई। प्लेन में दो पायलट थे। हादसे से पहले दोनों पायलटों ने खुद को इजेक्ट कर लिया था। दोनों ही सुरक्षित हैं। यह ट्विन सीटर मिराज-2000 था। घटना की जानकारी मिलते ही वायुसेना की टीम हेलिकॉप्टर से मौके पर पहुंची और दोनों पायलटों को ग्वालियर लेकर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि तीन फाइटर प्लेन ने ग्वालियर से नियमित प्रशिक्षण उड़ान भरी थी। इनमें से दो प्लेन सुरक्षित लौट गए, जबकि एक क्रैश हो गया। वायुसेना ने हादसे की शुरूआती वजह सिस्टम में खराबी बताते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

शिवपुरी जिले के नरवर तहसील अंतर्गत ग्राम बहरेटा सानी में आज दोपहर बाद 2.40 बजे वायुसेना का एक फाइटर प्लेन मिराज-2000 क्रैश होकर किसानों के खेत में जा गिरा और उसमें आग लग गई, जिससे प्लेन जलकर खाक हो गया है। धुआं दिखते ही गांव के लोग मौके की तरफ भागने लगे। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। हालांकि, प्लेन में सवार दोनों पायलट पूरी तरह से सुरक्षित हैं। घटना के बाद घायल पायलट की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें वह मोबाइल पर किसी से बात करते दिख रहे हैं।

करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई ने बताया कि फाइटर प्लेन में दो पायलट थे। हादसे से पहले दोनों पायलटों ने खुद को इजेक्ट कर लिया था। दोनों ही सुरक्षित हैं। घटना की जानकारी पर एयरफोर्स की टीम हेलिकॉप्टर से मौके पर पहुंची और दोनों पायलटों को ग्वालियर लेकर रवाना हो गई।

एडिशनल एसपी संजीव मुले ने बताया कि करीब ढाई बजे ग्रामीणों ने प्लेन क्रैश की सूचना दी। ग्वालियर एयरफोर्स का प्लेन है, जिसमें दो पायलट हैं, दोनों को मामूली चोटें हैं। हादसे में किसी ग्रामीण को चोट नहीं पहुंची है। घायल पायलटों को हेलिकॉप्टर से ग्वालियर ले जाया गया है। विमान के पायलट ने हादसे के बाद मोबाइल फोन के जरिए अपने वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जोशी, जाधव बोल रहा हूं...। वेस्ट में मैं इजेक्ट हुआ हूं। जहां पर एयरक्राफ्ट क्रैश हुआ है, मैं वहां पर हूं, आसानी से देख सकते हो। मेरे साथ भोला सर थे। प्लीज जल्दी से मदद भेजो। पायलट जाधव ने अपनी लोकेशन बताई। उन्होंने कहा कि एयरक्राफ्ट जल रहा है, ऊपर से दिख जाएगा।

पर्यावरण सुरक्षा सिर्फ सरकारी एजेंडा नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की जिम्मेदारी भी है : डॉ. प्रेम कुमार

एजेंसी

पटना : पटना में पर्यावरण संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने की। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि संत आने पर संस्कृत सुंदर हो जाती है, बसंत आने पर प्रकृति सुंदर हो जाती है। बसंत ऋतु के अवसर पर वर्ष 2025 की मेर पर चल कर कुछ कल्पना करें, सुंदर संसार बनाने का सपना देखें और साकार करें, यही होगी जीवन की सार्थकता। उन्होंने कहा कि पर्यावरण शब्द संस्कृत भाषा के 'परि' उपसर्ग, जिसका अर्थ होता है 'चारों ओर' और आवरण अर्थात 'पर्दा' से मिल कर बना है। ऐसी चीजों का समुच्चय, जो किसी व्यक्ति या जीवधारी को चारों ओर से घेरे (आवृत्ति) किये हुए हैं, पर्यावरण है।

अंग्रेजी में इसे Environ+Ment _Enviroment कहते हैं।

डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज पर्यावरण एक जरूरी सवाल ही नहीं, बल्कि पूरे संसार के लिए ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है। लोगों में इसको लेकर जागरूकता बढ़ी है। आज हम सब इसी विषय को लेकर संवाद करने के लिए एकत्रित हुए हैं। ग्रामीण समाज को छोड़ दें, तो नगरीय जीवन में पर्यावरण के लिए खास उत्सुकता नहीं पायी जाती है। पर्यावरण सुरक्षा सिर्फ सरकारी एजेंडा नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की जिम्मेदारी भी है। स्वस्थ जीवन के लिए, शुद्ध ऑक्सीजन के लिए हमारा दायित्व है। इसे चैलेंज के रूप में लें। प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग के बगैर पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एक सपना ही बना रहेगा। प्रकृति से जुड़ कर ही मानव ज्यादा सुरक्षित रहा है। प्रकृति एवं पर्यावरण से छेड़छाड़ सदा ही जीव के विनाश का कारण बना है। जैव मंडल पृथ्वी का वह भाग है, जिसमें जीवधारी पाये जाते हैं और वह भाग स्थल मंडल, जल मंडल एवं वायुमंडल है। जलचर, नभचार और स्थलचर प्राणी इस धरा पर पाये जाते हैं। ऑक्सीजन और पानी की भरपूर मात्रा होने के कारण ही पृथ्वी पर जीव के होने का कारण है।

ज्यादातर पर्यावरणीय समस्याएं मानव जनसंख्या और मानव द्वारा संसाधनों के अत्यधिक दोहन और शोषण के कारण हुई है।आज पृथ्वी पर रहनेवाले सभी जीवों के अस्तित्व पर खतरा है। बढ़ते प्रदूषण की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जल प्रदूषण, मिट्टी प्रदूषण, वायु प्रदूषण, खाद्यान्न प्रदूषण हो रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण फसल चक्र एवं फसल उत्पादन प्रभावित हुए हैं। अत्यधिक गर्मी और असमय वर्षा और अति वृष्टि, ओला वृष्टि, सुखार, बाढ़ आदि हो रहे हैं। जैव विविधता का क्षरण के कारण विलुप्त हो रहे हैं जीव। जीवों की विलुप्ति के कारण पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित हो रहे हैं। और प्राकृतिक आपदाएं ; जैसे चक्रवात, तेज तूफान, भूकम्प, ज्वालामुखी का फटना, सुनामी, अत्यधिक वारिस और सुखार आदि हमारे लिए तबाही ला रही है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए क्या-क्या करने योग्य कार्य हैं, जिसे हमें अपनाने की आवश्यकता है। इसी पर संवाद करने के लिए हम सब आज एकत्रित हुए हैं। आज के विचार मंथन में जो अमृत निकल कर आयेगा, उसे हम सब अपने जीवन के कर्म क्षेत्र में अपना कर और दूसरे को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन हम सब करेंगे।

इस समूचे ब्रह्मांड में पृथ्वी ही एक अनमोल ग्रह है, जहां जीव का वास है।

आईए, हम सब मिल कर एक बार फिर से इस पृथ्वी को सुंदर बनाये, पर्यावरण को संरक्षित करें, स्वस्थ जीवन पायें और सभी जीवों सहित पर्यावरण व प्रकृति को बचायें।

कार्यक्रम को बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सभा का उद्घाटन करते हुए सम्बोधित किया। अतिथि के रूप में कुम्हरार विधायक अरुण कुमार सिन्हा, पटना महानगर की महापौर सीता साहू, उप महापौर रश्मि चंद्रवंशी, पर्यावरण विद्रण विजय रोशन, विभाग के सचिव वंदना प्रियसी, जेपी सेनानी नंदकिशोर सिंह, सामाजिक नेता शिवपूजन चंद्रवंशी, संजय निषाद, पवन देव चंद्रवंशी, लक्ष्मी प्रजापति, नीलम सिंह चंद्रवंशी, प्रकाश चंद्रवंशी, हरे राम चंद्रवंशी सहित सैकड़ों की संख्या में पटनावासियों ने शपथ ली कि पर्यावरण का संरक्षण करेंगे।

मध्य प्रदेश को जल्द मिलेगा एक नया टाइगर रिजर्व : मोहन

- प्रदेश में वन्यजीवों के लिए बना अनुकूल वातावरण, चीतों की संख्या बढ़ी

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश को जल्द ही एक नया टाइगर रिजर्व मिलने वाला है। माधव टाइगर अभ्यारण्य जल्द ही राज्य का नौवां टाइगर रिजर्व बनेगा। इसके लिए केंद्र सरकार की स्वीकृति मिल गई है। नए टाइगर रिजर्व की अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है। इसके लिए औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया अंतिम दौर में है। माधव टाइगर अभ्यारण्य के टाइगर रिजर्व बनने से चंबल अंचल में वन्य जीवों की संख्या बढ़ेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि मध्य प्रदेश वन्य जीवन संरक्षण में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कूनो में वीरा के दो नए शावकों को मिलाकर कुल 26 चीते हो गये हैं। इन चीतों की मॉनिटरिंग के लिये दो दल गठित किए गए हैं। बुधवार को कूनो क्षेत्र में पांच चीते छोड़े गए, इनमें से तीन का जन्म तो प्रदेश में ही हुआ है। इस प्रकार अब सात चीते स्वयं को मध्य प्रदेश की आबोहवा में ढाल रहे हैं। पहले छोड़े गए चीते न केवल शिकार कर रहे हैं, अपितु कुशलता से जंगल में विचरण कर रहे हैं।

ओटीटी में काम करना चाहती हैं जेनेलिया

नयी दिल्ली : साउथ फिल्मों से अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने वाली जेनेलिया ने बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई। जेनेलिया अब ओटीटी पर काम करना चाहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में जेनेलिया ने वेब सीरीज में काम करने की इच्छा जताई। जेनेलिया साउथ फिल्मों के साथ ही हिंदी, मराठी समेत कई भाषाओं में फिल्में कर चुकी हैं। जेनेलिया ने दिए एक साक्षात्कार में कहा, 'मैं ओटीटी पर काम करना पसंद करूंगी। चाहे वह छोटी हो या लंबी, मेरे लिए जो मायने रखता है कि मैं अपने प्रशंसकों तक उस कंटेंट को कैसे पहुंचाती हूं, यह मेरे लिए महत्वपूर्ण है। मेरा व्यक्तित्व ऐसा है कि मैं किसी भी तरह की भूमिका निभा सकती हूं। काम तो काम है। मैंने बहुत पहले साउथ सिनेमा में काम करना शुरू कर दिया था। मुझे साउथ सिनेमा में काम करने पर गर्व है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में काम किया है। मैं फिल्मों को एक माध्यम के रूप में देखती हूं। मैं हमेशा काम करने के लिए उत्साहित रहती हूं। मैं लंबे समय से इंतजार कर रही हूं।' इस बीच, जेनेलिया और रितेश देशमुख महाराष्ट्र के प्यारे दादा और भाभी हैं। फिल्म उद्योग में उन्हें आदर्श जोड़ी के रूप में देखा जाता है। उनके दो बच्चे हैं।

सेना की मारक क्षमता बढ़ेगी, खरीदे जायेगे पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम

एजेंसी

- रक्षा मंत्रालय ने ईईएल और एमआईएल के साथ 10,147 करोड़ के अनुबंध पर किये हस्ताक्षर

नयी दिल्ली : रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए गुरुवार को पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए कुल 10,147 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। पिनाका के लिए इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव लिमिटेड (ईईएल) और म्यूनिशन इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसके अलावा शक्ति सॉफ्टवेयर में अपग्रेड के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ सौदा किया गया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) ने 29 जनवरी को इस सौदे के लिए मंजूरी दी थी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने पिनाका रॉकेट और लॉन्चरों का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सेना ने चार पिनाका रेजिमेंट को शामिल किया है, जिनमें से कुछ लॉन्चर चीन के साथ उत्तरी सीमाओं के साथ ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी तैनात किए गए हैं।

हिन्दू युवाओं में संस्कारों का हो रहा क्षरण : बांगड़ा

महाकुम्भ नगर : विश्व हिन्दू परिषद के प्रन्यासी मण्डल व केन्द्रीय प्रबंध समिति की त्रिदिवसीए बैठक सात फरवरी से झूंसी स्थित महाकुम्भ मेला क्षेत्र में बने विहिप के महाशिविर में होगी। इस बैठक में हिन्दू युवाओं की सामाजिक चुनौतियां जैसे हिन्दू युवाओं में संस्कारों का क्षरण, धार्मिक आस्था के प्रतीकों में कमी आना, विवाह देर से होना व युवाओं में नशे की लत जैसे विषयों पर चर्चा होगी। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री बजरंग लाल बांगड़ा ने गुरूवार को विहिप के शिविर में आयोजित प्रेसवार्ता में दी।

भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24-25 को

एजेंसी

- पहली बार एक मंच पर होंगे हर क्षेत्र के विशेषज्ञ, नीति निर्माता और निवेशक
- मुख्यमंत्री बोले- औद्योगिक विकास के नये युग की ओर अग्रसर मध्य प्रदेश

भोपाल : मध्य प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से आगामी 24-25 फरवरी को राजधानी भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) का आयोजन होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को इसका शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश अपने रणनीतिक प्रयासों से औद्योगिक विकास के नए युग की ओर अग्रसर है। निवेशकों को अधिक प्रभावी अवसर देने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में राज्य के प्रमुख छह सेक्टर्स पर केंद्रित समिट के आयोजन की महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। यह पहली बार होगा जब हर सेक्टर के विशेषज्ञ, नीति-निमार्ता और निवेशक एक मंच पर आकर विशेषज्ञ चचाओं, अवसरों और नीतिगत सुधारों पर संवाद करेंगे। इससे निवेश प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाया जा सकेगा।

देश का आकर्षक डेस्टिनेशन बनता मध्य प्रदेश-

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि मध्य प्रदेश की अद्वितीय भौगोलिक स्थिति, समृद्ध प्राकृतिक संसाधन, विकसित बुनियादी ढांचा और उद्योग-अनुकूल नीतियां इसे निवेश के लिए देश का सबसे आकर्षक डेस्टिनेशन बनाती हैं। शहरी विकास, पर्यटन, माइनिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, आईटी और एमएसएमई, ये सभी क्षेत्र अपनी असीमित संभावनाओं और अनुकूल वातावरण से निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। मध्य प्रदेश न केवल देश का पहला डायमंड प्रोड्यूसिंग स्टेट है, बल्कि ग्रीन एनर्जी हब, विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र और उभरते हुए टेक्नोलॉजी हब के रूप में भी अपनी पहचान बना रहा है। इन विभागीय समिट से सरकार निवेशकों को नीतिगत प्रोत्साहन, संसाधनों की उपलब्धता और औद्योगिक ईको सिस्टम की मजबूती से अवगत कराएगी। इससे जीआईएस में होने वाली चचाएं वास्तविक निवेश प्रस्तावों में तब्दील हो सकेंगी।